राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 केजरीवाल का बड़ा ऐलान: दिल्ली में पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने मिलेंगे ...

रूसी गैस अस्वीकार करने पर यूनान को अधिक भुगतान करना ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 255 | नई दिल्ली, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	79,005
चांदी	92,500
सेंसेक्स	81,786
निफ्टी	24,668

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी : राजनाथ

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि तेजी से बदलती परिस्थितियों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी है और सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र सैनिकों को इससे लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सिंह ने मध्य प्रदेश के महू में आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, आज के लगातार विकसित होते समय में प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है, और सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। युद्ध के तरीकों में आ रहे आमूलचूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, विद्युत-चुंबकीय युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे गैर परंपरागत तरीके आज के समय में बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महू प्रशिक्षण केन्द्र इन प्रयासों में बहुमूल्य योगदान दे रहा है। उन्होंने बदलते समय के साथ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए लड़ने के लिए तैयार करने के लिए केंद्रों की सराहना की। सिंह ने सरकार के 2047 तक देश को विकसित बनाने के विजन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान दौर को संक्रमण काल बताया।

उन्होंने कहा कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और तेजी से विनिर्माण हब के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टि से हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम अन्य देशों को भी भारत में निर्मित उपकरण निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में सशस्त्र बल एक साथ मिलकर बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से इन्फैंट्री स्कूल में हथियार प्रशिक्षण, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में एआई और संचार प्रौद्योगिकी तथा एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड में नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि भविष्य में कुछ अधिकारी रक्षा अताशे के रूप में काम करेंगे और उन्हें वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप रक्षा अताशे का पद संभालेंगे, तो आपको सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। रक्षा मंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा, आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक हम न केवल एक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे, बल्कि हमारी सशस्त्र सेनाएं दुनिया की सबसे आधुनिक और सबसे मजबूत सेनाओं में से एक होंगी। श्री सिंह ने अधिकारियों से डॉ. बीआर अंबेडकर के समर्पण और भावना के मूल्यों को आत्मसात करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहब को न केवल भारतीय संविधान का निमार्ता बताया, बल्कि एक दूरदर्शी मार्गदर्शक भी बताया। उन्होंने लोगों, खासकर युवाओं को उनके मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, राष्ट्र की रक्षा के लिए यह समर्पण और लगातार बदलती दुनिया में खुद को अपडेट रखने की यह भावना हमें दूसरों से आगे ले जा सकती है।

संक्षिप्त खबरें

सपा ने सीएम फडणवीस से किया आग्रह, मार्च 2025 से पहले लंबित बीएमसी चुनाव कराएं

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक रईस शेख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर राज्य सरकार से बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सहित स्थानीय निकायों के लंबे समय से लंबित चुनाव 7 मार्च 2025 से पहले कराने का आग्रह किया है।सपा नेता ने उपमुख्यमंत्री और शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे को भी संबोधित पत्र में महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों में लोकतांत्रिक शासन बहाल करने में हो रही देरी को उजागर किया।शेख ने अपने पत्र में कहा कि बीएमसी 7 मार्च 2022 से निर्वाचित प्रतिनिधियों के बिना काम कर रही है, जब इसका पिछला कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वर्तमान प्रशासक 7 मार्च 2025 तक अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे करने वाले हैं। उन्होंने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गर्व की बात नहीं है कि देश की आर्थिक राजधानी इतने लंबे समय तक जनप्रतिनिधियों के बिना चल रही है। शेख ने यह भी कहा कि राज्य में 29 नगर निगमों, 228 नगर परिषदों, 29 नगर पंचायतों, 26 जिला परिषदों और 289 पंचायत समितियों के चुनाव अभी लंबित हैं।

महत्वपूर्ण खबर

पीएम मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया। कार्टर का रविवार को निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स को लिखा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुखी हूं। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे, उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक काम किया। पीएम मोदी ने लिखा, भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनका योगदान एक स्थायी विरासत छोड़ गया है। उनके परिवार, दोस्तों और अमेरिका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। कार्टर का रविवार को 100 वर्ष की आयु में प्लेन्स, जॉर्जिया स्थित अपने घर में निधन हो गया। वह अमेरिकी इतिहास में सबसे ज्यादा समय तक जीवित रहने वाले पूर्व राष्ट्रपति थे। अक्टूबर में ही उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।

एनआईटी त्रिची ग्लोबल एलुमनाई मीट का आयोजन 4 जनवरी को

नई दिल्ली। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. जी. अधिला ने सोमवार को बताया कि ग्लोबल एलुमनी मीट -2025 का आयोजन 4 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। डॉ. अधिला ने एक बयान में बताया कि जीएएम-2025 में टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि और तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गूगल में एआई के लिए मुख्य व्यवसाय रणनीतिकार गोपी कल्लयिल कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे।

तिब्बती पठार और चीन के आधा दर्जन शहरों को निशाना बनाने में सक्षम हुआ भारत

लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल सशस्त्र बलों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। यह हाइपरसोनिक मिसाइल 1500 किमी से अधिक की सीमा के साथ तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में भारत को सक्षम बनाएगी। भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है। यह मिसाइल वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ के मुताबिक यह अभी तक की सबसे लंबी दूरी की एकमात्र पारंपरिक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका परीक्षण 16 नवंबर की देर रात किया गया। यह लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी। यह 1500 किमी से अधिक की घोषित सीमा के साथ भारत को तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम बनाएगी।

- डीआरडीओ के मुताबिक यह अभी तक की सबसे लंबी दूरी की एकमात्र पारंपरिक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका परीक्षण 16 नवंबर की देर रात किया गया।
- डीआरडीओ ने 13 दिसंबर को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है।

हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज में चीन के शहर चांगजी, उरुमकी, गोलमुंड, उक्सकताल, झांगये, गुइलिन में पश्चिमी थिएटर कमांड और दक्षिणी थिएटर कमांड के एयरबेस आएंगे। इस मिसाइल का लैंड अटैक वर्जन 1500 किमी से अधिक अंदर तक निशाना लगाने में मदद करेगा। डीआरडीओ ने 13 दिसंबर को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी।

डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।

एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ। इसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया।

राहुल-प्रियंका ने देवास मामले पर सरकार को घेरा

गांधी ने इस संबंध में एक्स पोस्ट में कहा, 'एक तरफ मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनो घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं।

प्रात : किरण/ एजेंसी

भोपाल/नई दिल्ली। मध्यप्रदेश के देवास जिले में कथित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में एक युवक की मौत को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। श्री गांधी ने इस संबंध में एक्स पोस्ट में कहा, 'एक तरफ मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनो घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं - सरकार की शह के बिना ये संभव नहीं है। देश के बहुजनों के साथ ऐसी बर्बरता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम उनके साथ हैं, उनके संवैधानिक अधिकारों के लिए और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।' श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान और कमजोर वर्गों पर अत्याचार ही भाजपा के शासन का मूलमंत्र है। देवास, मध्य प्रदेश में पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत का मामला अत्यंत गंभीर है। परिवार का आरोप है कि पुलिस क्रूरता की वजह से युवक की जान चली गई। इसके पहले महाराष्ट्र के परभणी से दलित परिवारों पर अत्याचार व पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मृत्यु की खबर आई थी। लगता है भाजपा राज में दलितों, आदिवासियों और वंचितों पर पुलिस को कमजोर वर्गों पर अत्याचार की खुली छूट मिली हुई है।' कांग्रेस नेताओं के इस बयान पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संवेदनशील घटना में जाति और धर्म ढूंढने वाले राहुल गांधी का यह गैर-जिम्मेदाराना बयान कोई नई बात नहीं है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है जो सख्त और संवेदनशील दोनों है। देवास घटना का संज्ञान आते ही सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है। घटनाक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के पालन में प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जाँच हेतु जेएमएफसी कन्नौद को जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया।

मनमोहन के घर परिजनों से मिलने गई सोनिया-प्रियंका

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के सदस्यों से मिलने उनके आवास पर गयीं और पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि परिजनों से बातचीत के दौरान श्रीमती गांधी और श्रीमती वाड्रा ने महसूस किया की डॉ सिंह के अंतिम संस्कार के समय परिवार से जुड़े कई सदस्य चिता स्थल तक नहीं पहुंच सके जिसके कारण

उन्हें काफी कष्ट हुआ। स्थिति को देखते हुए परिजनों को डॉ सिंह के फूल चुनने और अस्थि विसर्जन के लिए निजात के साथ काम करने का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा, परिवार की निजता का सम्मान करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियों को चुनने और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गए। हमारे प्रिय दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार के बाद श्रीमती सोनिया गांधी जी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने उनके निवास पर परिवार से मुलाकात की। श्री खेड़ा ने कहा, उनसे चर्चा करने के बाद, यह महसूस किया गया कि चूंकि अंतिम संस्कार के समय परिवार को कोई निजता नहीं मिली और परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर नहीं पहुंच पाए, इसलिए उन्हें फूल चुनना और अस्थियों के विसर्जन के लिए कुछ निजता देना उचित होगा, जो कि करीबी परिवार के सदस्यों के लिए भावनात्मक रूप से पीड़ादायक और कठिन वक़्त होता है।

किसानों के धरने के कारण झेलम एक्सप्रेस को जालंधर कैंट पर रोका गया, यात्री बोले- 'खाना नहीं मिलने से हो रही परेशान'

प्रात : किरण/ एजेंसी

जालंधर। पंजाब में किसानों के धरने को लेकर पुणे से जम्मू की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस को जालंधर कैंट पर रोक लिया गया है। एक्सप्रेस शनिवार को पुणे से चली थी और सोमवार को जालंधर पहुंची। ट्रेन में सवार यात्री पिछले तीन दिन से सफर कर रहे हैं। उन्हें अब जालंधर में शाम को 4:00 बजे तक इंतजार करना पड़ेगा। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री अमित ने बताया कि वह जम्मू का रहने वाला है। मैं जम्मू से पहले शिरडी के लिए गया था। अब पुणे से झेलम एक्सप्रेस में सवार होकर अपने घर की ओर जम्मू जा रहा था। लेकिन किसानों के धरने की वजह से ट्रेन को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है।

उन्होंने बताया कि धरने को लेकर उनके पास खाने का भी कोई इंतजाम नहीं है। ट्रेन में भी शुद्ध शाकाहारी खाना ना मिलने से वह काफी परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ छोटे-छोटे बच्चे भी हैं, जिनके खाने पीने को लेकर बहुत सी परेशानी सामने आ रही है। दूसरे यात्री भारत भूषण ने बताया कि वह पुणे से माता वैष्णो देवी पर माथा टेकने के लिए शनिवार को झेलम एक्सप्रेस में बैठे थे।

बीपीएससी परीक्षा को ले छात्र संगठनों का चक्का जाम आज

प्रात : किरण/ एजेंसी

सीवान। बीपीएससी परीक्षा को लेकर शुरू हुआ आइसा व आरवाईए का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा। इसके विरोध में छात्र संगठनों ने 30 दिसंबर को बिहार में चक्का जाम करने का एलान किया है। साथ ही, बीपीएससी की पुनर्परीक्षा लेने की मांग की है। इसी क्रम में शहर के विभिन्न चौक-चौराहे पर रविवार को आइसा-आरवाईए ने नुक्कड़ सभा की। नुक्कड़ सभा के माध्यम से बीपीएससी परीक्षा को पुनः कराने की मांग की गई। इस दौरान आंदोलनरत छात्रों पर से फर्जी मुकदमा वापस लेने, सरकार की नाकामियों के चलते आत्महत्या करने वाले छात्र सोनू के परिजनों को पांच करोड़ रुपये मुआवजा देने के सवाल पर 30 दिसंबर को शिक्षण संस्थानों से अपने-अपने संस्थान को बंद रखने की मांग की गई। वहीं राज्य में आईसा-आरवाईए के तत्वावधान में आयोजित चक्का जाम को सफल बनाने की अपील की गई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव जयशंकर पंडित ने कहा बिहार में होने वाली तमाम परीक्षाओं में पेपर लीक हो रही है।

महाकुंभ 2025 योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद 'महाकुंभ नगर' को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है।

पीएम मोदी के 'डिजिटल महाकुंभ' के विजन को सीएम योगी कर रहे साकार

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुंभ नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल महाकुंभ के विजन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ 2025 में साकार कर रहे हैं। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद 'महाकुंभ नगर' को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। 'महाकुंभ 2025' में पहली बार मेला को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है।

महाकुंभ भूमि एवं सुविधा आवंटन की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाओं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है, जिससे ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदक अपनी जमीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है। कुंभ 2019 में 5,500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं

उनके आवंटन का डिजिलाइजेशन किया गया है। इस बार पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु-संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है।

महाकुंभ सनातन के धार्मिक अनुष्ठानों का महायज्ञ है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। वहीं, लाखों लोग महाकुंभ के दौरान कल्पवास करेंगे। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला के लिए 25 सेक्टर में फैले 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है। सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई-रिजॉल्यूशन के नक्शे, जीआईएस बेस लेयर और 0.5 सेमी की एक्यूरेसी के साथ जियो-रेफरेंस कोड फाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं, थाने, चौकियां, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, अस्पताल, पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग जोन, शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि शामिल हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पारदर्शिता बरतने और सभी को अवसर देने के लिए जो संस्थाएं कुंभ 2019 में मेला का हिस्सा रहीं हैं, उनके भी आवेदनों को स्वीकार किया है। इसके लिए मेला प्राधिकरण ने स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार किया है और पोर्टल पर 29 अक्टूबर 2024 से 12 नवंबर 2024 तक आवेदन प्राप्त किए। भूमि और सुविधा आवंटन के लिए कुंभ 2019 के डेटा का विश्लेषण किया गया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सकुशल घर वापसी का 'फुल प्रूफ प्लान'

महाकुंभनगर। मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुंभ में आने वाले 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उन्हें सुगमता से मेले तक पहुंचाने के साथ ही सकुशल घर वापसी का फुल प्रूफ प्लान तैयार किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अगले महीने प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने मजबूत सात चक्रीय सुरक्षा घेरा बनाया है जिसमें प्रयागराज पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रयागराज पुलिस कुम्भ मेला पुलिस के लिए बाहरी घेरे का काम करेगी। उन्होंने बताया कि इस बाहरी घेरे को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रयागराज पुलिस ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई पुलिस थाने और चौकियां स्थापित की हैं। इसके अलावा पीएसी, एनडीआरएफ, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, बीडीडीएस, एएस चेक टीम मुस्तैदी से तैनात रहेंगी। कुम्भ मेले के दौरान मेला क्षेत्र के अलावा शहर और ग्रामीण क्षेत्रो के लिए पुलिस फोर्स रिजर्व में भी रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अब 44 नहीं बल्कि 57 थाने होंगे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, हवाई अड्डे और अन्य मार्गो से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित मेला क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने नए अस्थाई थाने और चौकियां स्थापित की हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने बताया कि 13 अस्थाई पुलिस थाने और 23 चौकियां स्थापित की जा रही हैं। साथ ही अर्द्धसैनिक बल, पीएसी, बम निरोधक दस्ता और अन्य बल भी तैनात रहेंगे। आयुक्तालय क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

लेनदेन को लेकर ग्राम प्रधान से मारपीट, पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर ग्राम प्रधान से पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग में चालान कर दिया। ज्वालापुर क्षेत्र में भी झगड़ा करने पर दो पक्षों के तीन लोगों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात सूचना मिली कि ग्राम गढ़ में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया है। सूचना पर सुमननगर चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जहां पहुंचकर पता चला कि रुपयों के लेनदेन को लेकर ग्राम प्रधान जावेद हसन के साथ झगड़ा किया गया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन दो लोग मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपी महफूज और उसके पुत्र अमन निवासीगण ग्राम गढ़ का शांतिभंग में चालान कर दिया। इधर, ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात दो पक्षों में झगड़ा होने की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जहां झगड़ा कर रहे तीन लोगों को समझाया, लेकिन वह नहीं माने। तीनों को हिरासत में ले लिया गया। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि आरोपी संजय सैनी, शिवम सैनी, अंकित सैनी निवासीगण ग्राम जियापोता थाना कनखल का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

तेज रफ्तार डंपर से बचने के दौरान सड़क से नीचे पलटी टैक्सी

नई टिहरी/घनसाली, एजेंसी। भागीरथीपुरम और घनसाली में शनिवार दोपहर दो वाहन दुर्घटनाएं हुई। गनीमत रही किसी को कोई चोट नहीं आई। वहीं भागीरथीपुरम में चालक द्वारा गलत तरीके से ओवरटेक करने से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे जाम लग गया। कोतवाली निरीक्षक अजय कुमार जाटव ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे भागीरथीपुरम मोटर मार्ग पर बागी के आगे सेलूपानी के पास नई टिहरी की तरफ जा रहे एक वाहन चालक ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक किया। इस दौरान वह सामने से आ रहे वाहन से टकरा गया, जिससे तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से साइट कर यातायात सुचारू कराया। उधर, घनसाली थानाध्यक्ष संजीव कुमार थपलियाल ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वाहन चालक मयंक राणा (28) पुत्र राजेंद्र राणा निवासी चानी सवारियों को लेकर घनसाली से चमियाला की तरफ जा रहा था। इस दौरान बाल गंगा डिग्री कॉलेज के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर से बचने के दौरान टैक्सी सड़क से नीचे पलट कर झाड़ियों में अटक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सड़क से नीचे पलटे वाहन में सवार सभी छह लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि वाहन में सवार चालक सहित सभी छह लोगों को खरोंच तक नहीं आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद ट्रक चालक को छोड़ दिया गया।

वन्य जीवों को ले जा रहे ट्रकों को पकड़ा, जांच शुरू

रूड़की, एजेंसी। वन विभाग की टीम ने वन्य जीवों को ले जा रहे चार से पांच ट्रकों को रोक लिया और चालकों से जानकारी ली। साथ ही दस्तावेज दिखाने की बात कही लेकिन वह कुछ नहीं दिखा पाए। इस पर वन विभाग की टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है। शनिवार देर शाम कुछ लोग चार से पांच ट्रकों में हाथी, घोड़ी और अन्य वन्य जीव व कुछ सामान भरकर भगवानपुर टोल प्लाजा के पास से गुजर रहे थे। किसी की नजर ट्रकों पर पड़ी तो उसने सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम पूनम, नरेंद्र सैनी, रेंजर विनय राठी टीम के साथ टोल प्लाजा पहुंचे और ट्रकों को रोक लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने ट्रक में सवार लोगों से वन जीवों के बारे में जानकारी ली और कागज दिखाने की बात कही लेकिन वह कुछ दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इस बीच पता चला कि वह जालंधर से पटना के लिए ट्रक लेकर निकले थे।

पहाड़ पर थमी बर्फबारी

गंगोत्री-यमुनोत्री व बदरीनाथ हाईवे बंद

गढ़वाल, एजेंसी। उत्तराखंड में दो दिन बाद रविवार को वर्षा-बर्फबारी का क्रम थमा और पूरा दिन धूप खिली रही। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्वारियां कुछ कम हुईं। साथ ही लोगों को कड़ाके की ठंड से भी थोड़ी राहत मिली। बर्फबारी से अवरुद्ध कई मार्ग खोल दिए गए हैं। हालांकि, अब भी सड़कों पर बर्फ की मोटी चादर बिछी होने से गंगोत्री, यमुनोत्री व बदरीनाथ हाईवे समेत 10 मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है।

गंगोत्री धाम और एक दर्जन से अधिक गांवों में बिजली गुल है। न्यूनतम तापमान गिरने से जलस्रोत जम गए हैं। पेयजल लाइनों से भी सुबह और रात के समय पानी की आपूर्ति अवरुद्ध हो रही है। हिमाच्छादित गांवों में लोगों को बर्फ पिघलाकर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। प्रदेश में लगभग 100 गांव हिमाच्छादित हैं। मार्गों पर पाला जमने से वाहन फिसल रहे हैं और आवाजाही खतरनाक हो गई है।

चमोली जिले में धूप खिलने से ठंड से राहत मिली है। हालांकि, दो दिन तक लगातार बर्फबारी होने से 65 गांव हिमाच्छादित हैं। अब भी गोपेश्वर-चोपता हाईवे धोतीधार के पास और जोशीमठ-मलारी हाईवे भापकुंड के पास बर्फ की चादर बिछी होने से बंद है। बदरीनाथ हाईवे भी हनुमानचट्टी से आगे अ रुद्ध है। तीनों स्थानों पर बर्फ को हटाने का कार्य जारी है। बदरीनाथ धाम में तीन फीट से अधिक बर्फ जम गई है। यहां महायोजना के कार्य बंद हैं और इसमें जुटे लगभग 100 श्रमिक, अधिकारी व कर्मचारी घर लौटने के लिए मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच 50 से अधिक श्रमिक पैदल ही पांडुकेश्वर पहुंच गए हैं। देवाल विकासखंड के आठ गांवों में बिजली गुल है। रुद्रप्रयाग जिले में 11 गांव हिमाच्छादित हैं। फिलहाल, जिले में सभी मार्ग खुले हैं और विद्युत व पेयजल आपूर्ति भी सुचारु है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी थम गई है, लेकिन निचले इलाकों में वर्षा होने से शीत का प्रकोप बरकरार है। पैदल मार्गों पर पाला जमने से फिसलन बढ़ गई है। केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्य बंद हैं। उत्तरकाशी जिले में 30 गांव हिमाच्छादित हैं। तापमान गिरने से पानी की आपूर्ति सुबह व रात के समय अवरुद्ध हो रही है, जबकि भारी बर्फबारी के कारण गंगोत्री धाम में बिजली नहीं है। गंगोत्री हाईवे धराली तक सुचारु हो गया है, जबकि धराली से गंगोत्री के बीच बीआरओ बर्फ हटाने में जुटा है। मार्ग पर गंगनानी से धराली तक फिसलन बनी हुई है। यमुनोत्री हाईवे भी फूलचट्टी से जानकीचट्टी के बीच अवरुद्ध है। इस मार्ग पर भी फिसलन बनी हुई है। बर्फबारी के कारण फूलचट्टी और जानकीचट्टी को जोड़ने वाले पुल का मरम्मत कार्य भी थम गया है। हर्षिल घाटी में भी गांवों को जोड़ने वाले तीन और सुपीन घाटी में दो मार्ग अवरुद्ध हैं।

टिकट की मारामारी वाली सीटों को फ्री छोड़ सकती है कांग्रेस

हरिद्वार, एजेंसी। कांग्रेस की ओर से उन सीटों को फ्री छोड़ा जा सकता है, जिनमें कांग्रेस के टिकट दावेदारों के बीच सिंबल के लिए अधिक लड़ाई चल रही है। इनमें भारी विरोध से बचने के लिए कांग्रेस की ओर से बीच का रास्ता निकाला जाएगा। जबकि, भाजपा सभी सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी।

भाजपा और कांग्रेस से नगर निकाय प्रमुखता के अलावा वार्ड सदस्यों के लिए भी दावेदारों की लंबी कतार हैं। हालांकि, दोनों पार्टियों की ओर सभी नगर निकायों में प्रमुख पदों के पार्टी के प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे, लेकिन पार्टी की ओर से हरिद्वार नगर निगम और नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में वार्ड प्रत्याशी बनने के लिए भी टिकट मांगने वालों की लंबी लाइन हैं। दावेदार टिकट मांगने के लिए बड़े-बड़े नेताओं से सिफारिश कर रहे हैं। वे एक-दूसरे के पक्ष में नहीं बैठ रहे हैं। जिससे पार्टियों को टिकट फाइनल करने में काफी मुश्किल हो रही है।

कुछ सीटें तो ऐसी हैं, जिनमें पार्टी को टिकट जारी करने से प्रमुख पदों पर भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक का टिकट जारी होने से दूसरे पक्ष के कड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है। बड़े नेता भी नाराज हो सकते हैं। इससे कांग्रेस की ओर से हरिद्वार नगर निगम में चार सीटों पर टिकट जारी नहीं किए जा सकते हैं। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी कुछ सीटों को आजाद छोड़ा जा सकता है। ताकि सभी उम्मीदवारों को निर्दलीय चुनाव में लड़ने का अवसर मिल सके और पार्टी को भी गतिरोध से बचाया जा सके। हालांकि भाजपा की ओर से हरिद्वार नगर निगम की सभी सीटों पर टिकट दिए जाएंगे, पार्टी का मानना है कि प्रत्येक वार्ड में भाजपा का प्रत्याशी कमल के सिंबल पर जीतकर आए। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। जिसमें सभी को टिकट मांगने का अधिकार है, लेकिन पार्टी जिसे टिकट देगी, उसे जिताने के लिए सभी एकजुट होकर जुटेंगे भी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन का नहीं हो रहा है पालन

उत्तरकाशी, एजेंसी। जनपद में रेडियोलॉजिस्ट की कमी के चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन का भी अनुपालन नहीं हो पा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार अल्ट्रासाउंड जांच के लिए प्रत्येक मरीज को न्यूनतम 20 मिनट का समय दिया जाना चाहिए, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की कमी के चलते एक मरीज को मुश्किल से पांच मिनट का समय दिया जाता है।

सीमांत जनपद गंगा व यमुना दो घाटियों में बंटा हुआ है, जिसमें अल्ट्रासाउंड जांच की जिम्मेदारी मात्र दो रेडियोलॉजिस्ट के कंधे पर है। यहां अल्ट्रासाउंड की छह मशीनें उपलब्ध है। ऐसे में एक रेडियोलॉजिस्ट को अपने केंद्र के साथ अन्य केंद्रों में भी रोस्टर के अनुसार जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। भारी भीड़ के चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन का अनुपालन संभव नहीं है। गाइडलाइन के मुताबिक प्रत्येक मरीज की जांच में न्यूनतम 20 मिनट का समय दिया जाना चाहिए, जिससे उसकी बीमारी की वजह पकड़ में आ सके। नियमानुसार समय नहीं दिए जाने के चलते कई बार अल्ट्रासाउंड जांच पर भी मरीज संदेह जताते हैं। वहीं, रेडियोलॉजिस्ट के लिए भी बेहद कम समय में मरीज की बीमारी का कारण पता लगाना चुनौती पूर्ण होता है।

तारों पर गिरीं टहनियां, कई इलाकों में गुल रही बिजली

रूड़की, एजेंसी। शुक्रवार से हो रही बारिश शनिवार को भी जारी रही। खराब मौसम के कारण विद्युत व्यवस्था भी चरमरा गई। कई इलाकों में बिजली गुल रही। डाडा जलालपुर के बिजलीघर पर जाने वाली 33 केवीए की लाइन पर टहनी गिरने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं, शहर के बिजलीघर नंबर-6 व सोलानीपुरम बिजलीघर में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही।

दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शुक्रवार सुबह से बारिश शुरू हुई जो शनिवार दोपहर बाद तक जारी रही। डाडा जलालपुर के बिजलीघर पर जाने वाली 33 केवीए की लाइन पर पेड़ों की टहनियां गिरने से बिजली सप्लाई बंद हो गई। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता आशुतोष तिवारी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। बारिश के बीच ही कर्मचारियों ने लाइन को चालू कराया। वहीं शहर के बिजलीघर नंबर-6 व सोलानीपुरम बिजलीघर से भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

स्नान के लिए हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, खचाखच भरे हुए गंगा के सभी घाट

हरिद्वार, एजेंसी। सोमावती अमावस्या पर हरिद्वार में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। गंगा के सभी घाट खचाखच भरे हुए हैं। सोमावती अमावस्या स्नान को लेकर पूरे मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में विभाजित कर दिया गया है।

एसपी सिटी पंकज गैरोला को नोडल अधिकारी बनाया है। फोर्स को मेला क्षेत्र में ड्यूटी स्थलों पर रवाना कर दिया गया था। वहीं एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अधिकारियों के साथ हरकी पैड़ी सहित पूरे मेला क्षेत्र का जायजा था।

इससे पहले कल रविवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने ब्रीफ करते हुए कहा कि हर प्वाइंट पर नियुक्त पुलिसकर्मी का अपना विशेष महत्व है। थोड़ी सी भी लापरवाही से कोई भी समस्या उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का दृढ़ता एवं संयम के हाथ निर्वहन करेंगे।

सभी जोनल व सेक्टर अधिकारी समय से ड्यूटियों को चेक कर करें। हर जोनल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में वैकल्पिक मार्गों का भीड़ बढ़ने की दशा में उपयोग कर जनसंख्या के दबाव को नियंत्रित करें। मनसा

देवी, चंडी देवी में ड्यूटी प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे की श्रद्धालु कतार में ही आगे बढ़ें।

एसएसपी ने कहा कि भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी देने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखेंगे। महिला घाट पर नियुक्त महिला कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

यातायात प्लान का पूर्ण रूप से पालन कराया जाए। कोई भी वहां किसी भी सड़क पर पार्क में करवाया जाए उन्हें निर्धारित पार्क में ही भेजा जाए। इस दौरान एसपी देहात शेखर चंद सुयाल, एसपी सिटी पंकज गैरोला सहित, एएसपी जितेंद्र मेहरा, सीओ सिटी जूही मनराल आदि मौजूद रहे। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक 12, निरीक्षक-थानाध्यक्ष 17, उपनिरीक्षक-अपर उपनिरीक्षक 43, महिला उपनिरीक्षक 10, मुख्य आरक्षी-आरक्षी 169, महिला मुख्य आरक्षी-आरक्षी 41, निरीक्षक यातायात एक, उपनिरीक्षक-अपर उपनिरीक्षक यातायात आठ, मुख्य आरक्षी-आरक्षी यातायात 23, अभिसूचना इकाई कर्मी आठ, बीडीएस-डॉग स्क्वॉयड एक टीम, घुड़सवार पुलिस एक टीम, जल पुलिस 15 कर्मचारी, पीएसी दो कंपनी एक प्लाटून हॉफ सेक्शन की तैनाती की गई है।

नगर पालिका बाड़ाहाट में अध्यक्ष पद पर रहा निर्दलीयों का दबदबा

उत्तरकाशी, एजेंसी। 106 वर्ष पुरानी नगर पालिका बाड़ाहाट (उत्तरकाशी) के अध्यक्ष पर निर्दलीयों का दबदबा रहा है। प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी सिर्फ एक-एक बार अध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। वहीं, इस बार के निकाय चुनाव में भी प्रमुख राजनीतिक दलों के समक्ष इस सीट पर निर्दलीयों से पार पाने की चुनौती होगी।

नगर पालिका बाड़ाहाट की स्थापना वर्ष 1918 में सैनिटेशन कमेटी बाड़ाहाट के रूप में हुई। इसके बाद इसमें टिहरी रियासत से चयनित और इस कमेटी के संस्थापक पं. राधावल्लभ खंडूड़ी वर्ष 1919 से 48 और उसके बाद एक वर्ष बालकृष्ण नौटियाल सहित स्वामी ब्रहमास्वरूपानंद 1949 से 57 तक चेयरमैन पद पर रहे। 1958 में नगर पालिका बाड़ाहाट में पहली बार आम चुनाव हुए। इसमें विद्यासागर रतूड़ी निर्दलीय जनता के चुने हुए पहले अध्यक्ष बने। उसके बाद 1971 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के कमलाराम नौटियाल ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की और इस जीत को उन्होंने 1988 के चुनाव में दोबारा अध्यक्ष बने।

1997 के चुनाव में विजयपाल सजवाण ने निर्दलीय चुनाव लड़कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। राज्यगठन के बाद हुए वर्ष 2003 में हुए पहले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सुधा गुप्ता ने जीत दर्ज कर पहली महिला अध्यक्ष बनी। दूसरे चुनाव में वर्ष 2008 में निर्दलीय भूपेंद्र राणा और तीसरी बार वर्ष 2013 के चुनाव में जयेंद्री राणा ने निर्दलीय चुनाव जीता। वर्ष 2018 में कांग्रेस के रमेश सेमवाल ने अध्यक्ष पद पर पार्टी को जीत दिलवाई।

साइनेज बोर्ड नहीं होने से पर्यटक हो रहे पथ भ्रमित

ऋषिकेश, एजेंसी। नगर पंचा ; में वर्षभर पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है। लक्ष्मणझूला-स्वर्गाश्रम के व्यापार पर्यटन पर निर्भर है। लेकिन क्षेत्र में निकाय की ओर से पर्यटक और स्थानीय लोगों के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नहीं हैं। निकाय क्षेत्र के चौराहे, तिराहे समेत मुख्य स्थानों पर साइनेज बोर्ड की व्यवस्था नहीं होने से पर्यटक पथ भ्रमित हो रहे हैं।

वर्ष 2012 में नगर पंचायत स्वर्गाश्रम-जौंक का गठन हुआ था। लक्ष्मणझूला-स्वर्गाश्रम क्षेत्र में वर्षभर हजारों की तादाद में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। चारधाम यात्रा और कावंड़ यात्रा में भी क्षेत्र में लाखों की तादाद में भीड़ उमड़ती है। लेकिन निकाय की ओर से पर्यटकों की लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं है। हैरत की बात है कि निकाय की ओर से कई वर्षों से बाघखाला और गरुड़चट्टी पर पर्यटकों से व्यवस्था के नाम पर ईको शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन निकाय की व्यवस्थाएं धूल फांक रही हैं। स्थानीय नागरिक किशोरी लाल नौटियाल ने बताया कि निकाय क्षेत्र के आंतरिक और बाहरी सड़कों पर कहीं भी साइनेज बोर्ड नहीं लगे हुए हैं।

बैठक में अनुपस्थित रहने पर ईई का जवाब तलब

नई टिहरी, एजेंसी। जल जीवन और स्वच्छता मिशन की बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने जल जीवन मिशन, स्वजल, स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी (सारा) ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के कार्यों की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट तलब की। बैठक में अनुपस्थित रहने पर घनसाली जल संस्थान के अधिशासी अभियंता का स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने जल जीवन मिशन सहित कई विभागीय योजनाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने अपेक्षाकृत कम प्रगति वाली योजनाओं के कार्य में तेजी लाने और जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि जो अधिकारी-कर्मचारी काम नहीं करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

बैठक में स्वजल द्वारा बनाए जा रहे शौचालयों की प्रगति और रेलवे परियोजना के तहत पेयजल विभागों को दी गई धनराशि के सापेक्ष किए गए कार्यों की जानकारी भी ली। पीडी डीआरडीओ को सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करने, एसई जल संस्थान को रेलवे परियोजना के तहत कराए गए कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, हादसे में बैंक कर्मी की मौत

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर के मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई।

पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर के मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई।

रविवार की शाम आठ बजे वार्ड नंबर-सात नगला निवासी सुधीर कुशवाहा (30) पुत्र मैनेजर कुशवाहा इंदिरा कॉलोनी में अपने मित्रों से मिलने आया था। रात लगभग 10-15 बजे वह अपने घर के लिए निकला था। इसी दौरान मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें सुधीर बुरी तरह घायल हो गया। वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने उसे उठाकर विश्वविद्यालय चिकित्सालय पहुंचाया। इसी दौरान उसके फोन पर किसी मित्र की कॉल आई जिसमें सुरक्षाकर्मियों ने उसके घायल होने की बात बताई। कुछ ही देर में उसके मित्र और परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। इधर सुधीर की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रुद्रपुर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। केनरा बैंक रुद्रपुर में कार्यरत सुधीर की डेढ़ वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसके पिता मैनेजर कुशवाहा पंतनगर विवि के ओल्ड पीसीटी में पत्रवाहक के पद पर कार्यरत हैं।

कांग्रेस के टिकट बदलने से सियासी घमासान तेज, भाजपा को मिलेगा फायदा!

बागेश्वर, एजेंसी। राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता है। वैसे भी बिरादरी, पैसा के अलावा साम, भेद व दंड के बिना शायद ही कोई नेता बना होगा। नगर निकाय चुनाव ने दिसंबर अंत में ठंड में भी गर्मी बढ़ा दी है। कांग्रेस के ऐन वक्त प्रत्याशी बदलने से विपक्षी खेमे के माथे पर भी सिकन आई होगी। 30 दिसंबर को नामांकन का अंतिम दिन है। उसके बाद मैदान ए जंग में कितने धुरंधर रहेंगे, यह स्पष्ट हो जाएगा। जबकि सियासी तूफान अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

साम यानी सुझाव देना या किसी कार्य को करने के लिए कहना, दाम यानी कार्य के बदले मूल्य चुकाने की पेशकश करना, दंड यानी सजा देकर कार्य करने के लिए मजबूर करना और भेद यानी संबंधित व्यक्ति के गुप्त रहस्यों का उपयोग कर या हितैषियों के साथ उसका बैर कराकर अपने कार्य के लिए मजबूर करना राजनीति का पैतरा है। रविवार

अपराह्न बाद कुछ ऐसा हीं हुआ। कांग्रेस हाईकमान से हलचल हुई। पहले घोषित प्रत्याशी कवि जोशी ने पत्रकार वार्ता बुला ली। कहा कि वही कांग्रेस के प्रत्याशी है।

थोड़ी देर में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरा प्रसाद जोशी का पत्र सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगा। इसमें साफ शब्दों में लिखा है कि टिकट संशोधन किया गया था। पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल के नाम की मुहर थी। इसके बाद राजनीतिक उठा-पटक और तेज हो गई।

आने वाले समय में यह देखना है कि कांग्रेस का आपसी मतभेद का लाभ भाजपा को मिल सकेगा या नहीं। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि प्रत्याशी चयन करने में पार्टियों को काफी मंथन करना होता है। जाति, धर्म तथा बिरादरी का भी आकलन टिकट वितरण में जरूरी होता है।

निकाय चुनाव को लेकर 30 दिसंबर को अंतिम तिथि है। अब तक नैनीताल जिले में पांच नगर पालिका, एक नगर पंचायत व एक नगर निगम से 283 लोगों ने नामांकन करा लिया है। इसमें सबसे अधिक 114 की संख्या हल्द्वानी नगर निगम में पार्षद प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं अंतिम दिन भाजपा व कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी समेत अन्य प्रत्याशी भी नामांकन करेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने भी तैयारी पूरी कर ली है।

रिटर्निंग ऑफिसर व सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि भाजपा व कांग्रेस समेत अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन रैली की अनुमति ली है। नामांकन के लिए तैयारी पूरी कर ली है। वहीं जिले में नगर निगम हल्द्वानी में मेयर के लिए दो दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे। तीन दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

संजय सिंह ने सबूतों के साथ कहा- मनोज तिवारी और अमित मालवीय झूठ फैला रहे हैं कि मेरी पत्नी का सुल्तानपुर में वोट है, मानहानि का केस करूंगा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अनीता सिंह को लेकर भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का सोमवार को सबूतों के साथ पदार्फाश किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद मनोज तिवारी और आईटी सेल के हेड अमित मालवीय मेरी धर्मपत्नी का वोट पैतृक गांव सुल्तानपुर में बना होने का झूठ फैलाकर हमे अपमानित कर रहे हैं। मैं उनके खिलाफ मानहानि का केस करुंगा। अगर मोदी जी वास्तव में देश को डिजिटल इंडिया बना दिया है तो भाजपाइयों को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर चेक करना चाहिए कि मेरी पत्नी का वोट कहां बना है। उन्होंने कहा कि गत 04 जरवरी 2024 को मेरी धर्मपत्नी ने सुल्तानपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी के यहां एप्लिकेशन देकर अपना वोट कटवा दिया है। उनका वोट नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बना हुआ है और उन्होंने लोकसभा चुनाव में वोट भी दिया है। भाजपा ने दिल्ली में पूर्वांचलियों के स्वाभिमान और सम्मान के खिलाफ युद्ध छेड़ा हुआ है, लेकिन आम आदमी पार्टी उसकी साज़िश को सफल नहीं होने देगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा का जन्म

दरअसल झूठ बोलने के नाम पर ही हुआ है। दिन रात, सुबह शाम भारतीय जनता पार्टी के लोग केवल झूठ बोलने का काम करते हैं, इसलिए मैं देश के लोगों से कहना चाहता हूं कि जब भी भाजपा का कोई नेता कुछ बोले तो उसे दोबारा चेक जरूर कर लीजिए। यह मानकर चलिए कि वह झूठ बोल रहा है। दिल्ली में भाजपा ने पूर्वांचलियों के खिलाफ एक घोषित युद्ध छेड़ रखा है। उन्हें अपमानित करने और वोट कटवाने का काम कर रहे हैं। मैं भाजपाइयों को बार-बार सावधान कर रहा हूं कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी है और जब तक हम लोग हैं, पूर्वांचलियों के स्वाभिमान और सम्मान के खिलाफ कुछ भी करोगे तो तुम्हारी ईंट से ईंट बजा देंगे। हम शांत नहीं बैठेंगे।

सदन से लेकर सड़क तक तुम्हारे खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। संसद में मैंने पूर्वांचलियों के वोट कटने का मुद्दा उठाया था। उसके बाद बौखलाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमारे पूर्वांचल के भाइयों को जिनका नाम राम सिंह, राम जी और छोटे लाल वर्मा है। कोई दूबे, कोई पांडे तो कोई मिश्रा है, उनको रोहिंग्या और बांग्लादेशी कहा। भाजपा पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी समझती है। हम अपने ही देश में बांग्लादेशी हो गए? पूर्वांचल के लोग जो 30-40 साल से दिल्ली में रहकर अपने श्रम और परिश्रम से देश की राजधानी दिल्ली को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। ये लोग इन्हें बांग्लादेशी कहकर इनके वोट कटवा रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि जब मैंने यह मुद्दा उठाया तो भाजपा ने मुझे सबक सिखाने के लिए, मुझसे बदला लेने के लिए मेरी पत्नी का ही वोट कटवाने का एप्लीकेशन दे दी।

संक्षिप्त खबरें

पूरे साल में 481 शराब तस्कर व 153 नशा तस्कर पकड़े

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस ने गत वर्ष नशा कारोबार पर अभियान चलाकर चोट किया है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इस साल पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कुल 137 मामले दर्ज करने के बाद कुल 153 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये इन तस्करों व अन्य के कब्जे से 151.5 किलोग्राम गांजा के अलावा 120 ग्राम स्मैक, 110 ग्राम हेरोईन व 200 ग्राम अन्य नशीले पदार्थ पकड़े हैं। वहीं, आबकारी अधिनियम के तहत 428 मामले दर्ज करने के बाद 481 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 34658 लीटर अवैध शराब, 4974 बोतल बीयर, 47 कार, 37 दोपहिया, सात टेंपो, दो ऑटो और पांच ई-रिक्शा बरामद हुआ है। इसके अलावा विभिन्न तरीके के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने के बाद लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

नये साल के समारोहों को लेकर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम

नई दिल्ली। साल 2025 के स्वागत में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि नये साल के समारोहों के दौरान जिले में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत जिले में 21 बस स्टॉप, 15 होटल व मॉल के अलावा 35 संवेदनशील जगहों पर पेट्रोलिंग स्टाफ के अलावा सात एसीपी, 38 इंस्पेक्टर, 329 एसआई व एएसआई और 161 महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। 27 चेकप्वाइंट बनाने के साथ ही 57 स्थानों पर पिकेट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर समेत पुलिसकर्मियों को आने जाने वाले लोगों की जांच के लिए तैनात किया गया है। इसके अलावा 14 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी), 16 पीसीआर वैन, 60 मोटरसाइकिलों समेत पुलिसकर्मी जिले में जगह जगह तैनात किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी ने जनता से भी सहयोग की अपील की है।

पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा केजरीवाल का एक और चुनावी स्टंट: विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल द्वारा मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को चुनाव बाद 18 हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा को चुनावी स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव सामने देख आज अचानक से केजरीवाल का पुजारियों और ग्रंथियों के प्रति प्रेम उमड़ आया है। नेता प्रतिपक्ष ने एक बयान में केजरीवाल से सवाल किया कि इमामों को वेतन देकर उन्हें अपने सिर आंखों पर बैठाने वाले केजरीवाल ने पिछले दस साल तक इन पुजारियों की सुध क्यों नहीं ली? यह कदम उनकी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का जीता-जागता उदाहरण है। गुप्ता ने कहा कि यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया और सनातन धर्म व हिंदू संस्कृति का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब, मंदिरों के पुजारियों के प्रति सहानुभूति दिखाने का प्रयास मात्र दिखावा है, जो जनता के बीच उनकी गिरी हुई छवि को सुधारने का एक प्रयास है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा आआपा सरकार का एक और झूठा वादा है।

केजरीवाल का भाजपा पर तीखा हमला, छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर क्या बोले?

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा बीजेपी की सरकारें लाठियों के दम पर विरोध की हर आवाज को दबाना चाहती हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। ये लोकतंत्र के खिलाफ सीधा हमला है। केजरीवाल ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं, उनकी आवाज को दबाने के बजाय सुनिए। प्रदर्शनकारियों पर लाठी चलाना सत्ता में बैठे लोगों की कमजोरी और असंवेदनशीलता को दिखाता है। युवाओं के साथ ऐसा अन्याय देश कभी माफ नहीं करेगा।

केजरीवाल का बड़ा ऐलान: दिल्ली में पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने मिलेंगे 18 हजार रुपय

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में सभी पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये देने का ऐलान किया है। पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना के तहत कल (31 दिसंबर) से ही आवेदन किया जा सकता है।

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना का ऐलान का ऐलान किया है। इस योजना के तहत दिल्ली के सभी पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये दिए जाएंगे। खास बात यह है कि इस योजना के तहत मंगलवार (31 दिसंबर) से ही आवेदन किया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले यह आम आदमी पार्टी की तीसरी बड़ी योजना है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का ऐलान कर चुके हैं। महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली में 18 साल से ऊपर की पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, 2025 में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर यह राशि बढ़ाकर 2100 रुपये कर दी जाएगी। संजीवनी योजना के तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। केजरीवाल

ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि वह दोपहर 12 बजे बड़ी घोषणा करेंगे, जिससे दिल्ली के लोग बहुत खुश होंगे। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी के महीने में हो सकते हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी पहले ही चुनावी मोड में आ चुकी है। दिल्ली की सभी 70 सीटों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। पार्टी ने उन नेताओं का टिकट भी काटा है, जिनके खिलाफ विरोध के स्वर उठ रहे थे। एक नेता ने तो खुद ही चुनाव लड़ने से मना कर दिया, क्योंकि मुस्लिम समुदाय के लोग उनका विरोध कर रहे थे।

महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का ऐलान कर चुके हैं केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल इससे पहले दिल्ली के लोगों के लिए महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का ऐलान कर चुके हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिया है। हालांकि, महिला सम्मान योजना विवादों में फंस गई है। दिल्ली के अफसरों ने अखबार में विज्ञापन जारी कर बताया था कि सरकार ने ऐसी किसी योजना का नोटिफिकेशन नहीं जारी किया है। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई थी कि ऐसी किसी योजना के झांसे में आकर अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। हालांकि, आम आदमी पार्टी का दावा है कि यह योजना शुरू हो चुकी है और पात्र महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।

क्या है महिला सम्मान और संजीवनी योजना?

महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेंगे। वहीं, 2025 दोबारा आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर इस राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये कर दिया जाएगा। वहीं, संजीवनी योजना के तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। उनके इलाज का पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी।

एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू, 2361 कैडेट ले रहे हैं हिस्सा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नईदिल्ली। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का शिविर सोमवार को सर्व धर्म पूजा के साथ यहां दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ और इसमें 2361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने तक चलने वाले शिविर में भाग ले रहे हैं। कैडेटों में 917 लड़कियां भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन कैडेटों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 114 कैडेट और पूर्वोततर क्षेत्र के 178 कैडेट शामिल हैं, जो मिनी इंडिया की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में शिविर में भाग लेंगे। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने इस अवसर पर कैडेटों को एनसीसी के सबसे प्रतिष्ठित शिविर के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति की बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारा और टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस शिविर का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले कैडेटों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व गुणों की गहरी भावना पैदा करना है। यह वार्षिक कार्यक्रम कैडेटों को प्रशिक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने और सामाजिक सेवा पहलों में भाग लेने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

दिलजीत दोसांझ ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को समर्पित किया गुवाहाटी कॉन्सर्ट

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने अपना गुवाहाटी कॉन्सर्ट पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को समर्पित किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर की रात को निधन हो गया था। दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर रविवार के कॉन्सर्ट का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने उन महत्वपूर्ण बातों के बारे में बात की, जिन्हें वह मानते हैं कि लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से सीखनी चाहिए। दोसांझ ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, आज का कॉन्सर्ट डॉ. मनमोहन सिंह जी को समर्पित

है। वीडियो में दोसांझ ने याद किया कि मनमोहन सिंह कभी भी किसी के बारे में बुरा नहीं बोलते थे, भले ही कोई उनके बारे में कितना ही बुरा क्यों न कहे। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, ह्यउन्होंने बहुत ही सादा जीवन जिया। अगर मैं उनके जीवन की यात्रा पर नजर डालूं, तो वह बहुत ही सादा था। यहां तक कि अगर कोई उनके बारे में बुरा भी कहता था, तो भी वह उसे बुरा नहीं बोलते थे। राजनीति में इससे बचना सबसे मुश्किल काम है। उन्होंने कहा, क्या आपने कभी लोकसभा के सत्र देखे हैं? हमारे राजनेता ऐसे लड़ते हैं जैसे वे नर्सरी के बच्चे होंङ्क लेकिन हमें डॉ. मनमोहन सिंह जी से सीखना चाहिए जिन्होंने कभी पलट के जवाब नहीं दिया। सिंह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। बृहस्पतिवार को दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। दोसांझ (40) ने उन शब्दों का उल्लेख किया जो सिंह बोलते थे और कहा कि मुझे और सभी को उनसे सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, वह अक्सर कहा करते थे, ह्यहजारों जवाबों से मेरी खामोशी अच्छी, न जाने कितने सवालों की आबरू ढक लेती है और यह कुछ ऐसा है जो युवाओं को उनसे सीखने की जरूरत है, यहां तक कि मुझे भी सीखना चाहिए। हमें अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, भले ही लोग हमारे बारे में बुरी बातें कहें और हमारा ध्यान भटकाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा, आज मैं उस व्यक्ति के सामने अपना सिर झुकाता हूं, जिसने अपने देश से प्रेम किया और अपना जीवन उसकी सेवा में बिता दिया।

पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत

दिल्ली-एनसीआर में दो दिनों की बारिश और कोहरे के बाद तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। आईएमडी ने उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने कहा है कि आने वाले दिनों में स्थिति और खराब होने की उम्मीद है।

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश जारी रहने के कारण पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिल्ली-एनसीआर में दो दिनों की बारिश और कोहरे के बाद तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। आईएमडी ने उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने कहा है कि आने वाले दिनों में स्थिति और खराब होने की उम्मीद है।

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। पिछले दो दिनों में हुई भारी बारिश ने प्रदेश के निवासियों और पर्यटकों के सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें बंद होने के बाद भारी बर्फबारी के बीच फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। 28 दिसंबर को एक दिन के लिए बंद किए गए जम्मू हाईवे पर यातायात फिर से शुरू हो गया है। आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक भीषण शीत लहर चलेगी। इन इलाकों में तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस कम रहने वाला है, साथ ही नए साल के दिन ठंड और बढ़ जाएगी। 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। सोमवार की सुबह 8:00 बजे दिल्ली का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था। दिन के पूवार्नुमान के अनुसार आसमान साफ रहेगा और कुछ इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 11.05 डिग्री सेल्सियस और 21.07 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 31 दिसंबर को दिल्ली में न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 13.66 डिग्री सेल्सियस और 21.52 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में बीते दो दिनों से हल्की बारिश के बाद प्रदूषण में भई कमी आई है।

'आप' महिला विंग ने लगातार तीसरे दिन पैसे बांट रहे भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की महिला विंग ने लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह महिलाएं प्रवेश वर्मा द्वारा केवल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में पैसे बांटने का विरोध करने पहुंची थी। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर महिलाओं को रोक दिया और उन्हें भगाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही, कुछ महिलाओं को हिरासत में भी ले लिया। दिल्ली की अलग-अलग विधानसभाओं से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि लाडली योजना का नाम देकर ये लोग सिर्फ महिलाओं का वोट खरीदने का काम कर रहे हैं। वहीं, भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर 1100 रुपए लेने गई एक महिला ने कहा कि हम दिल्ली के

अलग-अलग कोनों से आए हैं। प्रवेश वर्मा भेदभाव क्यों कर रहे हैं? वह केवल नई दिल्ली विधानसभा की महिलाओं को ही 1100 रुपए क्यों दे रहे हैं? लाडली योजना का नाम देकर ये लोग सिर्फ दिल्ली की महिलाओं का वोट खरीदने का काम कर रहे हैं। अगर इनकी मंशा सही है तो हम भी दिल्ली निवासी हैं, फिर हमें क्यों नहीं दिया जा रहा है? दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड लगाकर हमारा रास्ता रोक दिया है और हमें गिरफ्तार करने की धमकी दे रही है। हम निहत्थे हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस हमसे कह रही है कि प्रवेश वर्मा को तुम लोगों से सुरक्षा चाहिए। मतलब भाजपा नेता प्रवेश वर्मा को हम निहत्थे दिल्ली के निवासियों से सुरक्षा चाहिए। हम यहां अपना हक मांगने आए हैं। प्रवेश वर्मा जिस तरह नई दिल्ली की महिलाओं को 1100 रुपए दे रहे हैं, वो हमें भी चाहिए। एक अन्य महिला ने बताया कि हम भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के यहां अपना हक मांगने के लिए गए थे, लेकिन वहां केवल नई दिल्ली विधानसभा की महिलाओं को पैसे दिए जा रहे हैं, दिल्ली के बाकी इलाकों से आई महिलाओं को नहीं दिए जा रहे हैं। वहां जैसे ही हमने अपना हक मांगा, उन्होंने पुलिस बुला ली। हमें वापस बाहर भेज दिया और हिरासत में लेने के लिए पुलिस की गाड़ियां बुला ली गईं। एक महिला ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार खबर मिल रही है कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर पर महिलाओं को पैसे बांटे जा रहे हैं।

महिलाओं को देखकर स्टॉप पर बस न रोकने वाले ड्राइवरों-कंडक्टरों पर होगी कड़ी कारवाई : सीएम आतिशी

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के अंदर महिलाओं को देखकर बसें न रोकने वाले डीटीसी और क्लस्टर बसों के ड्राइवर और कंडक्टर की अब खैर नहीं है। "आप" सरकार ने इन बसों के ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। दरअसल, दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री आतिशी को महिलाएं शिकायत कर रही हैं कि निर्धारित स्टॉप पर उनको देखकर डीटीसी और क्लस्टर बसों के ड्राइवर नहीं रुकते हैं। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएम आतिशी ने यह आदेश दिया है। साथी ही, सीएम आतिशी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर कोई बस अपने निर्धारित स्टॉप पर नहीं रुकती है तो महिलाएं उसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दें, उसके ड्राइवर और

कंडक्टर के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं और बेटियां नौकरी व पढ़ाई के लिए बस से सफर करें। इसके लिए ही सरकार ने बस यात्रा मुफ़्त की हुई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार को और मुझे व्यक्तिगत तौर पर दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं की शिकायत आ रही थी कि जो डीटीसी और कलस्टर बसों के ड्राइवर और कंडक्टर हैं वह अक्सर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते हैं। अगर किसी बस स्टॉप पर सिर्फ महिलाएं खड़ी होती हैं तो ड्राइवर बस नहीं रोकते हैं।

नजर जश्न में डूबने को तैयार दिल्ली-एनसीआर वाले

जोश में ना खोएं होश, प्राइवेट पार्टियों पर रहेगी पुलिस की नजर

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। न्यू ईयर के आगमन को चंद दिन बचे हैं। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर वाले उत्साह में डूबने को तैयार हो गए हैं। कई दिल्ली वाले तो दोस्तों व परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर के साथ ही राजस्थान, गोवा व केरल के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में निकल गए हैं या बैग पैक कर निकलने की तैयारी में हैं।

साथ ही वृंदावन, वाराणसी व अयोध्या में उनके लोकप्रिय डेस्टिनेशन को निकल रहे हैं। उनके लिए फाइव स्टार होटलों से लेकर मध्यम आकार के होटलों के साथ ही रेस्तरां, बार, क्लब व फार्म हाउसों और निजी स्थानों पर इवेंट कंपनियों की ओर से कई खास आयोजन किए हैं, जो 31 दिसंबर की शाम से अगले वर्ष की सुबह तक मस्ती का पूरा इंतजाम किया हुआ है। वैसे, इस बार निजी नव वर्ष पार्टियों पर जोर है, जिसमें सुरक्षा व निजता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। इसके लिए निजी संबंधों व ब्रोकर के साथ ही कुछ वेबसाइट का इस्तेमाल हो रहा है, जहां पांच हजार से रुपये से लेकर 30 हजार रुपये में स्पेस मिल रहा है। सैनिक फार्म से लेकर बसंत कुंज समेत नोएडा व गुरुग्राम तक इस तरह की निजी पार्टियां आयोजित हो रही हैं।

दिल्ली में बढ़ रहा निजी पार्टियों का ट्रेंड

इस वर्ष यह नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। कुल आयोजनों में निजी पार्टियों के आयोजन 50 प्रतिशत तक है। एक्स प्लोसिव इवेंट एंड प्रमोशनंस के निदेशक नितिन भारद्वाज के अनुसार, इसका चलन इसलिए

भी बढ़ गया है कि लोग किसी ऐसे समारोह में परिवार के साथ आरामदेह महसूस नहीं करते हैं, जहां अजनबी चेहरे हों।

इवेंट आयोजनों से जुड़े संदीप घई के अनुसार, होटलों के आयोजन में महंगे चार्ज में अधिक लोगों को शामिल नहीं किया जा सकता है। विशेष बात यह है कि एनसीआर में एक-दो दिन के आयोजनों के लिए ऐसी निजी संपत्तियों को किराये पर देने का चलन बढ़ा है।

30 हजार से अधिक पार्टियों का हो रहा है आयोजन

नए वर्ष के आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, इस वर्ष दिल्ली में छोटे-बड़े 30 हजार से अधिक समारोहों का आयोजन हो रहा है, जिसका पैकेज दो हजार रुपये से लेकर 18 हजार रुपये तक का पैकेज है, जिसमें एक व्यक्ति या कपल वहां मस्ती कर सकता है।

इसमें अनलिमिटेड देशी-विदेशी जायकों व एल्कोहल पीने के साथ तेज संगीत पर नए वर्ष का जश्न शामिल है। इसमें जैज बी के साथ कई नामी पार्श्व गायक व युवाओं में तेजी से पसंद बनते गायकों की लाइव प्रस्तुति के साथ विदेशी नृत्यांगनाओं की व्यवस्था है, जिसमें बोन फायर पार्टी जैसे आयोजन खास हैं।

एक हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

कारोबारी संगठन चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआइ) को नए वर्ष के आयोजनों पर एक हजार करोड़ रुपये के कारोबार होने का अनुमान है। उसके अनुसार, 25 से 30 हजार छोटे-बड़े इवेंट आयोजित होंगे, जिसमें साउंड सिस्टम, लाइटिंग, कैटरिंग, सजावट, परिवहन आदि आयोजनों में अन्य इंतजामों में बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। अनुमान है कि 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

स्वाति मालीवाल बोलीं, लंदन पेरिस के दर्शन के लिए तैयार रहें, आपको यकीन नहीं होगा ये राजधानी दिल्ली है

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्वाति मालीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली की एक और विधानसभा क्षेत्र का औचक दौरा किया, आज तक ऐसी बुरी हालत किसी इलाके की नहीं देखी।स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह 10:30 बजे लंदन पेरिस के दर्शन के लिए तैयार रहें। दिल्ली की एक और विधानसभा क्षेत्र का औचक दौरा किया। आज तक ऐसी बुरी हालत किसी इलाके की नहीं देखी। पूरा इलाका भ्रष्टाचार और निकम्मेपन की भेंट चढ़ा हुआ है। आपको यकीन नहीं होगा ये राजधानी दिल्ली है। इससे पहले स्वाति मालीवाल दिल्ली के आईएचबीएएस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, दिल्ली के आईएचबीएएस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। लोग घंटों घंटों दवाई लेने के लिए अस्पताल के बाहर सड़क पर ठंड में सोते हैं। सुबह काउंटर खुलता है, भीड़ अंदर किसी तरह पहुंचती है तो दवा नहीं मिलती। इस अस्पताल के बाहर मुझे 70-80 साल के बुजुर्ग और महिलाएं ठंड में ठिठुरते हुए मिले। ये है बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान ? ना टॉयलेट साफ हैं, ना पीने को पानी मिलता है। सोशल मीडिया रील और प्रेस कॉन्फ्रेंस में सब कुछ अच्छा दिखता है। हकीकत देखने की ना नीयत है ना हिम्मत।

नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में एचआईएमएस लागू न करने पर आआपा की आलोचना की

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में केंद्र सरकार के एनआईसी के फ्री सॉफ्टवेयर हाहेल्थ इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टमह्न (एचआईएमएस) को लागू ना किये जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसका क्रियान्वयन नहीं किये जाने के मुद्दे पर केजरीवाल से इस संबंध में 10 सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2016 में घोषणा की थी दिल्ली के अस्पतालों में इस एप्लिकेशन का प्रयोग किया जायेगा ताकि अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों का डाटा डिजिटली सुरक्षित रखा जा सके और मरीजों को भी सुविधा मिल सके, लेकिन ये किया ही नहीं गया।नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए केजरीवाल से निम्न 10 सवाल पूछे हैं। पहला, आखिर पिछले दस साल में केजरीवाल सरकार ने केंद्र सरकार के एनआईसी द्वारा बनाये गये फ्री साफ्टवेयर का क्रियान्वयन अपने सरकारी अस्पतालों में क्यों नहीं किया ?, दूसरा 2016 में सरकार ने खुद इसको लागू करने की घोषणा की थी, बावजूद इसके सरकार ने इस योजना को डंडे बस्ते में क्यों डाल दिया ?, तीसरा दिल्ली के मुख्य सचिव द्वारा इसको लागू करने की अनुशंसा को भी सरकार ने आखिर दरकिनार क्यों कर दिया ?, चौथा देश में यदि 738 से ज्यादा सरकारी अस्पतालों में इस साफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जा रहा है तो दिल्ली के अस्पतालों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया ? पांचवा क्या ऐसा करने के पीछे सरकार किसी अपने को खास फायदा पहुंचाना चाहती है ? छठा केंद्र सरकार के इस साफ्टवेयर की उपेक्षा कर किसी प्राइवेट एजेंसी को अलग से साफ्टवेयर बनाने के लिए 130 करोड़ का ठेका क्यों दे दिया और बाद में उसे भी निरस्त क्यों कर दिया गया ?, सातवां केंद्र सरकार के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, सफदरजंग अस्पताल और राम मनोहर लोहिया जैसे बड़े अस्पतालों में सफलतापूर्वक चलाये जाने के बावजूद दिल्ली सरकार के एलएनजेपी, जीटीबी, आरएमएल जैसे अस्पतालों में उसे लागू न करने के पीछे सरकार की क्या मंशा है ? आठवां हाई कोर्ट में सरकार की खिंचाई के बावजूद सरकार ने इसके क्रियान्वयन में तत्परता क्यों नहीं दिखाई ? नौवां दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आने वाले मरीजों का रिकार्ड डिजिटली मेंटेन करने और उनके ट्रैकिंग की क्या है व्यवस्था ?

दिल्ली सरकार का बड़ा रेवेन्यू क्षेत्र होने के बावजूद चांदनी चौक के सभी विधानसभा क्षेत्र बदहाल : खंडेलवाल

नई दिल्ली। चांदनी चौक क्षेत्र से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल पर एक चार्जशीट प्रस्तुत की। खंडेलवाल ने पुरानी दिल्ली के नेशनल क्लब, फतेहपुरी में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में सरकारी उपेक्षा एवं विधायकों की निष्क्रिय विकास अभाव एवं बदहाली के साथ ही विधायकों द्वारा धर्म के आधार पर जनता तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने में भेदभाव को लेकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक चार्जशीट प्रस्तुत की। प्रवीन खंडेलवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि चांदनी चौक एक ऐसा संसदीय क्षेत्र है, जिसमें एतिहासिक शहजहांबाद क्षेत्र, विस्तृत पुरानी दिल्ली के साथ ही डीडीए द्वारा बसाई कॉलोनियों का नया क्षेत्र आता है जिनमें दिल्ली या देश ही नही एशिया के सबसे बड़े सभ्यता एवं अर्थतंत्र के क्षेत्र हैं। उन्होंहने कहा कि शायद दिल्ली सरकार का बड़ा रेवेन्यू क्षेत्र होने के बाद भी चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र बदहाल है।

दिल्ली में पांच साल में मतदाता सूची से 61 हजार नाम कटे, केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस क्यों नहीं की : प्रवेश वर्मा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 12 फीसदी से ज्यादा वोट इधर-उधर करने का आरोप लगाया था। इस पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने सोमवार को पलटवार किया है। प्रवेश वर्मा ने कहा, (दिल्ली विधानसभा) चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट साफ देखी जा सकती है। उन्हें हार का डर सता रहा है, जिसके कारण वह झूठ बोलने लगे हैं और गलत तथ्यों को सामने ला रहे हैं। साल 2020 में नई दिल्ली विधानसभा में कुल एक लाख 46 हजार वोटर थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर केवल एक लाख छह हजार रह गई है, यानी 40 हजार वोटर कम हो गए हैं। इसमें से 22 हजार वोटर नए हैं। अगर हम

नए वोटरों को अलग कर दें, तो पिछले पांच साल में करीब 61 हजार मतदाता घट गए हैं, यानी हर महीने औसतन एक हजार मतदाता कम हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, इस घटती हुई संख्या पर अरविंद केजरीवाल ने आज तक कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की और न ही इस बड़े आंकड़े को लेकर कोई स्पष्टीकरण दिया। जब मैंने यहां के लोगों से बात की, जिनमें अधिकांश भारतीय जनता पार्टी के समर्थक थे, तो उन्होंने बताया कि उनका नाम पहले भी कट चुका था और 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कट गया। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि यह कैसे हुआ, क्योंकि वे तो यहीं रहते हैं।अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा था, भारतीय जनता पार्टी ने नई दिल्ली विधानसभा में पिछले 15 दिन में लगभग पांच हजार मतदाताओं के नाम काटने के लिए आवेदन दिए गए हैं। इसके अलावा साढ़े सात हजार वोट जोड़ने के लिए भी आवेदन दिए गए हैं। इन्होंने हमारी विधानसभा जिसमें कुल एक लाख छह हजार मतदाता हैं झ से पांच फीसदी मतदाताओं के नाम डिलीट करवाने का आवेदन दिया है। साथ ही 7.5 फीसदी मतदाताओं के नाम जुड़वाए जा रहे हैं। इसके बाद फिर चुनाव कराने की जरूरत बची ही क्या है ? अगर 12 फीसदी से ज्यादा वोट इधर के उधर कर दिए जाएंगे तो फिर चुनाव बचा ही कहां ? इस देश में चुनाव के नाम पर खेल हो रहा है।

देश की राजधानी के एटीएम में बरती जा रही लापरवाही, लुटेरों की हो रही बल्ले-बल्ले

कई में नहीं लगे हैं कैमरे, ना ही सुरक्षा गार्ड हैं तैनात, पुलिस ने किया बैंकों से अनुरोध

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी में मेवात के लुटेरे पिछले कई सालों से एटीएम को निशाना बना रहे हैं। इस तहर की घटनाएं हर साल सर्दियों में ही ज्यादा हुई हैं, जिसे देखते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक सर्वेक्षण में इन एटीएम में सुरक्षा में चूक की हकीकत सामने आई। दिल्ली में अलग-अलग बैंकों के 5, 452 एटीएम हैं।

सर्वेक्षण में पाया कि उनमें 918 एटीएम के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे ही नहीं लगे हैं। ऐसे में एटीएम को तोड़कर लुटेरे नकदी चोरी कर फरार हो जाएं तब अपराधियों की पहचान करना व उन्हें पकड़ना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा भी कई एटीएम कियोस्क में बुनियादी सुरक्षा सुविधाओं का अभाव मिला। इस संबंध में क्राइम ब्रांच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर बैंकों को एटीएम की सुरक्षा चाक चौबंद करने के सख्त निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। साथ ही जहां सुरक्षा

खामियां पाई गई उन्हें भी चेतावनी दी गई है। पुलिस का कहना है कि एटीएम में डाले गए पैसों का बीमा होता है इसी कारण बैंकों के मैनेजर सुरक्षा मानकों पर ध्यान नहीं देते हैं वे इसमें लापरवाही बरतते हैं। एटीएम में चोरी की घटनाएं हो जाने पर लचर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पर सवाल उठाए जाते हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर क्राइम ब्रांच के मुताबिक सर्वेक्षण में 2, 053 एटीएम ऐसे पाए गए, जिनके बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं थे, जो एटीएम सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं 2, 765 एटीएम में शटर लॉक नहीं थे और 218 एटीएम के अंदर मशीनें बिना शटर के चल रही थीं।

इस तरह की चूक उपयोगकताओं की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा खामियां पाए जाने पर उन्होंने बैंकों से एटीएम पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने को कहा है। वहां सुरक्षा गार्डों की तैनाती, बेहतर रोशनी की व्यवस्था और हर एटीएम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया है। पुलिस ने बैंकों को एक ऐसी प्रणाली विकसित करने को कहा है कि जिससे एटीएम को चोरों व लुटेरों द्वारा निशाना बनाने पर संबंधित इलाके के थानों में अलार्म बज जाए, जिससे बीट ऑफिसर जल्द मौके पर पहुंच सके।

डीयू ने सीईएस के लिए आमंत्रित किए आवेदन, 8 जनवरी अंतिम तिथि

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने विश्वविद्यालय के विभागों (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) और कॉलेजों (द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रस्तुत किए जाने वाले पेपरों के लेकर योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) 2024-25 के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। सीईएस 2024-25 में पंजीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी, 2025 है। डीयू की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसरण में डीयू सीईएस के तहत किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को अपने विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों के शैक्षिक सपनों को पूरा करना है जिन्हें किन्हीं कारणों से पहले अवसर नहीं मिल पाया था; वह व्यक्ति इस योजना के तहत नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। बयान के अनुसार इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मौजूदा पेपर के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हो, को पूरा करता है, उस पेपर के लिए पंजीकरण कर सकता है। किसी भी पेपर में प्रवेश के लिए चयन संबंधित विभागों और कॉलेजों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर है। किसी कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। इच्छुक व्यक्ति विभागों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना आदि के बारे में विवरण के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल के साथ-साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग की वेबसाइट पर सीईएस ई-ब्रोशर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में दोषी को किया बरी, जेल में 7 साल की सजा काट चुका था शख्स

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक दोषी की सजा खत्म करते हुए कहा कि दोषी पहले ही सात वर्ष की सजा काट चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता के बयान को नजर अंदाज करते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा दे दी थी।

आरोपित के खिलाफ केवल छेड़खानी और पॉक्सो की अन्य धाराओं में ही आरोप सत्य पाए गए हैं। जिनमें सजा की अवधि सात वर्ष की कैद है और दोषी पहले ही सात वर्ष की जेल की सजा काट चुका है। ऐसे में उसे अतिरिक्त समय के लिए जेल में रखना उचित नहीं होगा। अदालत ने दोषी की सजा को संशोधित करते हुए उसकी आजीवन कारावास की सजा को खत्म कर दिया। दोषी को तीस हजारी कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने आरोपित

को पॉक्सो की धारा छह के तहत सजा दी थी। जबकि पीड़िता के बयानों के आधार पर स्पष्ट था कि आरोपित के खिलाफ छेड़खानी का ही आरोप सत्य पाया गया था।

बिना सुनवाई के अंतहीन कारावास संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है: कोर्ट

एक अन्य मामले में, दिल्ली हाई कोर्ट ने धोखाधड़ी के एक मामले में वर्ष 2022 में पकड़े गए एक व्यक्ति को जमानत देते हुए कहा कि निकट भविष्य में बिना सुनवाई के अंतहीन कारावास संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि यदि कोई अभियुक्त मामले में समय पर सुनवाई के बिना लंबे समय तक कारावास में रहता है, तो अदालतें आमतौर पर उसे जमानत पर रिहा करने के लिए बाध्य होंगी। न्यायाधीश ने कहा कि आरोप अभी तय नहीं किए गए हैं, अभियोजन पक्ष ने पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के लिए बार-बार स्थगन की मांग की थी और अभियुक्त संदीप तिलवानी की पिछली जमानत याचिका खारिज हुए एक साल हो गया था। अदालत ने आरोपित को दो जमानती के साथ 50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। अदालत ने कहा कि कानून जेल की तुलना में जमानत को प्राथमिकता देता है, जिसका उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली की आवश्यकताओं के साथ आरोपित के अधिकारों को संतुलित करना है। अदालत ने कहा कि जेल का उद्देश्य मुकदमे के दौरान आरोपित की उपस्थिति सुनिश्चित करना था और उचित शर्तें लगाकर आरोपित के भागने के जोखिम की आशंका को दूर किया जा सकता था।

कंपनी से सात करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने चावल के कंटेनरों के लिए थोक आर्डर देने के बाद नकली भुगतान रसीदें जारी करके एक कंपनी से सात करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तिलवानी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज शिकायत में बताया गया है कि आरोपित संदीप तिलवानी ने कंपनी के साथ 640 चावल के कंटेनरों की 74 बुकिंग की, जिसकी कीमत 11.2 करोड़ रुपये थी।तिलवानी की ओर से अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह ने दलील दी कि उन्हें मामले में फंसाया गया है और शिकायतकर्ता ने वित्तीय घाटे के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपित ने दलील दी कि वह आयातकों और माल ढुलाई सेवाएं देने वाली कंपनियों के बीच केवल एक बिचौलिया था और उसकी एकमात्र भूमिका पक्षों को एक-दूसरे से मिलवाना था।

दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता 178 पर मध्यम श्रेणी में थी। समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, 10 केंद्रों ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को खराब श्रेणी में दर्ज किया, जबकि अन्य में ये ह्यमध्यम श्रेणी में रही। रविवार की शाम चार बजे 24 घंटे का एक्यूआई 225 यानी खराब श्रेणी में था। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 87 प्रतिशत थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अधिकतर स्थानों पर धुंध और घना कोहरा तथा सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। विभाग ने कहा कि बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है, जबकि शाम और रात में धुंध या हल्का कोहरा छाने के आसार है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

राजधानी की सियासत में कुछ बड़ा होने की सम्भावना नहले पर दहले की जरूरत महसूस कर रही है भाजपा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। जी हाँ हम बिलकुल सही कह रहे हैं पुरानी कहावत है नहले पर दहला और ताश के शौकीन तो अच्छे से जानते ही है नहले की काट दहला ही होती है और दहले की काट तुरुप का पत्ता। बचपन में हमने भी खूब ताश खेले हैं लिहाजा थोडा बहुत ज्ञान हमें भी है नहले पर दहले और तुरुप का। आप भी सोच रहे होंगे आज पंडित जी क्या ताश-वाश के चक्कर में पड़ गए हां भाई इस 2100 के चक्कर में पूरी दिल्ली पड़ी हुई है। और तो और हमारी पंडतानी भी आज तडके कहने लगी पूरे शहर नें फार्म भर दिया एक तुम हो जो हमें बता कर भी राजी नहीं ये फार्म कहाँ भरा जाएगा। आज से तुम्हारी चाय बंद, कल भूरी की बहु के साथ जाकर देखती हूँ, हमने कहा भागवान ऐसा कुछ नहीं है यह केवल चुनावी जुमला है, चुनावी मौसम में ये सब होता ही रहता है, इतनी देर में हमारे एक जानकार जो कई साल से मेरठ रहते हैं का फोन आया पूछने लगे पंडित जी हमारा वोट तो अभी दिल्ली का ही है क्या 2100 का फार्म भरा जाएगा। अब हमारी समझ में आया 2100 ने तो शहर में ही जादू कर डाला है। अब आप ही समझिये जो भाजपा 26 साल बाद सत्ता के सपने संजोये है वह नहले पर दहला नहीं चलाएगी, चलाएगी जनाब जरुर चलाएगी, आप देखते रहिये हमने कल ही कहा था कुछ बड़ा होगा 2100 की काट 3100, हो गया ना नहले पर दहला, जब एक पूर्व मुख्यमंत्री के आह्वान पर 2100 के लिए दिल्ली में भूचाल आ गया तो प्रधानमन्त्री के 3100 के आह्वान पर क्या होगा और उस सूरत में पुराने फार्मों को भरने वाले उससे भी ज्यादा तादाद में नये फार्म भरेगें इस सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यह तो रहा नहले पर दहला और जरूरत महसूस हुई तो तुरुप तो क्या तुरुप का ईक्का भी चला जाएगा।

झूठी घोषणाएं करने में केजरीवाल का कोई सानी नहीं : विनोद जायस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। हिंदुस्तान की राजनीति में झूठ बोलने, आरोप लगाने तथा फर्जी घोषणा करने में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल टॉप पर है। फजीर्वाड़े में उनका दूसरा कोई मुकाबला नहीं कर सकता। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते हैं अरविन्द केजरीवाल ने जो काम अपने 11 साल के शासन में नहीं किये उनकी झूठी घोषणाएं वे अब दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक होने की वजह से कर दिल्ली की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन दिल्ली की जनता अब उनके झांसे में नहीं आने वाली और आने वाले विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोग उन्हें करार जवाब देते हुए हमेशा के लिए सत्ता से विदा कर देंगें। विनोद जायस कहते हैं कोरोना काल में जब लाशों का अंबार लगा था, क्रियाकर्म के लिए लंबी लाईने लगी थी, लोग ऑक्सीजन और आईसीयू के लिए तरस रहे थे, उस वक्त अरविन्द केजरीवाल शीश महल पर करोड़ों खर्च कर रहे थे। उस दौर में भाजपा वर्कर ही जनसेवा में जुटे थे। उन्होंने कहा कि दस साल बीतने के बाद जनलोकपाल लागू नहीं किया जबकि जनलोकपाल लागू करने के नाम पर सत्ता में आए थे। और लोकपाल को पंजाब में क्यों लागू नही कर रहे वहां तो पूर्ण स्वायत्तता है। विनोद जायस ने कहा कि मुफ्त बिजली और पानी के नाम पर 40 प्रतिशत बिजली के बिल बढ़े और 44 प्रतिशत घरों में गंदा पानी। 71000 करोड़ रुपये जल बोर्ड को मिलने के बाद भी दिल्ली साफ पानी को तरसी। भ्रष्टाचार के सिवाय इनका कोई काम नही है। उन्होंने कहा कि लंदन पैरिस बनाने का वादा कर प्रदूषण में नम्बर वन बना दिया, 213 फीट कचरे के पहाड़ खड़े है और 500 कि0मी0 टूटी सड़के पड़ी है। यमुना को नाला बना दिया जहां प्रदूषित जल से पानी नही झाग दिखाई देते है और 10 साल में यमुना की सफाई करने में विफल रहे। विनोद जायस ने कहा कि केजरीवाल के स्वास्थ्य मॉडल में 30 प्रतिशत डाक्टर्स नही है। 14 अस्पतालां में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके लिए 10250 करोड़ की जरुरत है, जबकि बजट एलोकेशन 372 करोड़ हुआ है अगर इसी तरह चला तो अस्पतालों का निर्माण पूरा होने में 30 वर्ष लगेंगे, जबकि मौजूदा स्वास्थ्य व्यवस्था चलाने के लिए 8000 करोड़ चाहिए। उन्होंने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल के रिनोवशन के नाम पर 659 करोड़ गायब है।

सड़कों की मरम्मत करने की घोषणा भी झूठी साबित हुई केजरीवाल की : संजय गौड़

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक पूर्व मुख्यमंत्री लोगो को गुमराह करने के लिए घोषणा तो कर देते हैं लेकिन उन पर अमल नहीं होता। जेल से लौटने के बाद केजरीवाल नें मुख्यमंत्री आतशी के साथ दिल्ली की सडकों का जायजा लेने के लिए कई दिनों तक दौरे किए और कहा था जल्द ही सड़कों की हालत सुधर दी जायेगी लेकिन लम्बा समय बीतने के बावजूद ऐसा नहीं हो पाया। यह कहना है कर्दमपुरी वार्ड से कांग्रेस की तरफ से नगर निगम का चुनाव लड़े संजय गौड़ का। संजय गौड़ कहते हैं विधानसभा चुनावों में खोखले वादे और घोषणा कर रही आम आदमी पार्टी की सड़कें बनाने और नालों से गाद निकालने की सच्चाई कल हुई बरसात ने लोगों से सामने ला दी है। सड़कों पर जल भराव के कारण जहां कई घंटों तक यातायात जाम रहा वहीं लोगों को काफी परेशानियों को सामना भी करना पड़ा। लगातार बढ़ता खतरनाक प्रदूषण जरुर कम हुआ है लेकिन टूटी सड़कों, नालियों में गाद होने के कारण भारी जल भराव से दिल्ली की जनता काफी नुकसान उठाना पड़ा है। संजय गौड़ ने कहा कि दिल्ली सरकार के तमाम दावों के बावजूद एक बार फिर बारिश ने अरविन्द केजरीवाल के बयान सब कुछ ठीक कर दूंगा की पोल खोल कर रख दी। स्कूल जाने के बच्चों और आफिस व काम पर जाने के लिए लोगों की परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

तैयारी बताया जाता है की विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से टिकट की इच्छुक पार्टी के कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो खुलेआम यह कह रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव: संघ चाहता है की साफ-छवि के लोगों को ही प्रत्याशी बनाए भाजपा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के लिए इस बार प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी इस बार कहीं ना कहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आगे नतमस्तक नजर आ रही है और उसे लग रहा है कि संघ के कार्यकर्ता यदि इस बार दिल से स्थानीय चुनाव में निकल गए तब सूरत बदल सकती है यदि वह नाराज हो गए तब घाटा उठाना पड़ सकता है वही इस क्रम में संघ के लोग चाहते हैं की पार्टी साफ छवि वालों को ही प्रत्याशी बनाए जिनके ऊपर गंभीर भ्रष्टाचार या अन्य तरह के आरोप हैं उनसे बचा जाए भले ही उसकी सिफारिश कितना भी बड़ा नेता क्यों नहीं कर रहा हो। बताया जाता है की दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में चल रही तैयारी में इस बार पार्टी संघ को पूरी तरह महत्व देती नजर आ रही है और हर सीट पर उनकी राय ली जा रही है जिससे कि संघ के लोगों को यह ना लगे कि उन्हें नजरअंदाज किया गया है और कहीं ना कहीं संघ के कार्यकर्ता भी इस बार खुलकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में काम करने के मूड में नजर आ रहे हैं क्योंकि उन्हें लग रहा है कि हमारी नाराजगी का फायदा इस बार आम आदमी पार्टी ना लें क्योंकि यदि वह सत्ता में रहती है तो यह दिल्ली के लिए सही नहीं होगा जिसके चलते कुछ सीटों पर उन्होंने वहां दागी लोगों के मामले में अपनी राय भी बता दी है कहा तो यहां तक जा रहा है की कुछ लोगों के पीछे जहां पिछले चुनाव तक संघ के लोग मजबूती से खड़े होते थे उनसे उन्होंने पाला ही नहीं झाड़ लिया अपितु यह भी साफ कर दिया है कि यदि इस तरह के लोगों को टिकट दिया गया तब हमसे कोई उम्मीद ना करें।

बताया जाता है की विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से टिकट की इच्छुक पार्टी के कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो खुलेआम यह कह रहे हैं कि संघ से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता हम अपनी टिकट मैनेज कर लेंगे इन बातों को लेकर संघ के अधिकारी बेहद गंभीर हैं और उन्होंने अपनी नाराजगी ऊपर तक बताई है इस तरह की चर्चा है दिल्ली में सुरक्षित कुछ सीटों को लेकर 20 तरह की शिकायत हैं कि वहां आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी भाजपा का टिकट तय कर रहे हैं और वह भी ऐसे चेहरों को जो विवादित हैं जिनके खिलाफ गंभीर आरोप हैं

बताया जाता है की दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में चल रही तैयारी में इस बार पार्टी संघ को पूरी तरह महत्व देती नजर आ रही है और हर सीट पर उनकी राय ली जा रही है जिससे कि संघ के लोगों को यह ना लगे कि उन्हें नजरअंदाज किया गया है और कहीं ना कहीं संघ के कार्यकर्ता भी इस बार खुलकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में काम करने के मूड में नजर आ रहे हैं क्योंकि उन्हें लग रहा है कि हमारी नाराजगी का फायदा इस बार आम आदमी पार्टी ना लें क्योंकि यदि वह सत्ता में रहती है तो यह दिल्ली के लिए सही नहीं होगा जिसके चलते कुछ सीटों पर उन्होंने वहां दागी लोगों के मामले में अपनी राय भी बता दी है कहा तो यहां तक जा रहा है।

और इसकी शिकायत भाजपा के बड़े नेताओं से लेकर संगठन मंत्री तक की गई बताई जाती हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भले ही मोटी मोटी राय विधानसभा सीटों को लेकर बन चुकी हो लेकिन अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है ऐसे में यदि संघ की ओर से जो भी गंभीर आपत्ति होगी पार्टी उन पर पूरा ध्यान रखेगी और इस बार हम कहीं भी ऐसा माहौल नहीं बनने देंगे जिससे यह लगे कि भाजपा कहीं भी संघ की उपेक्षा कर रही है।

लविदा 2024: केंद्रीय राजनीति में छाए मनोहर लाल, हरियाणा में नायब को मिली लोकप्रियता; सत्ता से बहुत दूर चली गई कांग्रेस

प्रात : किरण संवाददाता

2024 में हरियाणा की राजनीति में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। मनोहर लाल का केंद्रीय राजनीति में पदार्पण और नायब सिंह सैनी का मुख्यमंत्री बनना बड़ी घटनाएं रहीं। कांग्रेस को गुटबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। जिसके चलते सत्ता से उन्हें काफी दूर जाना पड़ा। चुनाव के समय कांग्रेस सत्ता के बहुत करीब थी। लेकिन उनके हाथ से सत्ता निकल गया। आपसी गुटबाजी के चलते सत्ता के करीब होते हुए भी बहुत दूर चली गई कांग्रेस। तमाम राजनीतिक प्रयासों के बावजूद एक नहीं हो पाए चौटाला परिवार के सदस्य। अनुराग अग्रवाल, चंडीगढ़। साल 2024 कुछ ही समय के बाद इतिहास के पन्नों में समा जाएगा और साल 2025 नई उमंग, असीम ऊर्जा और नयी उम्मीदों के साथ आपके सामने होगा। राजनीतिक दृष्टि से मौजूदा साल जहां बेहद उतार चढ़ाव भरा रहा, वहीं यह साल किसी राजनीतिक दल के लिए बहुत अधिक फायदेमंद तो किसी दल के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हुआ है। हरियाणा के साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल का केंद्रीय राजनीति में पदार्पण होने के साथ ही केंद्रीय मंत्री के रूप में उनका राजनीतिक कद बढ़ा तो विधायक, सांसद और मंत्री की सीढ़ी चढ़ते हुए नायब सिंह सैन को इसी साल में दूसरी बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। राजनीति में मनोहर लाल और नायब सैनी गुरु शिष्य राजनीति में मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी दोनों गुरु-शिष्य हैं। दोनों ने ही इस साल राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किए हैं। सबसे अधिक निराशा कांग्रेस और जननायक जनता पार्टी के नेताओं को उठानी पड़ी। कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पूरी उम्मीद थी कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी, लेकिन समय के चक्कर ने ऐसा चक्र घुमाया कि हाथ के पंजे की बजाय भाजपा का कमल का फूल खिल गया। कमल के इस फूल ने साढ़े चार साल तक सत्ता में भागीदार रहे अपने सहयोगी दल जननायक जनता पार्टी को ठिकाने लगा दिया। मनोहर लाल का प्रभाव हरियाणा में पहले की तरह बरकरार जजपा को इस बार एक भी विधानसभा सीट नहीं मिली, जबकि इनेलो को दो विधायकों के रूप में राजनीतिक बढ़त जरूर मिली, मगर पार्टी को अपने लोकप्रिय नेता चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को खोना पड़ गया। 89 साल की उम्र में चौटाला का इसी दिसंबर माह में निधन हुआ है।

गुरुग्राम: पुलिस ने सुरक्षा अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम, । प्रबंधक महिला थाना पश्चिम महिला निरीक्षक नेहा राठी की टीम ने सोमवार को हिमांशु अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सैन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड उद्योग विहार में अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किए। महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अपराधों (महिला/बच्चों विरूद्ध अपराध, साईबर अपराध) उनकी पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर इत्यादि के बारे में बताया। पुलिस टीम द्वारा इस जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ/बच्चों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रवधानों सहित विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकरी देकर जागरुक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स/स्टॉफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डॉयल-112 सेवा के बारे में बताते हुए उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डॉयल-112 ऐप्स को अपने मोबाईल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। इनके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साईबर अपराधों/अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उपरोक्त जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक करने पर सभी ने पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की है।

अवर अभियंता और उनकी टीम के साथ की मारपीट।पुलिस ने नहीं लिखा गया मुकदमा संविदा कर्मचारी धरने पर

प्रात : किरण संवाददाता

विद्युत उपकेंद्र बिसौली ग्रामीण के कर्मचारी अवर अभियंता महेश चंद तमर के साथ गांव एपुरा में राजस्व वसूली एवं विद्युत संयोजन विच्छेदन के लिए गए थे जहां शाम के समय गांव के विद्युत बकाया बिल उपभोक्ताओं द्वारा राज्य वसूली टीम के साथ मारपीट कर दी और कैश को लूटने की नीयत से कर्मचारियों की गाड़ीयों को घेर लिया जिसकी सूचना उपखंड अधिकारी बिसौली को दी गई उपखंड मेराज अहमद अधिकारी ने उक्त घटना का कोई संज्ञान नहीं लिया तब संविदा कर्मचारियों ने अपने यूनियन के जिला अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह को घटना की सूचना दी जिला अध्यक्ष सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंच गए और किसी तरह टीम को वहां से निकाल कर लेकर आए जिला अध्यक्ष द्वारा उक्त घटना के संबंध में अधिशासी अभियंता बिसौली नरेंद्र चौधरी से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि तुम दारू पीकर बात कर रहे हो और फालतू की नेता नगरी करते हो यह कह कर फोन काट दिया घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु पूरी टीम कोतवाली बिसौली पहुंची जहां कोतवाल बिसौली ने घटना का स्थान थाना उघैती बताते हुए पीड़ितों को थाना उघैती भेज दिया टीम थाना उघैती में रात्रि 12:00 बजे तक बैठे रहे लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई आज सुबह 10:00 बजे तक विभागीय अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया गया लेकिन दोपहर 2:00 बजे तक मुकदमा पंजीकृत ना होने के कारण आक्रोशित संविदा कर्मचारी एकत्रित होकर विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे वही 5:0 बजे तक विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया गया जिससे आक्रोशित संविदा कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया वही इस दौरान धरना प्रदर्शन में धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रेमपाल प्रजापति ,हर्षवर्धन, हरीश चंद्र यादव, नवीन शंखधार, मोहसिन, रोहित लोहान, उमेश यादव, मेहताब मियां,इमरान खान, रुपेश कुमार, अभय सिंह, राजवीर, सरनाम, गौरव सक्सेना, मुकेश कुमार, विकास यादव ,आदि दर्जनों संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे

मानसिक रोगी महिला से करा दी धोखे से शादी, जब पति को पता चला तो घरवालों ने तलाक के नाम पर मांगे 25 लाख



प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा के यमुनानगर में एक मानसिक रोगी महिला की धोखे से शादी करा दी गई। जब उसके पति को महिला की बीमारी के बारे में पता चला तो लड़की के घरवालों ने तलाक के नाम पर 25 लाख रुपये की मांग कर दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने महिला और उसके स्वजन पर केस दर्ज कर लिया है। मानसिक रोगी महिला से धोखे से शादी कराने के बाद अब तलाक के लिए 25 लाख की मांग। सांकेतिक तस्वीर मानसिक रोगी महिला की धोखे से करवाई शादी अब पति से तलाक के नाम पर 25 लाख की डिमांड पीड़ित ने महिला और उसके परिजनों के खिलाफ दर्ज कराया केस।

सेवा भारती द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य सराहनीय : राजेश नागर

फरीदाबाद, । सेवा भारती फरीदाबाद में जन सहयोग से समाज के वंचित, शोषित, अभावग्रस्त व्यक्तियों को जागृत कर कर्मठ, समरस, स्वस्थ एवं स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य निरंतर करती है। इसी श्रृंखला में सेवा भारती फरीदाबाद विभाग में ऐसे समाज को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग कर रही है। बल्लभगढ़ के सामुदायिक भवन में सेवा भारती के अंतर्गत संचालित सभी केंद्रों के शिक्षार्थियों का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री राजेश नगर मुख्य अतिथि एवं विद्या भारती हरियाणा प्रांत अध्यक्ष डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ.अरविंद सूद और सुरेश गुप्ता, रोशन लाल बोरड एवं बृजेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेवा भारती प्रांत उपाध्यक्ष स्वामी अमृतानंद भी शामिल हुए। सेवा भारती के प्रकल्पों के लिए मंत्री राजेश नागर ने विशेष योगदान दिया और सेवा भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों की बडाई करते हुए ऐसे कार्यों को और तेजी से समाज में फैलाने के लिए भी प्रेरित किया।

नोएडा में नए साल के जश्न को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा, । नोएडा में नए साल के जश्न को लेकर भीड़भाड़, मॉल के आसपास ट्रैफिक को डायवर्ट किया जा रहा है। ऐसे में जो लोग भी जश्न मनाने के लिए घर से बाहर निकलते हैं, वो ट्रैफिक डायवर्जन प्लान देखकर ही निकलें। इसके लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेड कर ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। सेक्टर-18, जीआईपी, गार्डन गैलेरिया, डीएलएफ, सेंटर स्टेज मॉल, मोदी मॉल, लॉजिक्स, स्पेक्ट्रम, स्काइवन, स्टार्लिंग, गौर, अंसल, वेनिस इत्यादि मॉल, बाजारों पर यातायात व्यवस्था एवं डायवर्जन किया जाएगा, जो नए साल की पूर्व संध्या से लागू होगा। नशे का सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नोएडा सेक्टर-18 में दोपहर तीन बजे से डायवर्जन लागू होगा। यहां आने वाले वाहन चालक अपना वाहन सेक्टर-18 मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर सकेंगे। अट्टा पीर चौक से होकर आने वाले वाहन एचडीएफसी बैंक कट से मल्टीलेवल पार्किंग में जा सकेंगे। नर्सरी तिराहा से अट्टा चौक, मेट्रो स्टेशन सेक्टर-18 की ओर व मेट्रो स्टेशन सेक्टर-18 से अट्टा पीर की ओर जाने वाले मार्ग को नो-पार्किंग क्षेत्र बनाया गया है। गुरुद्वारा सेक्टर-18 के आगे एफओबी से पहले और बाद में सेक्टर 18 में जाने वाले दोनों कट को बंद किया जाएगा। मेट्रो सेक्टर-18 के नीचे से सेक्टर-18 की ओर जाने वाले मार्ग को बंद किया जाएगा। इस कट से सेक्टर-18 से निकलने वाले वाहनों के लिए ही खोला जाएगा। सेक्टर-18 मोजेक होटल के दोनों ओर बने कट को बंद रखा जाएगा। इन कट को सेक्टर-18 से निकलने वाले वाहनों के लिए ही खोला जाएगा। इसी प्रकार रेडिसन तिराहा से मल्टीलेवल पार्किंग की ओर वाहन जा सकेंगे, वाहन चालक मल्टीलेवल पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर गंतव्य को जा सकेंगे। एचडीएफसी बैंक के निकट कबाब फैक्ट्री से मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन जा सकेंगे। सोमदत्त टावर से टॉयस ख्जाना चौराहा निकट हल्दीराम चौराहे से चाइना कट की ओर कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। जीआईपी और गार्डन गैलेरिया सेक्टर-37 की ओर से आकर जीआईपी और गार्डन गैलेरिया मॉल के अंदर बनी पार्किंग में वाहन खड़ा किए जा सकेंगे। जीआईपी, गार्डन गैलेरिया मॉल के सामने नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर ई-चालान, प्रवर्तन, टो-ईंग की कार्रवाई की जाएगी। वाहन चालक लॉजिक्स मॉल पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा कर सकेंगे। मॉल के सामने यातायात की अधिकता होने पर लॉजिक्स तिराहा से सेक्टर 31/25 चौक की ओर यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। मॉल के सामने नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर ई-चालान, प्रवर्तन की जाएगी। स्काई वन और स्टर्लिंग मॉल के सामने यातायात की अधिकता होने पर हाजीपुर चौक और लोटस ब्लू बर्ड तिराहा से यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। स्काई वन व स्टर्लिंग मॉल के सामने नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर ई-चालान/प्रवर्तन/टोईंग की कार्रवाई की जाएगी। वाहन चालक एडवांट नेविस बिजनेस पार्क में स्थित पार्किंग में वाहन खड़ा कर जा सकेंगे। एडवांट नेविस बिजनेस पार्क के सामने नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की जाएगी। वाहन चालक किसान चौक के आस-पास स्थित मॉल के अंदर पार्किंग में वाहन पार्क कर जा सकेंगे। सार्वजनिक मार्ग पर नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई होगी। नोएडा से किसान चौक होते हुए गाजियाबाद जाने वाला यातायात मॉडल टाउन या छिजारसी मार्ग का प्रयोग कर गंतव्य को जा सकेगा। नोएडा से किसान चौक ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात पर्थला गोल चक्कर से दाहिने होकर सोरखा बिसरख हनुमान मंदिर की ओर होते हुए गंतव्य को जा सकेगा। तिलपता से किसान चौक की ओर जाने वाला यातायात, डी पार्क चौकी से चौगानपुर गोल चक्कर होते हुए गंतव्य को जा सकेगा। गाजियाबाद से नोएडा की ओर आने वाला यातायात शाहबेरी व ताज हाईवे की ओर से न होकर छिजारसी या मॉडल टाउन सेक्टर-62 से होकर गंतव्य को जा सकेगा।

डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी का औचक निरीक्षण बदायूं

जिलाधिकारी ने सीएचसी के निरीक्षण में दिए सुधार के निर्देश

- भोजन मैन्यू अनुसार न होने पर जिलाधिकारी ने व्यक्त की अप्रसन्नता,
- एमओआईसी को दिए प्रत्येक दिन भोजन की जांच करने का निर्देश
- जिलाधिकारी ने मरीजों व तीमारदारों से वार्ताकर लिया दी जा रही सेवाओं का फीडबैक

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, आईपीडी कक्ष, महिला वार्ड, एनबीएसयू कक्ष, लैब, दवा वितरण कक्ष, कोल्ड वार्ड व सभागार कक्ष आदि विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था दवा वितरण व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने वहां डॉक्टर व स्टाफ की उपस्थिति भी जांची। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी का निरीक्षण के दौरान पाया कि जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूताओं को मिलने वाला भोजन मैन्यू के अनुरूप नहीं था। सोमवार दोपहर मे मैन्यू मे रोटी, मौसमी सब्जी, दाल, चावल, दही/सलाद है जबकि थाली में दाल एवं रोटी ही पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि सम्बन्धित स्वयं सहायता समूह कैन्टीन का सोमवार का भुगतान मैन्यू के अनुसार नहीं किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन मैन्यू के अनुसार खाने की जांच अवश्य की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि चिकित्सा अधीक्षक प्रसूताओं को मिलने वाले भोजन एवं जननी सुरक्षा योजना के संबंध मे सामु0स्वा0केन्द्रों पर मुख्य स्थानों पर वॉल पेन्टिग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मरीजों व तीमारदारों से वार्ताकर दी जा रही सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए भी कहा ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके। उन्होंने महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के बाद जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि समय से उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बेड की आईपीडी है तथा ऑक्युपेंसी रेट 70 प्रतिशत है। उन्होंने निर्देशित किया कि साफ सफाई की समुचित व्यवस्था हो व शौचालय साफ-सुथरे होने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, एमओआईसी डॉ अरविंद वर्मा सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ आदि मौजूद रहे।

नोएडा : पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को किया गिरफ्तार, एनसीआर में कई वारदात को दे चुके हैं अंजाम

प्रात : किरण संवाददाता



नोएडा, । नोएडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले अलग-अलग इलाकों में पुलिस की इन बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इन बदमाशों ने एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर कई वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना सेक्टर 58 नोएडा पुलिस व मोबाइल स्नेचर के बीच मुठभेड़ हो गई है। 29 दिसंबर की देर रात थाना सेक्टर 58 पुलिस बल द्वारा आगामी नववर्ष के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुरिया चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसको रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं रुका और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। जल्दबाजी में मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराकर गिर गई और बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें बदमाश घायल हो गया। जिसकी पहचान चेतन कुमार गुप्ता (24), निवासी खोडा कॉलोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, 1 जिन्दा, 1 खोखा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और 10 चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि बरामद मोबाइल फोनों में से एक मोबाइल फोन थाना सेक्टर 58 इलाके से लूटा गया था। बदमाश के आपराधिक इतिहास की जानकारी व अन्य कार्रवाई की जा रही है। यह बदमाश कई दिनों से वांछित चल रहा था। उसकी तलाश पुलिस कर रही थी। एक अन्य मामले में नोएडा के थाना फेस 3 पुलिस की चेकिंग के दौरान एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसे गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक अवैध हथियार बरामद किया गया है। बदमाश एनसीआर में वाहन चोरी और मोबाइल स्नैचिंग करने का अपराध करता है। इस पर एनसीआर के अलग अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 29 दिसंबर की रात में थाना फेस 3 पुलिस पर्थला गोल चक्कर के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस टीम ने इनको रुकने का इशारा किया। लेकिन वह दोनों व्यक्ति नहीं रुके और मौका देखकर तेजी से भागने लगे। जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया गया और बदमाश मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण गिर गये। इसके बाद दोनों में से एक व्यक्ति द्वारा अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक बदमाश गोली लगने के कारण घायल हो गया तथा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाता हुआ झाड़ियों से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार हुए घायल व्यक्ति की पहचान इमरान उर्फ चाचा (22) जिला अमरोहा के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस व 1 खोखा कारतूस .315 बोर और एक मोटर साइकिल थाना सेक्टर 20 नोएडा इलाके से चोरी की गई बरामद हुई है। इमरान पर एनसीआर के अलग-अलग थानों में आठ मामले दर्ज है। पुलिस इसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।

बेटी बचाओ अभियान 11 जनवरी को लाडली लोहड़ी उत्सव मनाएगा: हरीश आजाद

फरीदाबाद, । बेटी बचाओ अभियान की मीटिंग सेक्टर-10 कार्यालय में चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि 11 जनवरी को बेटियों के नाम लाडली लोहड़ी उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों से हमारी संस्था लाडली लोहड़ी उत्सव मनाती आ रही है। उन्होंने कहा कि देश में बेटियों के नाम लोहड़ी मनाने की प्रथा हमारी संस्था ने 2016 में आरम्भ की थी। जिसके बाद लोगों में जागृति आई और समाज में बेटियों की भी पहली लोहड़ी मनाने का प्रचलन आरम्भ हुआ।

गाजियाबाद: पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोकशी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । गाजियाबाद में पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में गोकशी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना टीला मोड़ पुलिस की फरुखनगर रोड पर पीपल तिराहा के पास चेकिंग कर रही है। इस दौरान टीम को एक होंडा सिटी कार टीला मोड़ की तरफ से तेजी से आती दिखाई दी, जिसको उन्होंने रूकने का इशारा किया। कार सवार लोगों पुलिस को देखकर गाड़ी को तेजी से बाएं तरफ राजपुर गांव की तरफ मुड़कर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया। तभी राजपुर गांव की ओर मोड़ पर आरोपियों की कार पेड़ से टकरा गई। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस टीम को पीछे आता देख उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए लोनी स्थित 50 शैय्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 तमंचा, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस व घटना में इस्तेमाल की जाने वाली होंडा सिटी कार। कार की डिग्गी से गोकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार और पशु बांधने की रस्सी बरामद की। आरोपियों की पहचान अदनान और सावेज के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि बीती रात थाना टीला मोड़ पुलिस फरुखनगर रोड पर पीपल तिराहा के पास अपराधियों की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बना नंबर प्लेट की होंडा सिटी कार टीला मोड़ की तरफ से आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया। लेकिन वे नहीं रुके। इन्होंने भागने का प्रयास किया। कार की गति तेज होने के कारण वाहन पेड़ से टकरा गया। इसके बाद कार में से उतरकर दो लोग जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए उनका पीछा किया। आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। आरोपियों की पहचान अदनान और सावेज के रूप में हुई है। अदनान संभल और सावेज मुरादाबाद जिले का निवासी है। आरोपियों ने गोकशी करने की बात कबूल कर ली है। एसीपी ने आगे बताया कि जब इनका आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो गिरफ्तार आरोपी अदनाद के खिलाफ पशु क्रूरता और एनडीपीएस से संबंधित छह से ज्यादा केस दर्ज मिले, जबकि सावेज पर पशु क्रूरता संबंधित 1 मुकदमा दर्ज है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

आर्थिक विकास में योगदान दें बैंक अधिकारी: हितेश कुमार

बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कही यह बात

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम, । एडीसी हितेश कुमार ने कहा कि गुरुग्राम जिला में स्थित सभी बैंक प्रबंधकों को समाज के आर्थिक उत्थान के लिए लक्ष्यों का निर्धारण कर अंत्योदय परिवारों, सीमांत किसानों व अनुसूचित वर्ग के परिवारों को स्वरोजगार तथा उन्नति के लिए ऋण प्रदान करने चाहिए। बैंकों का यह राष्ट्रीय कर्तव्य भी है कि वे देश के सामाजिक विकास में अपना सकारात्मक योगदान प्रदान करें। एडीसी सोमवार को रेस्ट हाउस के सभागार में बैंक अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक बठक को संबोधित कर रहे थे। केनरा बैंक के एलडीएम की ओर से आयोजित की गई इस बैठक में एडीसी हितेश कुमार ने कहा कि अधिकांशतः यह देखने में आया है कि बैंकों की ऋण देयता में तो बढ़ोतरी हो रही है, किंतु जिन लोगों को वास्तव में बैंक लोन मिलना चाहिए, उनके आवेदन लंबित पड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में बैंकों के उच्च पदस्थ प्रबंधकों को पत्र लिखकर रिपोर्ट ली जानी चाहिए। प्राइवेट बैंकों को प्राथमिक क्षेत्र को लघु ऋण प्रदान करने में और अधिक उत्साह दिखाना चाहिए। बैंक अधिकारी जरूरतमंद नागरिकों को ऋण देने में बिना वजह देरी ना करें, तभी समाज का समुचित विकास संभव होगा ।इसलिए बैंक प्रबंधन अपने सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए प्राप्त हुए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के लक्ष्य निर्धारित करें। इस बैठक में बताया गया कि विभिन्न बैंकों की जिला में 904 शाखाएं चल रही हैं। सितंबर 2024 तक इन बैंकों ने अपने कुल ऋण वितरण में से प्राथमिक क्षेत्र को 19.81 प्रतिशत लोन दिया है। जिसमें एक-एक बैंक की समीक्षा की गई तो उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। एडीसी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में किसानों को ट्रैक्टर, कृषि उपकरण आदि खरीदने के लिए ऋण दिए जाने चाहिए। इसी प्रकार एमएसएमई विभाग से स्वरोजगार आरंभ करने के इच्छुक युवाओं को उनके प्रोजेक्ट के अनुसार ऋण मिलने चाहिए, जिससे धरातल पर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हों। उन्होंने कहा कि अनुसूचित विद्धा विकास निगम की ओर से निर्धारित किए गए टारगेट को पूरा करने के लिए सभी बैंक अधिकारी एक-एक आवेदन पर गंभीरता दिखाते हुए उनको स्वीकृति प्रदान करें। बैंकों की जिला स्तरीय बैठक में एडीसी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, डेयरी विकास, महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत अधिक से अधिक आर्थिक सहायता योग्य पात्रों को प्रदान की जाए। इस अवसर पर एलडीएम अशोक कुमार, केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्र सिंह तोमर, आरबीआई के जिला अधिकारी यश भारद्वाज, नाबार्ड के क्षेत्रीय प्रमुख विनय कुमार त्रिपाठी, कृषि विशेषज्ञ नवनीत कौर, पशुपालन विभाग से डा. सुरेंद्र सिंह, वित्तीय शिक्षक पुण्यपाल, दीपक शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

फरीदाबाद में होटल संचालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में एक होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सेक्टर-37 में स्थित उसके होटल में ही फंदे से लटकता शव मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में जानकारी देते हुए थाना सराय के एसएचओ राकेश कुमार ने सोमवार को बताया कि मृतक आनंद पुत्र हरीराम उम्र लगभग 34 साल जो कि सेक्टर 37 में ब्लू स्टोन के नाम से होटल चला रहा था। उसने अपने ही होटल के एक कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के कर्मचारियों ने ही फोन करके पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल हॉस्पिटल में मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक पर्वतीय कॉलोनी स्थित अटल चौक का रहने वाला था। फिलहाल मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिसके चलते अभी मृतक के आत्महत्या करने की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है।

सम्पादकीय

2025 में आखिर कैसा रहेगा राजनीतिक मतभेदों का पारा?

वर्ष 2025 चुनावों से परे देखने का एक अवसर प्रदान करता है। 2024 में, भारत, में राजनीति ने आश्चर्यजनक मोड़ लिया। ये घटनाक्रम कुछ जगहों पर अभूतपूर्व थे, दूसरों में तेज या अप्रत्याशित थे। इसने दिखा दिया कि भारतीय राजनीति में अब क्षेत्रीय दलों की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में ये दल राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में चुनावों से परे देखने का मौका मिलेगा। यह शायद ऐसा साल होगा जिसमें शासन केंद्र में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह था कि लोग संयम के साथ निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जानबूझकर जनादेश को गलत तरीके से पढ़ने का विकल्प चुना है। उनकी राजनीतिक स्थिति सख्त हो गई है और उन्होंने अपनी कटु प्रतिद्वंद्विता को रोजमर्रा की राजनीति, संसद और उससे परे तक ले गए हैं। संसद में घिनौना हंगामा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से दुश्मनी और बढ़ेगी। हालात सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने राजनीतिक और वैचारिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही संवाद और बातचीत के लिए कोई बीच का रास्ता निकालना होगा। ऐसा लगता नहीं है कि मंदिर और मस्जिद पर राजनीति 2025 में खत्म हो जाएगी। 10 मस्जिदों/मजारों से जुड़ी कम से कम 18 याचिकाएँ इस समय अदालतों में लंबित हैं। मुस्लिम स्थलों पर हिंदू अधिकारों का दावा करने वाले नए मुकदमों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश में दायर किए गए हैं। विधानसभा चुनाव अभी दो साल से ज्यादा दूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य अभी से गरमाने लगा है। 2025 में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख राजनीतिक ब्रांडों-नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी के लिए एक परीक्षा होंगे। अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव ब्रांड नीतीश के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जिनका राजनीतिक निधन एक से ज्यादा बार लिखा जा चुका है। चुनाव में तेजस्वी यादव की राजनीतिक क्षमता का भी परीक्षण होगा, जो लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2013 से दिल्ली में सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल आप को लगातार तीसरी बार सत्ता में ला पाएंगे? आज, केजरीवाल की छवि और उनकी राजनीति का ब्रांड दोनों ही दांव पर हैं। प्रधानमंत्री की ब्रांड वैल्यू भी बिहार और दिल्ली दोनों में परखी जाएगी। 2014 से तीन बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ढाई दशक से अधिक समय से दिल्ली में राजनीतिक रूप से निर्जन है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक-जिसे अब संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है-भाजपा की इस बात की परीक्षा लेगा कि वह इस मामले में अपनी बात मनवा पाती या नहीं। पिछले 10 वर्षों में, भाजपा विवादास्पद कानून पारित करवाने में सफल रही है, जिसमें जम्मू-कश्मीर को विभाजित करने और (पूर्ववर्ती) राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदलने का विधेयक भी शामिल है। अब स्थिति अलग है। लगभग पूरा विपक्ष एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के खिलाफ एकजुट है। जाति, जनगणना, यूसीसी ऐसे वर्ष में जब केंद्र सरकार विलंबित दशकीय जनगणना अभ्यास शुरू करने का इरादा रखती है, जाति पर बयानबाजी और भी तीखी हो जाएगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार जनगणना में जाति को शामिल करेगी। जाति और सामाजिक न्याय का मुद्दा भाजपा के हिंदुत्व के अभियान का मुकाबला कर सकता है और इसी कारण से भाजपा ह्लबटेंगे तो कटेंगेह्व और ह्लएक हैं तो सुरक्षित हैंह्व जैसे राजनीतिक नारे दे रही है। यूसीसी को आगे बढ़ाने के प्रयास राजनीति में नई दरार पैदा कर सकते हैं। बी आर अंबेडकर की विरासत को लेकर संसद में बयानबाजी से संकेत मिलता है कि दस्ताने पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने मौजूदा ह्लसांप्रदायिक नागरिक संहिताह्व के बजाय ह्लधर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिताह्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मनमोहन सिंह की विनम्रता का जवाब नहीं!

दुनिया से जाने के बाद इंसान के सद्गुणों को याद करने की परंपरा है। इसलिए आज भारतवासी ही नहीं दुनिया के तमाम देशों के महत्वपूर्ण लोग डॉ मनमोहन सिंह को याद कर रहे हैं। पिछले तीस वर्षों में मेरा उनसे कई बार सामना हुआ। हर बार एक नया अनुभव मिला। मेरा छोटा बेटा और डॉ मनमोहन सिंह का धेवता माधव दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय में पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक साथ पढ़े। इसलिए इन दोनों बच्चों के जन्मदिन पर मेरी पत्नी और डॉ सिंह की बेटी अपने सुपुत्र को लेकर जन्मदिन की पार्टी में आती-जाती थीं। जब डॉ. सिंह वित्त मंत्री थे तो मेरी पत्नी ने उनके कृष्ण मेनन मार्ग के निवास से लौट कर बताया कि उनकी यह पार्टी उतनी ही सादगी पूर्ण थी जैसी आम मध्यम वर्गीय परिवारों की होती है। न कोई साज सज्जा, न कोई हाई-फाई केटरिंग, सब सामान घर की रसोई में ही बने थे। कोई सरकारी कर्मचारी इस आयोजन में भाग-दौड़ करते दिखाई नहीं दिये। माधव के माता-पिता और नाना-नानी ही सभी अतिथि बच्चों को खिला-पिला रहे थे। सरदार पटेल विद्यालय के वार्षिक समारोह में डॉ मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री के नाते मुख्य अतिथि थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विभा पार्थसार्थी, अन्य अध्यापकगण और हम कुछ अभिभावक उनके स्वागत के लिए विद्यालय के गेट पर खड़े थे। तभी विद्यालय का एक कर्मचारी प्राचार्या महोदया के पास आया और बोला कि एक सरदार जी हॉल में आकर बैठे हैं और आपको पूछ रहे हैं। विभा बहन और हम सब तेजी से हॉल की ओर गये तो देखा कि वो डॉ मनमोहन सिंह ही थे। हुआ ये कि वे आदत के मुताबिक कैबिनेट मंत्री की गाड़ी, सुरक्षा काफि ला साथ न ला कर अपनी सफेद मारुति 800 कार को खुद चला कर विद्यालय के उस छोटे गेट से अंदर आ गये जहां वे अक्सर माधव को स्कूल छोड़ने आते रहे होंगे। 1993-96 में जैन हवाला कांड उजागर करने के दौरान मैं देश भर में प्रायः रोज ही जनसभाएँ संबोधित करने बुलाया जाता था। उन दिनों मीडिया की सुर्खियों में भी मेरे बयान छपते रहते थे, ऐसे में इण्डियन एयरलाइंस का स्टाफ एयरपोर्ट पर चेक-इन करते वक्त मुझे और मेरे सहयोगी रजनीश कपूर को प्राथमिकता देते थे। एक बार मैंने पीछे मुड़ कर देखा तो डॉ मनमोहन सिंह ब्रीफकेस हाथ में लिए लाइन में पीछे खड़े थे। मुझे झिझक लगी तो मैंने उनसे आगे बढ़कर कहा कि, पहले आप चेक-इन कर लीजिए। उन्होंने विनम्रता से मना कर दिया और अपना नंबर आने पर ही चेक-इन किया। हवाला कांड के अभियान के दौरान मैं देश के हर बड़े दल के नेताओं के घर जा कर उनसे तीखे सवाल करता था और पूछता था कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने बड़े कांड पर संसद मौन क्यों है? आप लोग सरकार से सवाल क्यों नहीं पूछते कि कश्मीर के आतंकवादियों को हवाला के जरिये अवैध धन पहुँचाने के मामले में सीबीआई जाँच क्यों दबाए बैठी है? इसी दौरान मैं तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह से मिलने उनके आवास भी गया। वे और उनकी पत्न ी बड़े सम्मान से मिले। शिष्टाचार की औपचारिकता के बाद मैंने उन से पूछा, आपकी छवि एक ईमानदार नेता की है। ये कैसे संभव हुआ कि बिना यूरिया भारत आए करोड़ों रुपये का भुगतान हो गया?ह्व फिर मैंने कहा, हर्षद मेहता कांड और अब जैन हवाला कांड आपकी नाक के नीचे हो गये और आपको भनक तक नहीं लगी, ऐसे कैसे हो सकता है कि वित्त मंत्रालय को इसकी जानकारी न हो? यह भी संभव नहीं है कि आपके अफसरों ने आपको अंधेरे में रखा हो। पर अब तो ये मामले सार्वजनिक मंचों पर आ चुके हैं तो आपकी खामोशी का क्या कारण समझा जाए। उन्होंने मेरे इन प्रश्नों के उत्तर देने के बजाए चाय की चुस्की ली और मुझसे बोले, आपने बिस्कुट नहीं लिया। मैं समझ गया कि वे इन प्रश्नों का उत्तर देना नहीं चाहते या उत्तर न देने की बाध्यता है। फिर दोनों पति-पत्नी मुझे मेरी गाड़ी तक छोड़ने आए और जब तक मैं गाड़ी स्टार्ट करके चल नहीं दिया तब तक वहीं खड़े रहे।

यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है।

डॉ. आर.के. सिन्हा

लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है। यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है, जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से।

आचार्य किशोर कुणाल ने दुनिया को कहा अलविदा

लेकिन वे साल में दो बार अपने मामा के ससुर के घर-रायधुरवा जाते थे। रायधुरवा जाने का मुख्य कारण यह था कि वहाँ से 8 किलोमीटर की दूरी पर एक लाल किला था जहाँ लाल साहब रहा करते थे। कुणाल को लगता था कि लाल साहब अंग्रेज हैं। लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि वे लाल कोठी के एक नामी जमींदार थे। जब कुणाल रायधुरवा जाते थे, तो लाल साहब अगले दिन सुबह 10 बजे उनके लिए टैक्सी भेज देते थे। वे पूरा दिन लाल साहब के साथ बिताते थे। वे उनसे सामान्य ज्ञान के कई सवाल पूछते थे।

संजय गोस्वामी

लेखक

कुशल प्रशासक, पूर्व कुलपति आध्यात्मिक जगत के वशिष्ठ आचार्य किशोर कुणाल के साकेत गमन 29/12/24 को हुआ जिसका समाचार अत्यंत दुःखद है। उनके जाने से यह स्थान सदा के लिए रिक्त हो गया। भगवान-उन्हें अपने चरणों में स्थान दे। । किशोर कुणाल (जन्म 1950) भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी हैं जो भारत के बिहार राज्य से हैं। अपने पुलिस करियर के दौरान, उन्हें अयोध्या विवाद पर विश्व हिंदू परिषद और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता करने के लिए प्रधान मंत्री वीपी सिंह द्वारा विशेष कार्य अधिकारी (अयोध्या) के रूप में नियुक्त किया गया था उनके पिता का पैतृक गांव बरुराज है जो दुनिया के पहले स्वतंत्र गणराज्य वैशाली से 35 किलोमीटर दूर स्थित है। यह गांव मुजफ्फरपुर जिले में था, लेकिन अभी वैशाली बिहार का एक स्वतंत्र जिला बन गया है। पहले यह मुजफ्फरपुर जिले का ही एक हिस्सा था। मेरे पिता का जन्म 12 जून 1950 को अपने नाना के घर कोटवा ग्राम में हुआ था। फिर वे कुछ दिनों तक पीपराकोठी में रहने के बाद बरुराज आ गए। कुछ साल पहले वे अपने नाना के घर गए थे। उसके बाद उन्होंने गांव के ही स्कूल में माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। दरअसल, उनके घर से 3 मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय, 5 मीटर पर जगदंबा मंदिर, 7 मीटर पर एक सुंदर तालाब और 10 मीटर की दूरी पर एक शिवालय स्थित है। किशोर कुणाल के अनुसार, बड़े होने के बाद से वे भगवान शिव की पूजा किए बिना भोजन नहीं करते थे। लेकिन उनकी मां कहा करती थीं कि नन्हे कुणाल ने छोटी सी उम्र में ही स्लेट पर लिखना शुरू कर दिया था। दरअसल, वे एक होशियार बालक थे। लेकिन गांव के स्कूल में वह इतना लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कुछ छात्रों के बीच अव्वल आना गर्व की बात नहीं थी। उसके गांव के पास ही एक मिडिल स्कूल था, जहां वह पढ़ता था। यहां हमेशा दूसरे गांव के छात्र कपिल देव राय और मास्टर कुणाल के बीच क्लास में प्रथम आने की होड़ लगी रहती थी। एक बार गांव में एक संत आए जो बच्चों के चेहरे पर अपनी पवित्र दृष्टि डालते ही कई अविश्वसनीय बातें बता देते थे। एक बात कुणाल को आज भी याद है कि संत ने मास्टर कुणाल के बारे में भविष्यवाणी की थी कि वह बहुत बुद्धिमान होगा, पुलिस या सेना में अधिकारी बनेगा और सबसे बड़ी बात यह कि वह अपने जीवन में जरूर पानी में डूबेगा। संत ने यह भी कहा कि भगवान उसकी रक्षा करें। नतीजतन कुणाल को उसके घर के पास स्थित सुंदर तालाब में नहाने की इजाजत नहीं दी गई। समझदारी से परिवार के सभी सदस्य और उसके हमउम्र कई दोस्त तैरना जानते थे और तालाब में नहाते थे, लेकिन कुणाल को ऐसा करने की सख्त मनाही थी। नतीजतन वह गांव का अकेला ऐसा आदमी रह गया जिसे पानी में तैरना नहीं आता था। घर में उनकी दादी ही परिवार की मुखिया थीं, क्योंकि उनके दादा का निधन तभी हो गया था, जब वे शिशु अवस्था में ही थे। उनके पिता उत्तरप्रदेश के बलराम शुगर मिल में गन्ना निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनके चाचा एक और अभिभावक थे, जो इतने सख्त थे कि हर कोई उनसे और उनके अनुशासन से डरता था। उनके दादा का नाम ब्रज नंदन प्रसाद शाही और दादी का नाम जय रूपश्री था। वे अपने माता-पिता रामचंद्र प्रसाद शाही और विंद्येश्वरी देवी की दूसरी संतान हैं। आचार्य कुणाल के दो भाई और दो बहन हैं। बड़ी बहन का नाम रामस्नेही देवी, छोटी बहन का गायत्री और छोटे भाई का नाम रामचंद कुमार है। इसके अलावा उनके चाचा-चाची का नाम रमाशंकर प्रसाद शाही और लालसा देवी हैं। उनकी चार संतानें हैं- प्रेमलता देवी, सतीश कुमार, शिवेंद्र कुमार और सुमित कुमार। अपने सभी पूर्वजों में से उन्हें केवल अपने परदादा स्वर्गीय श्री राजेंद्र प्रसाद साही का नाम ही पता है। इसके अलावा तीन शताब्दी पूर्व कमलपुरा गांव से कई परिवार बरूराज में आकर बसे थे। इनमें उनका एक पुश्तैनी परिवार भी था। दरअसल, परिवार सुखी और समृद्ध नहीं था, लेकिन उनके पिता की सेवा और कुछ पुश्तैनी जमीन की वजह से परिवार संतुष्ट और प्रसन्न था। परिवार काफी सुसंस्कृत था और प्रख्यात हिंदी कवि कबीर दास के उल्लेखनीय शब्दों में विश्वास करता था- साईं इतना दीजिए, जहां में कुटुंब समाया, मैं भी भूखा न रहूं साधु न भूखा जाए। उनके पिता कहा करते थे कि प्राचीन परंपराओं के अनुसार, अतिथि को यहां भगवान के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए। गणेश चौधरी और रामशीष चौधरी उनके घर दोपहर का भोजन करते थे। दोनों जन्म से पासी थे। वे अक्सर उनके घर मित्र या शुभचिंतक के रूप में आते थे। उनके साथ कभी भेदभाव नहीं किया गया। उन्हें उसी श्रेणी में भोजन परोसा गया, जैसा उनके परिवार को दिया जाता था। उनके घर में पुरुष मांसाहारी भोजन खाते थे, जबकि महिलाएं शाकाहारी थीं। केवल उनकी चाची अपवाद थीं क्योंकि उन्हें मांस पकाना पड़ता था कुणाल को अक्सर मांस परोसा जाता था और उसे एक या दो बार थोड़ा सा मांस लेना पड़ता था लेकिन वह रो कर विरोध करता था क्योंकि उसे लगता था कि यह पाप है क्योंकि उसे एक जानवर की हत्या करनी थी। एक बार उसने संस्कृत की एक किताब में पढ़ा- अहिंसा पर मो धर्म। बचपन में मास्टर कुणाल अपनी नानी के घर नहीं जाते थे।

और सरल कर व्यवस्था जरूरी

डॉ. जयंती लाल भंडारी

यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। हाल ही में 21 दिसंबर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण व राहत संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए यह कहा गया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुमार्ना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर मुक्त किया गया है। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त 2024 में आयकर अधिनियम सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वीके गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है। यह समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से 25 सितंबर 2020 से पूरे देशभर में लागू करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था और वर्ष 2019 में लागू करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढकर 10.45 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लगने वाले 17 केंद्रीय और राज्य स्तरीय टैक्स के साथ-साथ करीब 23 अलग-अलग तरह के उपकरों को समाहित किया गया है। जीएसटी विनिमार्ताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढकर 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है।

यूपी में हुए उलटफेरों ने राजनीतिक दलों को दिए भविष्य के संकेत किसी का बढ़ा कद तो किसी के अस्तित्व पर सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश की सियासत में इस साल कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा वहीं विधानसभा उपचुनाव में पार्टी ने जबरदस्त वापसी की। इस उथल-पुथल के पीछे का क्या संदेश है? साथ ही मायावती वरुण गांधी आजम खान अखिलेश यादव और स्मृति इरानी जैसे बड़े नेताओं को उत्तर प्रदेश से साल 2024 का क्या मैसेज है? साल 2024 को नेताओं का संकेत.डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की सियासत में इस साल बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं। जहां एक ओर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पार्टी ने जबरदस्त कमबैक किया। वहीं लोकसभा चुनाव में बढ़त के बाद प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी गदगद नजर आ रही है। साल 2024 को खत्म होने में महज कुछ घंटे ही बाकि हैं, आज हम इस स्टोरी में इस साल यूपी की सियासत में हुए उथल-पुथल के बारे में बात करेंगे। जानने की कोशिश करेंगे कि अमेठी-अयोध्या लोकसभा सीट और कुंदरकी विधानसभा सीट पर हुए उलटफेर के पीछे का संदेश क्या है?

साल 2024 की शुरूआत में जहां एक ओर ठंड अपना जबरदस्त प्रकोप दिखा रही थी, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक तापमान लगातार गर्म होता जा रहा था। कई दशकों के इंतजार के बाद राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका था। उसके बाद यह पहला लोकसभा चुनाव था। टिकट के लिए दावेदारों ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगाना शुरू कर दिया था। पार्टियों ने भी प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजनीति का अखाड़ा... उत्तर प्रदेश राजनीति के लिहाज से उत्तर प्रदेश एक ऐसा अखाड़ा है, जहां सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के दिग्गज नेता मैदान में होते हैं। लोकसभा चुनाव में लगातार दो बार के प्रधानमंत्री नेता नरेंद्र मोदी (ठंशील्लरिं टङ्क) वाराणसी से मैदान में थे, तो कांग्रेस के राहुल गांधी रायबरेली सीट से प्रतिद्वंदी को चुनौती दे रहे थे। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज से, उनकी पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही थीं। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सूबे की राजधानी लखनऊ से एक बार फिर मैदान में थे।

बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चला रहे 16 ट्रैक्टरों का चालान

पीडीडीयू नगर, । सुरक्षित यातायात के लिए एसपी के निर्देश पर जिला और यातायात पुलिस अभियान चला रही है। इस क्रम में बिना लाइसेंस वाहन चला रहे और रिफ्लेक्टर टेप न होने पर 16 ट्रैक्टरों का चालान कर दिया गया। वहीं वाहन चालकों को जागरूक करते हुए रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया। जबकि एक नाबालिग द्वारा ट्रैक्टर चलाने पर वाहन को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात रघुराज की देखरेख में यातायात प्रभारी सुरेन्द्र यादव और यातायात पुलिस टीम सर्दियों में कोहरे को कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं कमी लाने हेतु ट्रैक्टर-ट्राली समेत सभी व्यावसायिक वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ ही जागरूक किया जा रहा है। लाइसेंस न होने और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के क्रम में रात में चलते हुए ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से आने वाले वाहनों को दिखाई नहीं देती है जिस कारण हादसे की आशंका अधिक हो जाती है।

ट्रैक्टर और टेम्पो के बीच टक्कर होने से दो लोगों की मौत, चार घायल

हरदोई । हरदोई जिले में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर से टेम्पो सवार दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बिलग्राम के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रवि प्रकाश सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम परसोला गांव के पास हरदोई-कन्नौज मार्ग के शाहपुर मोड़ पर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर और टेम्पो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए। घटना में टेम्पो सवार अफसर (40) और रामबक्स (33) की मौत हो गई। हादसे में घायल चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह ने बताया कि पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि हादसे का मुख्य कारण ट्रैक्टर की तेज रफ्तार और वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

काशी : सोमवती अमावस्या के स्नान पर आस्था की डुबकी लगा रहे श्रद्धालु

काशी, । धर्म नगरी काशी में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए गंगा स्नान कर रहे हैं। सोमवती अमावस्या का संबंध सोमवार के दिन होने के कारण इसे ह्लसोमवती अमावस्याह्व भी कहा जाता है। आज के दिन श्रद्धालु स्नान, ध्यान और पूजा-अर्चना में लीन रहते हैं। खासकर, श्री काशी विश्वनाथ (शिव) की पूजा और आराधना के लिए यह समय बहुत शुभ माना जाता है। इसके अलावा, पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का भी महत्व है। इन धार्मिक क्रियाओं से परिवार को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन शिव-गौरी की पूजा और व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस संबंध में पंडित राजू झा ने बताया, आज पौष मास का अमावस्या है। इसे सोमवती अमावस्या भी कहा जाता है। आज के दिन स्नान करने, दान या धर्म करने से अतृप्त आत्मा की तृप्ति होती है। इससे हमें पितर देवता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हमें इससे आशीष प्राप्त होता है। इससे हमारे वंश की वृद्धि होती है और हमारा जीवन आनंदकारी बीतता है। उन्होंने बताया कि आज के दिन जब हम किसी भी प्रकार के धार्मिक कार्य करते हैं, तो इससे हमें बड़ा पुण्य मिलता है। आज के दिन पूरे विश्व से श्रद्धालु आ रहे हैं। सभी लोग अपनी क्षमता के अनुरूप पूजा करा रहे हैं। आज का दिन भगवान का शिव का भी दिन माना जाता है। कई लोग आज के दिन मां काली की भी पूजा करते हैं। वहीं, पंडित मनीष उपाध्याय ने कहा कि आज अमावस्या का स्नान है। आज के दिन स्नान करने से बहुत पुण्य होता है। प्रभु की कृपा इस दिन बनी रहती है। यह भगवान शिव जी की नगरी है। कहा जाता है कि यह नगरी शिव जी के त्रिशूल में बसी हुई है। आज के दिन अगर कोई गंगा स्नान करता है, तो उसे पुण्य की प्राप्ति हो ही जाती है।

संभल : सपा का प्रतिनिधिमंडल करेगा मृतकों के परिजनों से मुलाकात, 5 लाख रुपए की सहायता भी दी जाएगी

संभल, । समाजवादी पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संभल में जाकर हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करेगा और उन्हें 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के साथ संभल सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत पांच सांसद और 4 विधायक डेलिगेशन में शामिल रहेंगे। इस बारे में पार्टी के जिला अध्यक्ष जिला असगर ने विस्तृत जानकारी दी। जिला अध्यक्ष अली असगर ने बताया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल पहले भी यहां आने वाला था। लेकिन, तब प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं मिली थी। यहां पर 24 नवंबर को शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पांच लोग मारे गए थे। उनके परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान किया था। अखिलेश यादव ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का ऐलान किया था। हमारा डेलिगेशन पहले भी यहां आने वाला था। लेकिन, प्रशासन ने किसी कारणवश नहीं आने दिया। अब हमने 30 दिसंबर को संभल आने का फैसला किया। हम हिंसा में मारे गए मृतकों के परिजनों से मुलाकात करेंगे और उन्हें पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे इस प्रतिनिधिमंडल में दो नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हैं। जिसमें एक विधानसभा और दूसरे विधान परिषद के हैं। इसके अलावा, मुजफ्फरनगर, संभल और कैराना के सांसद भी इस प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इसके अलावा, कई अन्य लोग हमारे भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहले यह चर्चा थी कि अखिलेश यादव भी हिंसा में मारे गए पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। लेकिन, इससे पहले जिस तरह से प्रशासन ने हमारे डेलिगेशन को आने से मना कर दिया। ऐसे में अब यह लोग अखिलेश यादव को कैसे आने देंगे, लेकिन मैं बात कह देना चाहता हूं कि उन्हें जैसे ही मौका मिलेगा, वह यहां पर जरूर आएंगे।

टाटा समूह और इस्कॉन ने लिया ब्रज के 15 प्राचीन कुण्डों के पानी को आचमन योग्य बनाने का जिम्मा

मथुरा, । औद्योगिक घराने टाटा समूह और धार्मिक संस्था ह्यइस्कॉनह्ल ने ब्रज के प्राचीन कुण्डों के जल को आचमन योग्य बनाने का जिम्मा लिया है। इसके लिए दोनों ने कुल 15 कुण्डों को चिन्हित किया है। बाकी कुण्डों के उद्धार के लिए मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) स्वयं कार्य करेगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज में अनेक ऐसे प्राचीन कुण्ड मौजूद हैं, जो धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के हैं। परिषद द्वारा इनके सौंदर्यीकरण के साथ–साथ जल की गुणवत्ता सुधारने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन्हीं में 15 कुण्डों के उद्धार के लिए टाटा समूह और धर्म प्रचार संस्था ह्यइस्कॉनह्ल आगे आए हैं। इनमें से टाटा समूह ने आठ कुण्डों और सात कुण्डों की जिम्मेदारी इस्कॉन ने ली है। पांच कुण्डों के जल शोधन का जिम्मा खुद एमवीडीए ने लिया है। सिंह ने बताया कि मथुरा जिले में कुल 2052 जल इकाइयां मौजूद हैं। इनमें से 288 इकाइयों का शुमार कुण्डों के तौर पर होता है। हालांकि इनमें से अधिकांश देखरेख के अभाव में जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। इन कुण्डों के पानी की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। इनका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व भी है। उन्होंने बताया कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा इनमें से दो दर्जन प्राचीन कुण्डों का पुनरुद्धार कराया गया है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसके साथ ही अब तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज के इन प्राचीन कुण्डों का सौंदर्यीकरण करने व उनके जल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए निजी संस्थाओं की मदद लेना शुरू किया है। सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया में टाटा गुप के साथ इस्कॉन की मदद ली जा रही है। टाटा समूह ने गोवर्धन के मानसी गंगा, राधाकुण्ड, कृष्ण कुण्ड, अष्ठसखी कुध्ड, शांतनु कुण्ड, गरुड़ गोविंद कुण्ड व नरी सेमरी कुण्ड को गोद लिया है। उन्होंने बताया कि इस्कॉन ने बरसाना के प्रिया कुण्ड सहित पावन सरोवर, वृषभानु कुण्ड, व्हिक कुण्ड, जल विहार कुण्ड, कृष्ण कुण्ड आदि कुण्डों को अपनाते हुए उनके पानी को आचमन योग्य बनाने की जिम्मेदारी ली है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण ललिता कुण्ड, वृंदा कुण्ड, नारद कुण्ड, सौभरि कुण्ड एवं आट्स से सुनरख तक ड्रेन का सौंदर्यीकरण कर उनके जल को स्वच्छ बनाने का काम करेगा।

संक्षिप्त खबरें

मानसिक रूप से परेशान युवक की ट्रेन से कट कर मौत

गाजीपुर, । स्थानीय थाना क्षेत्र के औड़िहार जौनपुर रेलमार्ग पर फरिदहा गांव के पास सोमवार की सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से तरछा गांव निवासी 24 वर्षीय विशाल उर्फ गोलू यादव पुत्र हवलदार यादव की मौत हो गई। रेलवे स्टेशन से मेमो भेजकर स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची खानपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विशाल यादव सोमवार की सुबह अपने घर से चार किलोमीटर की दूरी पर टहलते हुए फरिदहा हॉल्ट के पटरी पर पहुंच गया था। इसी दौरान मालगाड़ी ट्रेन आ गई जिससे चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तीन बहन, दो भाई में सबसे छोटा था और अविवाहित था। घटना के बाद मां राधिका देवी व परिवार के सभी लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। राधिका देवी अचानक बेटे के मरने की सूचना पर बदहवास हो गई। विशाल घर पर रहकर परिवार के साथ खेती करता था। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया विशाल की मानसिक स्थिति खराब थी।

ठंड में गोशालाओं की व्यवस्थाएं बदहाल

निजामाबाद, । ठंड की शुरूआत हो चुकी है। पशु पक्षी भी ठिठुरे हुए हैं। बेसहारा गोवंश आश्रय स्थलों में ठंड से बचाव के मुकम्मल व्यवस्था न होने से गोवंशों की दुर्दशा हो रही है। टाट पट्टी, तिरपाल जरूरत के मुताबिक नहीं हैं। टिनशेड और नीचे खाली जमीन पर बैठने से बेजुबान कराह उठते हैं। कस्बा निजामाबाद में बने गोवंश आश्रय स्थल का जायजा लेने पर हालत खराब मिली। इसमें 18 से अधिक बेसहारा पशु रखे गए हैं। इससे गोवंश के लिए भूंसा, चारा, दाना की व्यवस्था की गई है। गोवंश के संरक्षण के लिए सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है। शासन ने गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए टाट के बोरे तथा गुड़ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे।

पछुआ हवा चलने से बढ़ी ठंड, नहीं मिल रही राहत

आजमगढ़, । जिले में सोमवार को भी आसमान में बादल छाये हुए थे। सूर्य के दर्शन नहीं हुए। वहीं पछुआ हवा के चलने से ठंड बढ़ गयी है। न्यूनतम के साथ ही अधिकतम पारा भी दो डिग्री सेल्सियस कम हो गया। बुधवार को बूंदाबादी के बाद से मौसम अचानक परिवर्तित हो गया। शनिवार को भी जिले में बूंदाबादी हुई। इसी के साथ ही आसमान में बादल छा गए। रविवार की भोर में जहां कोहरा छाया हुआ था। वहीं सुबह कुछ देर के लिए धूप निकली तो लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन चंद घंटे बाद ही पछुआ हवा के साथ आसमान में बादल छा गए। पूरे दिन बादलों के साथ ही पछुआ हवा चल रही थी। सोमवार की सुबह से भी आसमान बादल छाये हुए थे। इसी के साथ ही पछुआ हवाएं चलने से ठंड बढ़ गयी है। जिससे लोग पूरे दिन ठिठुरते हुए नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को हो रही है। ठंड से बचने के लिए वे अलाव का सहारा ले रहे हैं। सोमवार को अधिकत तापमान 21 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

बाइक की चपेट में आई युवती घायल

ज्ञानपुर, । नगर से सटे हास्टल चौराहा पर सोमवार की सुबह बाइक की चपेट में आई साइकिल सवार युवती घायल हो गई। घायल युवती का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। वहीं, बाइक चला रहा एक छात्र भी मामूली रूप से जख्मी हो गया। कोतवाली क्षेत्र के जाठी नेवादा गांव निवासी संगीता साइकिल से पटेल नगर स्थित किसी आफिस में जा रही थी। इस बीच उक्त स्थान पर पहुंचते ही बाइक की चपेट में आकर साइकिल समेत गिरकर घायल हो गई। बाइक चला रहे दोनों छात्र भी गिर गए। एक छात्र भी मामूली रूप से चोटहिल हो गया।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बनाई गई रणनीति

प्रात : किरण संवाददाता

प्रयागराज, । प्रयागराज में अगले महीने आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बहुआयामी रणनीति बनाई गई है। महाकुंभ में पूरे विश्व से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ह्यडिजिटल महाकुंभ को ह्यसाइबर सुरक्षितह्ल महाकुंभ बनाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रणनीति बनायी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रयागराज में साइबर विशेषज्ञों और पुलिस के आला अधिकारियों की एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में बैठक हुई जिसमें कुछ साइबर विशेषज्ञ डिजिटल माध्यम से भी जुड़े रहे। कुमार ने कहा, महाकुंभ में साइबर अपराध से लड़ने के लिए हमने एक बहुआयामी रणनीति बनाई है जिसमें पुलिस अधिकारियों के अतिरिक्त आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)-कानपुर जैसे विशेषज्ञ संस्थानों से साइबर विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक (प्रयागराज जोन) भानु भास्कर की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर, अपर पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध), पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक (प्रयागराज रेंज), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला एवं साइबर विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान साइबर सुरक्षा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अमेठी : भाजपा ने जिला मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की घोषणा की

प्रात : किरण संवाददाता

अमेठी, । उत्तर प्रदेश के अमेठी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पांडे ने की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति के बाद मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों के नामों पर मुहर लगी। इस बार भाजपा ने नए कार्यकताओं को एक बार फिर से मौका दिया है और उन्हें मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। हालांकि, जिले के कुछ मंडलों के अध्यक्षों की सूची अभी बाकी है और उनकी घोषणा जल्द की जाएगी। पार्टी द्वारा जारी की गई सूची के मुताबिक, जायस नगर से अनोखे लाल को जिला मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तिलोई से पंकज अवस्थी, सिंहपुर से गौरव श्रीवास्तव, राजाफत्तेपुर से सत्य नारायण सिंह, रानीगंज से अमरनाथ को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, जगदीशपुर से शेखर तिवारी, विश्वकर्मा नगर से राजेश कुमार सिंह, शाहगढ़ से काशी प्रसाद मिश्र, गौरीगंज से अजय सिंह और मुसाफिरखाना से राम गोपाल कौशल को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उधर, गौरीगंज नगर से विकास मौर्य, भादर से दिलीप कुमार, भेटुवा निमिषा त्रिपाठी को और संग्रामपुर श्री राजेश कुमार शुक्ल को जिला मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा पार्टी की तरफ से जिला प्रतिनिधि के नामों पर मुहर लगा दी गई। जायस नगर से तीर्थराज सिंह को जिला प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त किया। तिलोई से सोनू को जिला प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त किया गया। उधर, सिंहपुर से सुनील पासी, राजाफत्तेपुर इंद्रेश कुमार पांडे, रानीगंज से रंजीत कौर, जगदीश पुर से धर्मराज कौशल, विश्वकर्मा नगर से दीपचंद पांडे, शाहगढ़ राधेश्याम चौहान, गौरीगंज ग्रामीण से अरुण कुमार मौर्य, मुसाफिर खाना से महेंद्र कुमार मिश्र, गौरीगंज नगर से सूर्य नारायण तिवारी, भादर से अनिल सिंह, भेटुआ से इंद्रजीत यादव, संग्रामपुर से चंद्रकेश यादव को जिला प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया गया।

गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी मैथ्स मेला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा ।गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी एवं मैथ्स मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर कृष्णा, मोहम्मद समीर, अभिषेक ,स्पर्श वर्मा ,सक्षम शर्मा, आयत, पंखुड़ी त्यागी, कनिष्का ,विशाखा, कनिका प्रथम स्थान पर रहे वहीं द्वितीय स्थान पर नशरा,अर्श ,शौर्य, आयुष ,रजत और उजैर रहे इसी क्रम में तृतीय स्थान पर महिमा, स्नेहा वर्मा, राशि ,भावना , भावना , परीक्षा ,यशवी, तान्या एवं जारा रही वहीं मैथ्स मेला में प्रथम स्थान पर आराध्य रस्तोगी पर प्रथमेश ,असद ,अंश सैनी अर्जुन, नक्श ,कुंज कौशिक रहे वहीं द्वितीय स्थान पर मैथ्स मेला में दीपाली, गुनगुन एवं साक्षी रही इसी श्रृंखला में मैथ्स मेला में तृतीय स्थान पर कनिका, विशाखा ,कनिष्का रही इन सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरपी इंटर कॉलेज से आई मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती मधुबाला ने कहा की सभी बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रोजेक्ट बनाए हैं और उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगी ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा को और निखारे ।वहीं आरएसपी इंटर कॉलेज से आए जीव विज्ञान के प्रवक्ता कांता प्रसाद पुष्पक ने कहा कि जो बच्चे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर नहीं आ पाए वह अपना मनोबल ना गिराए और अगली बार और मेहनत करें उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी एवं मैथ्स मेला में बहुत ही सुंदर बच्चों ने प्रोजेक्ट बनाएं जो की बधाई के पात्र हैं वहीं इसी कॉलेज से आए विज्ञान के प्रवक्ता पंकज छाबड़ा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के द्वारा बच्चों में नए-नए तकनीकी विचार आते हैं और अपने विचारों को विज्ञान प्रोजेक्ट के द्वारा साकार मूर्त देते हैं इसी श्रृंखला में आरपी इंटर कॉलेज से आए मैथ्स के प्रवक्ता मोहक दीक्षित जी ने कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विज्ञान और मैथ्स प्रोजेक्ट के द्वारा उन्होंने अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल कर लाए हैं विद्यालय एक ऐसा प्लेटफॉर्म होता है जिसमें बच्चों की प्रतिभा बाहर निकल कर आती है अंत में विद्यालय की प्रबंधिका सुधा रस्तोगी ने आरएसपी इंटर कॉलेज से पधारे मुख्य अतिथियों को धन्यवाद दिया।अंत में विद्यालय की प्राचार्य पर्ल रस्तोगी ने मुख्य अतिथियों को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और सभी अतिथिगण का धन्यवाद दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में तारा रानी, साक्षी वर्मा, सन अंजुम, अभिषेक सर ,नेहा कामिल ,रुबीना, सलोनी, अमानी, रिया ,शफक ,मंशा, संगीता ,रचना, इमराना, सन रिया ,आंचल ,गुलअफशा, नाजिश ,राम वर्मा , सम्मन का सहयोग रहा।

महिलाओं को अब यौन उत्पीड़न से मुक्ति, सरक्षित और भर रहित वातावरण प्रदान करना

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत जनपद स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013) के अन्तर्गत विकास भवन, सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। च्ैः प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि सभी महिला कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त, सुरक्षित और भय रहित वातावरण प्रदान करना है। महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत घटना की तारीख से तीन महीने के अंदर की जा सकती है। अगर शिकायतकर्ता शारीरिक रूप से अक्षम है, तो उसके रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी घटना की जानकारी रखने वाला कोई व्यक्ति उसकी लिखित सहमति से शिकायत कर सकता है। अगर आईसीसी का कोई फैसला शिकायतकर्ता या प्रतिवादी को पसंद नहीं आता, तो वह 90 दिनों के अंदर मा0 न्यायालय या न्यायाधिकरण में अपील कर सकते हैं।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, समस्त सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

गजरौला। अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पित्रों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया और पूजन कर मन्नत मांगी। गजरौला के ब्रजघाट व तिगरी धाम में सोमवार की सुबह से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया। अमरोहा के अलावा संभल, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ आदि जनपदों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे। दोपहर बाद तक स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। बहुत से श्रद्धालु रविवार की देर रात ही ब्रजघाट पहुंच गए थे। मान्यता है कि अमावस्या पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। आज भक्तों ने भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं धन धान्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान पुण्य भी किया एवं गरीबों को भोजन भी कराया। पुलिस की कड़ी चौकसी रही।

पुलिसकर्मियों को धक्का देकर तस्कर फरार दारोगा समेत दो पुलिसकर्मी निलम्बित

बाराबंकी, बाराबंकी जिले में मार्फीन बरामदगी के बाद गिरफ्तार किया गया एक तस्कर पुलिसकर्मियों को धक्का देकर फरार हो गया। इस मामले में एक दारोगा समेत दो पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने यहां बताया कि सुबेहा क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी असगर अली को पुलिस ने शनिवार देर रात रतौली अंडरपास के पास गिरफ्तार किया था। उसके पास से लगभग 25 लाख रुपये मूल्य की 252 ग्राम मार्फीन बरामद की गयी थी। पुलिस ने उसे थाने लाकर हवालात में बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर अली ने लघुशंका का बहाना बनाकर खुद को लॉकअप से बाहर निकलवाया।

फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बलिया, । उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फर्जी निवास प्रमाण–पत्र और आधार कार्ड तैयार कराकर उत्तर प्रदेश के युवाओं को अवैध तरीके से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में रेलवे और सेना की प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित कराने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के मुखिया को बलिया में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने बलिया शहर कोतवाली के जमुई गांव से रविवार को छापेमारी कर शशि भूषण उपाध्याय नामक एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसटीएफ के निरीक्षक पुनीत परिहार की तहरीर पर बलिया शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि एसटीएफ की वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि बलिया जिले के आसपास के क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के निवासी अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल खासकर कोलकाता का फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर इस्तेमाल में ला रहे हैं। इसमें एक संगठित गिरोह कार्य कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि छानबीन के दौरान यह बात सामने आयी कि शशि भूषण उपाध्याय नामक व्यक्ति सेना, रेलवे और अन्य सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं में शामिल कराने के लिए लोगों का फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाता है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने रविवार को सूचना के आधार पर बलिया जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के रहने वाले शशि भूषण उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से बड़ी संख्या में फर्जी निवास प्रमाण पत्र बरामद किये। दर्ज प्राथमिकी के अन

संक्षिप्त खबरें

कोहरे से फरक्का और नार्थईस्ट निरस्त,कई विलंबित

पीडीडीयू नगर,। पीडीडीयू जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों पर कोहरे का असर दिखना शुरू हो गया है। इस दौरान सोमवार को दो ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया। वही कई ट्रेनें काफी विलंबित रहीं। इससे यात्री परेशान दिखे। कोहरे के कारण सोमवार को अप की फरफ्का और नार्थईस्ट एक्सप्रेस निरस्त रही। वही विलंबित ट्रेनों में बंगलूरू दानापुर स्पेशल 16 घंटे, संपूर्ण क्रांति क्लोन 5 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं सिकंदराबाद दानापुर स्पेशल 8 घंटा, गुवाहाटी पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति तीन घंटे की देरी से स्थानीय जंक्शन से रवाना हुई। इसके अलावा अप की दानापुर सिकंदराबाद स्पेशल 3 घंटा, उड़ीसा संपर्क क्रांति 1 घंटा विलंब से गंतव्य को रवाना हुई।

मकान संबंधी विवाद में सगे भाई की चाकू मारकर हत्या

बिजनौर,। बिजनौर जिले के नूरपुर क्षेत्र में मकान को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक राम अरज ने सोमवार को बताया कि धौलागढ़ गांव में रविवार रात लगभग नौ बजे निमार्णाधीन मकान को लेकर हुए झगडे.के बाद दिनेश सैनी ने अपने सगे भाई मोहित (25) की चाकू मार कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गलन भरी सर्दी का कहर, पहाड़ों पर बर्फबारी और पछुआ हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

फिरोजाबाद, ।जिले में इस समय सर्दी ने अपने तेवर दिखाए हैं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है, जिसके कारण पूरा क्षेत्र कड़ी ठंड से जूझ रहा है। दिनभर घना कोहरा छाया रहा, जिससे सूर्य की किरणें भी धरती तक नहीं पहुँच पाईं। इस सर्दी का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। उनकी सेहत पर इसका विपरीत असर हो रहा है। इस सर्दी से बचाव के लिए नगर निगम ने रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था की है, लेकिन गरीबों को ठंड से राहत पाने के लिए कूड़ा जलाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। फिरोजाबाद में इस समय गरम कपड़ों की मांग में भारी इजाफा हुआ है, जबकि किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। मौसम के इस मिजाज से उनकी खेती पर असर पड़ने की संभावना है, जो उनकी आजीविका के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है।

पूर्व मंत्री की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

बलिया,। बलिया जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुर चिट गांव में पूर्व मंत्री शारदानंद अंचल की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि पूर्व मंत्री अंचल की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में विशाल यादव और विक्की को चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के नदी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से मूर्ति का अवशेष बरामद किया गया है। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुर चिट गांव में पूर्व ग्राम प्रधान कृष्णा यादव ने सपा के वरिष्ठ नेता और मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे शारदानंद अंचल की प्रतिमा को वर्ष 2013 में स्थापित कराया था। प्रतिमा को गत 25 दिसंबर की रात्रि खंडित कर दिया गया था तथा प्रतिमा से सिर को अलग कर गायब कर दिया गया था। इस मामले में पूर्व ग्राम प्रधान कृष्णा यादव की तहरीर पर 26 दिसंबर को अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि इस मामले में पुलिस एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

दो तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख रुपये की स्मैक बरामद

अमेठी । अमेठी जिले के इन्हौना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को करीब 50 लाख रुपये मूल्य की 500 ग्राम स्मैक बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने बताया कि नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत इन्हौना-सुबेहा मार्ग पर निरीक्षण के दौरान पुलिस ने दो लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली जिस दौरान उनके पास से 500 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। उनके मुताबिक, बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में दो तस्करों बाराबंकी के हैदरगढ़ निवासी वकील और अमेठी के जगदीशपुर के रहने वाले शमशीर आलम को गिरफ्तार किया गया है।

हर साल बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे योगगुरु स्वामी रामदेव

प्रात : किरण, संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योग गुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वह आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योग गुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले के उत्पादों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं।

इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योग गुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहींपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहींपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकंद और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है।

पीएम मोदी के डिजिटल महाकुंभ के विजन को सीएम योगी कर रहे साकार

प्रात : किरण, संवाददाता

महाकुंभ नगर, ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यडिजिटल महाकुंभह्ल के विजन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ह्यमहाकुंभ 2025ह्ल में साकार कर रहे हैं। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद ह्यमहाकुंभ नगरह्ल को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। ह्यमहाकुंभ 2025ह्ल में पहली बार मेला को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। ह्यमहाकुंभ भूमि एवं सुविधा आवंटनह्ल की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाओं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है, जिससे ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदक अपनी जमीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली

सुविधाओं का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है। ह्यकुंभ 2019ह्ल में 5,500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का डिजिलाइजेशन किया गया है। इस बार पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु-संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है। महाकुंभ सनातन के धार्मिक अनुष्ठानों का महायज्ञ है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। वहीं, लाखों लोग महाकुंभ के दौरान कल्पवास करेंगे। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला के लिए 25 सेक्टर में फैले 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है। सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई-रिजॉल्यूशन के नक्शे, जीआईएस बेस लेयर और 0.5 सेमी की एक्यूरेसी के साथ जियो-रेफरेंस कोड फाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं, थाने, चौकियां, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, अस्पताल, पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग जोन, शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि शामिल हैं।

गाजियाबाद : साइबर फ्रॉड करने वाले तीन गिरफ्तार, 4.5 करोड़ की ठगी का खुलासा

प्रात : किरण, संवाददाता

गाजियाबाद,। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की साइबर क्राइम टीम ने साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल, एक चेक बुक, एक पासबुक, दो एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। इनके पकड़े जाने से लगभग 4.5 करोड रुपए के साइबर अपराध की अलग-अलग घटनाओं का खुलासा भी हुआ है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी अमित राय ने बताया कि उसका एक गैंग है, जिसमें उत्तम दास, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल यादव और राहुल गैंग सदस्य हैं। इस गैंग के सदस्य बैंक के ड्रॉप बॉक्स से लोगों के चेक धोखाधड़ी से प्राप्त कर लेते थे। उन चेक में बेनिफिशियरी के नाम को केमिकल से हटाकर उसकी जगह अन्य डिटेल्स भरकर कैश कराया जाता था। डीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय ने

बताया कि आरोपी बैंकों में जाकर ड्रॉप बॉक्स में गलत चेक डाले जाने की बात कहकर बैंक कर्मी से बॉक्स खुलवाते थे। इसके बाद शातिर चेक प्राप्त कर लिया करते थे और उनमें डिटेल्स बदलकर रुपए निकाल लेते थे। अमित राय और उत्तम दास बदले हुए चेक को जिस बैंक खाते में जमा करते थे, उससे रुपए निकाले जाते थे। इसी गैंग के दूसरे आरोपी विवेक कुमार ने बताया कि वह अपने साथी अनुज, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल के साथ कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, वडोदरा, नागपाल, भोपाल, विजयवाड़ा, चेन्नई, हैदराबाद सहित देश के विभिन्न शहरों के बैंक के चेक ड्रॉप बॉक्स से चेक को प्राप्त करते थे और नाम बदलने का काम करते थे। इस गैंग ने कई बैंक खाते खुलवाए थे, जिनका इस्तेमाल विभिन्न साइबर ठगी में किया जाता था। डीसीपी के मुताबिक इनके पकड़े जाने से अब तक अलग-अलग शहरों में हुए 4.5 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड का पता चला है। पुलिस इनके अन्य आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है और उनके खातों को सीज करने की तैयारी की जा रही है।

समूह बनाकर लोन देने के नाम पर महिलाओं से ठगी

प्रात : किरण, संवाददाता

जफराबाद,।क्षेत्र के जमैथा गांव के अंजल पुरवा की महिलाओं से समूह बनवाकर लोन देने का झांसा देकर दो ठगों ने हजारों रुपये की ठगी कर लिया। गांव में पिछले कुछ दिनों से बाइक से दो युवक आ रहे थे।उन लोगो ने ग्रामीण महिलाओं से बताया कि उनकी कम्पनी का कार्यालय चन्दवक बाजार में है।उनकी कम्पनी महिलाओं का समूह बनवा कर लोन देती है।उस लोन से महिलाओं को रोजगार करने का अवसर मिलेगा।उस लोन पर बहुत ही मामूली ब्याज लगेगा।उन दोनों ठगों ने कुछ दिन में गांव की 13 महिलाओं को अपने जाल में फंसा लिया।जब ऊक्त 13 महिलाओं की टीम ने समूह का गठन कर लिया।तब ऊक्त दोनो ठगों ने कहा कि प्रत्येक महिलाओं को दो हजार 300 रुपये देकर अपना बीमा करवाना होगा।महिलाओं ने किसी प्रकार पैसे जमा करके बीमा के लिए पैसा दे दिया।।13 महिलाओं से 42 हजार 900 रुपये लेकर दोनो चले गए।उसके बाद उन लोगो ने मोबाइल भी बन्द कर लिया।ठगी का शिकार हुई मिथिलेश पत्नी शीतला प्रसाद,चन्द्रकला पत्नी मनोज कुमार,सरिता पत्नी सोनु,चन्द्रकला देवी पत्नी उमाशंकर, उषा पत्नी दयाशंकर,विजयलक्ष्मी पत्नी विजयप्रकाश, सरिता पत्नी दूधनाथ गौतम,उषा पत्नी दीनदयाल,नगीना पत्नी प्रमोद गौतम,सीता देवी पत्नी कमलेश,सीमा देवी पत्नी रविन्द्र गौतम ने बताया कि हम लोगो से दोनो ठग बिजनेस करने के लिए लोन देने तथा बिजनेस के कार्य मे भी सहयोग का झूठा वादा करके पैसा ठग लिए।गांव के लोग ऊक्त दोनो में एक कि फोटो तथा बाइक का नम्बर की फोटो खींच लिया है।अब सभी पुलिस को तहरीर देने का मन बना रहे हैं।ठगी की घटना से लोग हतप्रभ है।थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर अभी नही मिली है।

दहेज की मांग पूरी न होने पर बारात नहीं लाने को लेकर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

भदोही । भदोही जिले के ज्ञानपुर क्षेत्र में दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर बारात लेकर नहीं आने के आरोप में अदालत के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। ज्ञानपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार दुबे ने सोमवार को बताया कि मिजार्पुर जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के मटियारी गांव के निवासी रविकांत दुबे की याचिका पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (महिला उत्पीड़न) की अदालत ने गत 28 दिसंबर को कांवल निवासी ओम प्रकाश मिश्रा और उसके बेटों अखिलेश तथा बृजेश के खिलाफ भारतीय दंड विधान और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके अनुपालन में 29 दिसंबर को प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गयी है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार दुबे ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कांवल गांव के रहने वाले ओम प्रकाश मिश्रा के बेटे बृजेश कुमार मिश्रा (28) की शादी मिजार्पुर के रहने वाले दुबे की बेटी प्रज्ञा से 18 अप्रैल 2024 को होनी थी। उनके मुताबिक इसी सिलसिले में दुबे 15 दिसंबर 2023 को कांवल गांव में वर बृजेश के आवास पर तिलक रस्म पूरा करने आये थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शादी की तारीख नजदीक आने पर ओम प्रकाश मिश्रा और उसका बड़ा बेटा अखिलेश लड़की के पिता के घर पहुंचे और दहेज में 10 लाख रुपये की मांग की और कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो वह बारात नहीं लाएंगे। इसके अलावा दबाव बनाने के लिये गांव के कई लोगों को भी भेजा। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता ने कई बार मिन्नतें कीं, मगर वे नहीं माने। अदालत में दायर याचिका में दुबे ने आरोप लगाया कि बात बनती नहीं देख उन्होंने ज्ञानपुर थाने में इसी साल 22 फरवरी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। इसके अलावा 26 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। याचिका के मुताबिक, पुलिस की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिलने पर लड़की के पिता दुबे ने इसी साल सात मार्च को अदालत की शरण ली थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने करीब आठ महीने बाद ज्ञानपुर थाने को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

नये साल का जश्न मनाना हराम : फतवा

बरेली,। बरेलवी मसलक के चश्म ए दारुल इफ्ता ने नये साल का जश्न मनाने और मुबारकबाद देने को गैर इस्लामी करार देते हुए एक फतवा जारी करके मुसलमानों को इससे दूर रहने की हिदायत दी है। दारुल इफ्ता के मुख्य मुफ्ती और ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने रविवार को जारी फतवे में कहा है कि नए साल का जश्न मनाना, मुबारकबाद देना और इस अवसर पर पार्टियां आयोजित करना इस्लामी नजरिये से नाजायज है। फतवे में कहा गया है कि जनवरी से शुरू होने वाला नया साल ईसाईयों का नया साल है और यह विशुद्ध रूप से ईसाईयों का धार्मिक कार्यक्रम है इसलिए मुसलमानों का नए साल का जश्न मनाना जायज नहीं है। इसमें कहा गया है कि इस्लाम इस तरह के कार्यक्रमों को सख्ती के साथ रोकता है। फतवे में मुसलमानों से कहा गया है कि दूसरे मजहबों को मानने वालों के धार्मिक त्यौहारों में शामिल होने या उन्हें खुद आयोजित करने से बचें और दूसरे मुस्लिमों को भी रोंके। फतवा किसी धार्मिक मसले पर पूछे गये सवाल पर मुफ्ती द्वारा जारी जवाब का दस्तावेज होता है। हालांकि फतवे को मानना वांछनीय होता है लेकिन बाध्यकारी नहीं।

नेपाली तस्कर गिरफ्तार : डेढ़ करोड़ की चरस बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता

बहराइच,। बहराइच जिले में नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने रविवार शाम एक नेपाली युवक के कब्जे से डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की चरस बरामद करके उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के कार्यवाहक सेनानायक राज रंजन ने सोमवार को बताया कि एसएसबी और पुलिस के एक संयुक्त दल ने खुफिया सूचना पर रविवार दोपहर बाद रुपईडीहा सीमा पर संयुक्त गश्त की। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीमा स्तंभ संख्या 651/05 के पास नेपाल से भारत की ओर मोटरसाइकिल से आ रहे एक नेपाली युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से लगभग छह किलोग्राम चरस बरामद हुई। रंजन के अनुसार बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बतायी जाती है। उन्होंने बताया

कि पकड़े गए तस्कर की पहचान नेपाल निवासी 26 वर्षीय ज्ञान मान हरिजन के रूप में की गयी है। शुरूआती पूछताछ में उसने बताया कि उसने चरस की यह खेप नेपालगंज के जानकी गांव में लंगड़ा और महेश से प्राप्त की थी। उसे यह चरस बहराइच के रूपईडीहा स्थित बाबागंज कस्बे में एक किराना दुकानदार विष्णु शाह को देनी थी। रंजन के अनुसार पकड़े गये तस्कर व उससे बरामद मादक पदार्थ को सील करके रूपईडीहा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बताया कि नेपाली युवक के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत रविवार को रुपईडीहा थाने में मामला दर्ज किया गया। सोमवार को उसे पुलिस द्वारा अदालत में पेश किया जाएगा। बहराइच पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि पकड़े गए तस्कर से मिली सूचनाओं के आधार पर अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पड़ताल की जा रही है।

150 साल पुरानी प्रयागराज की धरोहर का दीदार कर सकेंगे महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु

प्रात : किरण, संवाददाता

महाकुंभ नगर,। महाकुंभ भारत की सनातनी परंपरा का धार्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है। जनवरी 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे इस महापर्व को दिव्य और भव्य स्वरूप देने में जुटी प्रदेश की योगी सरकार इसकी परंपराओं का संरक्षण करते हुए कुंभ नगरी की सांस्कृतिक धरोहरों का भी संरक्षण कर रही है। प्रयागराज शहर की एक धार्मिक पहचान होने के साथ ही कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ भी इसका नाम जुड़ा है। इसी के अंतर्गत आता है नगर निगम परिसर स्थित भवन, जिसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रयागराज नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सन 1865 के करीब संगम नगरी में बने सबसे पुराने ह्यग्रेट नॉर्दर्नह्ल होटल और बाद में नगर निगम कार्यालय में तब्दील इस 150 वर्ष से अधिक पुराने भवन का 9 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। कायाकल्प के बाद प्रयागराज वासियों समेत महाकुंभ में आने वाले पर्यटक भी यह ऐतिहासिक भवन देख सकेंगे। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग का कहना हैं कि यह भवन प्रयागराज की धरोहर है, इसे संरक्षित रखने की पहल नगर निगम ने

की है। महाकुंभ से पहले इस भवन के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा। अपने नए रंग रूप में यह भवन पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इस ऐतिहासिक इमारत में आजादी के पूर्व देश की आजादी में हिस्सा लेने वाले बुद्धिजीवी समाज की बैठकें होती थीं। 1930 के दशक में ब्रिटिश सरकार ने इस भवन को प्रशासनिक भवन में तब्दील कर दिया था। प्रयागराज नगर निगम के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सलाहकार सूरज वीएस ने बताया कि दिसंबर 2020 में नगर निगम के भवन में एक कमरे की छत गिर गई थी, इसके बाद इस पूरे भवन को गिराकर नया भवन बनाने पर विचार किया गया था। डेढ़ सौ साल से अधिक पुराने भवन को गिराने से पहले पुरातत्व विभाग से राय ली गई। एएसआई, एमएनआईटी प्रयागराज और आईआईटी मुम्बई से इस भवन के विषय में परामर्श लिया गया। 2020-21 में एएसआई की रिपोर्ट आने के बाद नगर निगम की इस बिल्डिंग को धरोहर बताते हुए इसका संरक्षण करने की सलाह दी गई। 150 वर्ष पहले इस भवन का निर्माण ईको फ्रेंडली चीजों से करवाया गया था, इसलिए अब इसका कायाकल्प इन्हीं चीजों से करवाया जा रहा है। इस भवन में पहले मरम्मत के दौरान जो भी नई चीजें लगाई गई थीं, जैसे सीमेंट का प्लास्टर, फर्श की टाइलें, खिड़कियां-दरवाजे, उन्हें अब हटाया जा रहा है, ताकि भवन को असली स्वरूप में वापस लाया जा सके। इससे भवन का तापमान प्राकृतिक रूप से ठंडा रहेगा और गर्मी में भी एयर कंडीशनर का कम इस्तेमाल किया जाएगा। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई की सवानी हेरिटेज जीर्णोद्धार का काम कर रही है, जो दिसंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद इस भवन में ह्यफसॉड लाइटिंगह्ल भी लगवाई जाएंगी। महाकुंभ में आने वाले पर्यटक इस ऐतिहासिक भवन को एक नए कलेवर में देखेंगे । सवानी हेरिटेज के जितेश पटेल ने बताया कि नगर निगम के इस पुराने भवन का जीर्णोद्धार, पुराने जमाने में निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से किया जा रहा है। निर्माण सामग्री के लिए लाइम मध्य प्रदेश के कटनी से और बाकी चीजें अलग-अलग राज्यों और लोकल मार्केट से मंगवाई जा रही हैं। सीमेंट बालू की जगह चूना, सुरखी, बालू, बेल गिरि, गुड़, उड़द की दाल, गुगुल और मेथी के मिश्रण से निर्माण सामग्री तैयार की जा रही है। इस बिल्डिंग के विषय में रोचक बात यह भी है कि एक समय में इसी बिल्डिंग में प्रयागराज म्यूजियम हुआ करता था। म्यूजियम से जुड़े साक्ष्य अब भी इस बिल्डिंग में मौजूद हैं।

नोएडा में लुटेरी दुल्हन गिरोह की वांछित महिला गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा, ।थाना सूरजपुर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गिरोह की वांछित महिला को दुल्हन बनकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया है। इसके पति समेत चार लोगों को चार दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि चार दिन पूर्व थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर प्रदीप, आमिर, संतोष, और मालती को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि जांच और पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग अविवाहित लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनकी शादी करवाते हैं। पीड़ित इनकी बताई जिस युवती से शादी करता, वह एक-दो दिन में वर पक्ष के घर का सामान चोरी करके उनके पास वापस आ जाती। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चार दिन पूर्व गिरफ्तार दानिश अपनी पत्नी अनम उर्फ महावीर उर्फ नेहा उर्फ सिमरन को दुल्हन बनाकर अविवाहित लोगों की शादी करवाता था, तथा सुहागरात के बाद वह उसके घर का सारा सामान समेट कर भाग आती थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने 23 शराबियों के खिलाफ की कार्रवाई

प्रात : किरण, संवाददाता

पीडीडीयू नगर, । जिले में सड़क, कार, सार्वजनिक स्थानों पर बीते रविवार की रात शराब पीकर और शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 23 लोगों के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। पुलिस शराबियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई करने में जुटी है। एसपी आदित्य लांग्हे के निर्देश पर जिला पुलिस अपने थाना क्षेत्रों में अभियान चला रही है। सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, रंगबाजी, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने, छेड़खानी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। अभियान के दौरान बीते शुक्रवार की रात शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। एक बार से अधिक पकड़े जाने पर डिफॉल्टर्स का लाइसेंस भी निरस्त करवाने की कार्रवाई की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील जगह चिह्नित कर पुलिस अभियान चला रही है। वहीं एसपी आदित्य लांग्हे ने लोगों से अपील की है कि वह शराब पीकर वाहन चलाने या सार्वजनिक स्थलों पर उपद्रव न करें। यदि शराब के नशे में उत्पात करते पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मृणाल ठाकुर ने दिखाई दिसंबर की डायरी से खास पलों की झलक

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट के जरिए प्रशंसकों को दिसंबर के रोमांच की झलक दिखाई।

सीता रामम फेम मृणाल ठाकुर ने दिल को छू लेने वाली तस्वीरों और वीडियो के साथ महीने के यादगार पलों को कैद किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में मृणाल ने त्योहारों से लेकर अपने परिवार और दोस्तों के साथ बिताए खूबसूरत पलों के साथ-साथ उनकी संजोई हुई यादों की भी झलक दिखाई।

तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने लिखा, दिसंबर हैदराबाद- मां। मृणाल ने सेट पर काम करते हुए खुद की क्लिप भी शेयर की, जिसमें उनकी आगामी प्रोजेक्ट्स के पर्दे के पीछे की झलक भी दिखाई दी।

इससे पहले अभिनेत्री ने एक पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को बताया था कि

तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने लिखा, दिसंबर हैदराबाद- मां। मृणाल ने सेट पर काम करते हुए खुद की क्लिप भी शेयर की, जिसमें उनकी आगामी प्रोजेक्ट्स के पर्दे के पीछे की झलक भी दिखाई दी।

उन्होंने डकैत की शूटिंग पूरी कर ली है।

अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में वह अपनी वैनिटी वैन में मेकअप करवाते दिखी थीं।

आगामी फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर अभिनेता अदिवी शेष के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। एक्शन-ड्रामा फिल्म के निर्देशक शेनिल देव हैं। यह एक गुस्सैल अपराधी की कहानी है जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने की योजना बनाता है जिसने उसे धोखा दिया था।

किरदार के बारे में जानकारी देते हुए मृणाल ने बताया था, फिल्मों में मैं जिस किरदार को निभाने जा रही हूं, वह मुझे एक ऐसे रूप को दिखाने का मौका देगा जो मैंने एक कलाकार के तौर पर पहले कभी नहीं निभाया था। डकैत की कहानी दर्शकों के लिए देखने लायक है। मैं शेनिल द्वारा कल्पना की गई दुनिया में उतरने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मृणाल ठाकुर के वर्कफ्रंट की बात करें तो टीवी जगत से निकलकर फिल्म जगत में अपने शानदार काम से छाने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर बाटला हाउस, सीता रामम और हाय नन्ना जैसी फिल्मों में शानदार काम कर चुकी हैं। ठाकुर, नाग अश्विन की हालिया रिलीज कल्कि 2898 ई में कैमियो भूमिका में नजर आई थीं।

कल्कि 2898 ई में दीपिका पादुकोण, प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन जैसे सितारों ने काम किया है।

संक्षिप्त खबरें

सिंगापुर में बेटे के साथ छुट्टियां मना रहीं श्वेता तिवारी, दिखाई झलक

मुंबई। टीवी जगत की खूबसूरत और सफल अभिनेत्री श्वेता तिवारी इन दिनों अपने लाडले के साथ सिंगापुर में छुट्टियां मना रही हैं। अभिनेत्री ने प्रशंसकों को झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर किए।

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है श्वेता तिवारी

श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर कर फैंस को रूबरू कराती रहती हैं। शूटिंग सेट से ली गई तस्वीरें हो या ट्रेंडिंग रिल्स, अभिनेत्री किसी भी मामले में कम नहीं हैं, फिर बात परिवार से जुड़े पोस्ट की हो तब भी वह लेटेस्ट पोस्ट के साथ आगे रहती हैं।

बेटे के साथ मस्ती करती दिखी

प्रेरणा फेम श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी छुट्टियों की तस्वीरों को शेयर किया। तस्वीरों में से एक में अभिनेत्री पोज देती तो दूसरी तस्वीर में अपने बेटे के साथ मस्ती करती नजर आईं। शेयर किए एक वीडियो में श्वेता तिवारी कैमरे में मस्ती करती कैद हुईं। श्वेता तिवारी का इंस्टाग्राम उनकी खूबसूरत तस्वीरों से भरा हुआ है। हाल ही में अभिनेत्री ने चिकनकारी कुर्ती में अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की थी। अभिनेत्री ने कुर्ती के साथ हल्की मेकअप का विकल्प चुना। श्वेता ने अपने लंबे बालों को खुला रखा और छोटे झुमकों के साथ अपने लुक को पूरा किया। श्वेता तिवारी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पंजाबी फिल्म मित्रां दा ना चलदा में नजर आई थीं। श्वेता, रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी नजर आई थीं। सीरीज में श्वेता ने विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका निभाई थी।

कंगना ने की प्रीति जिंटा-यामी गौतम समेत हिमाचली महिलाओं की तारीफ



मुंबई। हिमाचल की खूबसूरती से प्रशंसकों को अक्सर रूबरू कराने वाली मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने वहां की महिलाओं की खूब तारीफ की। प्रीति जिंटा, यामी गौतम और प्रतिभा रांता की एक तस्वीर के साथ उन्होंने अपने जज्बात प्रशंसकों के साथ शेयर किए।

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर प्रीति जिंटा, यामी गौतम और प्रतिभा रांता की एक कोलाज पिक्चर के साथ कंगना रनौत ने हिमाचल और हिमाचल की महिलाओं की तारीफ में लिखा, हिमाचल के लोग, जब मैं हिमाचल जाती हूं और देखती हूं कि वहां कि महिलाएं हमारे बराबर या हमसे बेहतर हैं। वह खेतों में अधिक परिश्रम करती हैं, कोई इंस्टा नहीं, कोई रील नहीं, मेहनत करती हैं और अपना गुजारा करती हैं। मुझे लगता है कि उन्हें निश्चित रूप से कुछ प्रचार की जरूरत है।

दुनिया का सबसे अच्छा विटामिन है दोस्ती

अनुपम खेर ने दोस्तों संग मनाई छुट्टियां

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, दोस्तों! जिंदगी खूबसूरत है! पर इसे और खूबसूरत बनाने के लिए अपने बचपन के दोस्तों के साथ कुछ दिन जरूर गुजारें।

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। दोस्तों के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने बताया कि यदि जिंदगी को और भी खूबसूरत बनाना है तो बचपन के दोस्तों का साथ होना बहुत जरूरी है। दोस्ती से बढ़कर कोई विटामिन नहीं होता। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, दोस्तों! जिंदगी खूबसूरत है! पर इसे और खूबसूरत बनाने के लिए अपने बचपन के दोस्तों के साथ कुछ दिन जरूर गुजारें। दुनिया का सबसे अच्छा विटामिन दोस्ती है! मैंने अपने भाई राजू और अपने बचपन के दोस्तों विजय सहगल, सतीश मल्होत्रा और अनिल शर्मा के साथ थाईलैंड में सबसे अच्छा समय बिताया! मैंने उन्हें इस यात्रा की अपनी योजना से सरप्राइज किया और वे भी झट से सहमत हो गए।

समय का पाबंद हूं, पर मेरा मजाक उड़ाते थे मेरे दोस्त

अनुपम खेर ने आगे लिखा, पिछले कई सालों में बेवकूफी और मूर्खतापूर्ण चीजों पर मैं इतना कभी नहीं हंसा था। मुझे हमारी सैर, साथ में खाना, हमारा एक-दूसरे का मजाक उड़ाना अच्छा लगा। मैं समय को लेकर बहुत पाबंद हूं और वे कभी भी समय पर नहीं आते थे। मैं जितना निराश होता, उतना ही वे मेरा मजाक उड़ाते। इस अवसर के लिए धन्यवाद दोस्तों, मेरे भाई। हमें यह फिर से करना चाहिए। हमारी खुशी में खुश होने के लिए उनके परिवारों और मेरे परिवार (किरण, सिकंदर, दुलारी, रीमा, वृंदा, प्रणित, जोशुआ, भावना और अन्य) का धन्यवाद। आपकी कार, देखभाल करने वाले फोन कॉल और एक शानदार ड्राइवर कू टोनी, मयूरी का धन्यवाद। सबसे बढ़कर हमारे लिए इस यात्रा को इतनी कुशलता और प्यार से आयोजित करने के लिए प्रिय हेमरान का धन्यवाद। बचपन की दोस्ती की जय। इससे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने बताया था कि वह बचपन के दोस्तों संग छुट्टियां मनाने थाईलैंड जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह फैसला अचानक लिया।

हम 3 लोग पिछले 55 साल से साथ हैं

खेर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो मोंटाज साझा कर लिखा था, मैं, विजय सहगल, अनिल शर्मा और सतीश मल्होत्रा शिमला में साथ रहते थे। हम पिछले 55 साल से दोस्त हैं। सब दादा-नाना बन चुके हैं! हमने जिंदगी के उतार-चढ़ावों में दोस्ती को बरकरार रखा। मेरा भाई राजू बाई डिफॉल्ट (अपने आप) हमारा दोस्त बना। छोटे शहरों में बड़े भाई के दोस्त छोटे भाई के दोस्त भी आसानी से बन जाते हैं। हम अलग-अलग शहरों में रहते हुए भी एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। पिछले हफ्ते मैंने इन्हें सरप्राइज दिया कि मैं उन्हें पांच दिनों के लिए छुट्टी पर थाईलैंड लेकर जा रहा हूं। किस्मत से सबके घरवाले मेरे इस अचानक लिए फैसले से खुश थे। पेश है हमारी इस छुट्टी की कुछ झलकियां!

नए साल का जश्न मनाने विदेश गए जहीर और एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल हमेशा चर्चा में रहते हैं। फिलहाल सोनाक्षी ने एक्टिंग से ब्रेक ले रखा है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में व्यस्त हैं। शादी के बाद ये कपल अलग-अलग जगहों पर जाकर मौज मस्ती कर रहे हैं।खबर है कि सोनाक्षी-जहीर नए साल का जश्न मनाने के लिए विदेश गए हैं। सोनाक्षी सोशल मीडिया पर दोनों का एक फनी वीडियो पोस्ट किया है।

इंस्टा पर शेयर की प्यारी तस्वीर

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनाक्षी-जहीर घूमने निकले हैं और एक्ट्रेस थकावट के कारण कुछ देर आराम करती नजर आ रही हैं। तभी उनके पति जहीर इकबाल कहते हैं, मैं अपनी पत्नी के साथ रोड ट्रिप पर जा रहा हूं, तभी वह अचानक जोर से चिल्लाते हैं, तो सोनाक्षी डर कर उठ जाती है और जहीर उसे पीटना शुरू कर देता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर शेयर किए गए इस वीडियो के कैप्शन में सोनाक्षी ने लिखा, जब से मैं तुमसे मिली हूं, मेरी नींद उड़ गई है।

दोनों जी रहे खुशहाल जिंदगी

सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और जहीर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़े रहने की कोशिश करते हैं। सोनाक्षी और जहीर की शादी को लगभग 6 महीने हो गए हैं। ये कपल अपनी खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहा है।

सिकंदर ने हासिल किये 48 मिलियन व्यूज

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर के टीजर ने यूट्यूब पर 24 घंटे में 48 मिलियन व्यूज हासिल कर लिये हैं।

सलमान खान की फिल्म सिकंदर का मच अवेटेड टीजर आते ही इंटरनेट पर छा गया है। यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 24 घंटे में इसे 48 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। ये रिकॉर्ड तोड़ते हुए वर्ल्डवाइड #1 ट्रेंडिंग वीडियो बन गया है, और इस तरह से इसे हर घंटे 2 मिलियन व्यूज मिल रहे हैं।

टीजर की शुरूआत सलमान खान के जबरदस्त किरदार सिकंदर से होती है, जो रहस्यमयी, दमदार और बेहद करिश्माई नजर आता है। धमाकेदार एक्शन सीन्स और शानदार विजुअल्स के साथ, टीजर ने फैंस और दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज पैदा कर दिया है। अब हर कोई फिल्म की रिलीज

का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।ये जबरदस्त उपलब्धि सलमान खान की बेहतरीन स्टारडम और सिकंदर की जबरदस्त पॉपुलैरिटी का सबूत है। साथ ही, ये दिखाता है कि बॉलीवुड का असर अब ग्लोबल लेवल पर भी बढ़ रहा है। फिल्म सिकंदर 2025 की ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है, जिसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। इस फिल्म को ए.आर. मुरुगडोस ने निर्देशित किया है और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है।

विक्की के तौबा-तौबा के गाने पर आशा भोसले के हुक स्टेप्स वायरल

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। भारतीय गायन जगत के एक प्रसिद्ध गायक आशा भोसले के गाए गए गाने दशकों से लोगों की प्लेलिस्ट में हैं।

आशा भोसले भले ही नब्बे साल की उम्र पार कर चुकी हैं, लेकिन आज भी वह अपनी चुलबुली एनर्जी से सभी को प्रेरित करती हैं। हाल ही में आशा भोसले का एक वीडियो सामने आया है। इसमें विक्की कौशल के तौबा-तौबा गाने के हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद तौबा तौबा गाने के गायक करण औजला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आशा भोसलेजी, संगीत के क्षेत्र में एक देवी, उन्होंने अभी तौबा तौबा गाना गाया है, एक ऐसे बच्चे के लिखा गया गीत, जो एक छोटे से गांव में पला-बढ़ा है, जिसकी संगीत की कोई पृष्ठभूमि नहीं है और जिसे संगीत का कोई अनुभव नहीं है।

जश्न पहले दिन से ही कंपनी का उद्देश्य अनूठी और उच्च अवधारणा वाली कहानियों का चयन करना रहा है, जिसे हम आने वाले वर्षों में भी जारी रखेंगे: सुनील बोहरा

बोहरा ब्रदर्स ने सिनेमा में 78 शानदार साल पूरे होने का जश्न मनाया

तनु वेड्स मनु और गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रतिष्ठित मेकर्स, बोहरा ब्रदर्स ने सिनेमा में 78 शानदार साल पूरे होने का जश्न मनाया।

प्रात : किरण/ एजेंसी

मुंबई। बोहरा ब्रदर्स ने गीता बाली अभिनीत और श्री राम बोहरा निर्मित पहली फिल्म लचक से अपनी यात्रा की शुरूआत करने के बाद, दारा सिंह की हरक्यूलिस और थीफ ऑफ बगदाद (जो एक ही प्रोडक्शन हाउस की तीन बार बनाई गई सबसे दुर्लभ फिल्मों में से एक थी) जैसी कई सुपरहिट फिल्में बनाईं। पहली दलजीत और चित्रा के साथ, दूसरी दारा सिंह और निशि के साथ और तीसरी शत्रुघ्न सिन्हा, कबीर बेदी, सुलक्षणा पंडित के साथ।

इसके बाद डॉ. शैतान, गोल्डन आइज, पुरस्कार, बिजली, बेहरूपिया, अल हिलाल (जिसमें प्रतिष्ठित गीत हमें तो लूट लिया मिलके हुस्न वालों

ने था) और कई अन्य फिल्में बनाई गयी । 80 के दशक के आखिर में मिथुन चक्रवर्ती अभिनीत कालिया, मर्द, गंगा की कसम जैसी फि ल्में ब्लॉकबस्टर हिट रहीं, गैंग्स ऑफ वासेपुर (गार्जियन की 100 सर्वश्रेष्ठ विश्वव्यापी फि ल्मों में शामिल) शैतान, माइकल, नॉट ए लव स्टोरी मस्तराम जैसी सुपर ब्लॉकबस्टर फि ल्में बनाई गयी । इस सूची में राज कुमार राव की सबसे महत्वपूर्ण फि ल्म शाहिद शामिल है, जिसे हंसल मेहता ने निर्देशित किया है और मालेगांव का सुपरमैन कंपनी ने तनु वेड्स मनु और साहेब बीवी और गैंगस्टर और चटगाँव जैसी फि ल्में भी प्रस्तुत की हैं।

बोहरा ब्रदर्स के सह-संस्थापक सुनील बोहरा, जो तीसरी पीढ़ी के फिल्म निर्माता हैं, ने कहा, पहले दिन से ही कंपनी का उद्देश्य अनूठी और उच्च अवधारणा वाली कहानियों का चयन करना रहा है, जिसे हम आने वाले वर्षों में भी जारी रखेंगे। एक अंतर्राष्ट्रीय स्टूडियो के साथ रणनीतिक गठबंधन और 2025-26 की स्लेट की घोषणा 2025 की पहली तिमाही में की जाएगी।

बोहरा ब्रदर्स ने 48 गुजराती फिल्में भी बनाईं- उनमें से कई सिल्वर जुबली थीं जैसे सोन कंसारी, पाटली परमार, कोई नू मिंधल कोई ना हाथे, विफ्रेली वाघन, वेर नी आग और छैल छबीला गुजराती।

बोहरा ब्रदर्स द्वारा निर्मित 2 राजस्थानी फिल्में - बाबा रामदेव और मां माने क्यों परनाई। टीवी वर्टिकल ने कुछ गेम चेंजिंग शो का निर्माण किया जैसे फेस द रिव्यू (फिल्मों के निर्देशकों और अभिनेताओं की लाइव ऑडियंस के साथ समीक्षा करने वाला अपनी तरह का पहला शो) समीक्षक कोमल नहाटा, तिग्मांशु धूलिया निर्देशित मोहल्ला महोब्बत वाला, सीता और गीता, मिर्ची टॉप 20, क्राइम एंड बॉलीवुड और एनजी टेक्स शामिल है।

संक्षिप्त खबरें

कारोबारियों के दांव बढ़ाने से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

नई दिल्ली। कारोबारियों के दांव बढ़ाने से सोमवार को चांदी की कीमतें 278 रुपये बढ़कर 89,165 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मार्च में आपूर्ति वाला चांदी का अनुबंध 278 रुपये यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 89,165 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें कुल 31,849 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि कारोबारियों के ताजा सौदे करने से चांदी की कीमतों में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 29.51 डॉलर प्रति औंस हो गई।

वेंटीव हॉस्पिटैलिटी का शेयर निर्गम मूल्य से 12 प्रतिशत की तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। वेंटीव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 643 रुपये से करीब 12 प्रतिशत की तेजी के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 11.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 718.15 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 16.45 प्रतिशत चढ़कर 748.80 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 11.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 716 रुपये पर शुरूआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,931.77 करोड़ रुपये रहा। वेंटीव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के 1,600 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को 9.82 गुना अभिदान मिला था।

आईपीओ के लिए 610-643 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। वेंटीव हॉस्पिटैलिटी का पहला नाम आईसीसी रियल्टी था। यह अमेरिका स्थित ब्लैकस्टोन ग्रुप और पंचशील रियल्टी के बीच संयुक्त उद्यम है।

सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स का शेयर 53 प्रतिशत से अधिक तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। दवा उत्पादक सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 391 रुपये से 53 प्रतिशत से अधिक तेजी के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 51.84 प्रतिशत चढ़कर 593.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 55.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 609 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 53.45 प्रतिशत के तेजी के साथ 600 रुपये पर शुरूआत की।

कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,657.29 करोड़ रुपये रहा। सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के 582 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को 93.69 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 372-391 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स विशेष, कम सेवा वाले और जटिल औषधि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पहचान, विकास व विनिर्माण में लगी हुई है।

ऑरियनप्रो को दिल्ली मेट्रो के लिए एएफसी गेट, कार्ड रीडर बनाने का मिला ठेका

नयी दिल्ली। प्रौद्योगिकी कंपनी ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से स्वचालित किराया संग्रह प्रौद्योगिकी और विनिर्मित समाधान का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, इनमें डीएमआरसी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण नेटवर्क के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों के लिए स्वचालित गेट, वैलिडेटर तथा कार्ड रीडर की आपूर्ति की जाएगी। इसमें कहा गया, इस परियोजना के लिए एएफसी गेट का निर्माण पूरी तरह से ऑरियनप्रो की गाजियाबाद स्थित फैक्टरी में किया जाएगा। कंपनी को चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के लिए एएफसी प्रणाली देने के लिए चेन्नई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से भी नवंबर 2024 में एक ठेका मिला था।

शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में जरूर आया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद बाजार में एक बार फिर खरीदारी का जोर बनता हुआ नजर आ रहा है। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल, श्रीराम फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.57 प्रतिशत से लेकर 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 1.20 प्रतिशत से लेकर 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,369 शेयरों में

एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,060 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,309 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 61.49 अंक की गिरावट के साथ 78,637.58 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 78,703.27 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 213.87 अंक की कमजोरी के साथ 78,485.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 16.50 अंक टूट कर 23,796.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 23,818.80 अंक तक पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। थोड़ी देर बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक दोबारा लाल निशान में गिर गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद निफ्टी 66.85 अंक टूट कर 23,746.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 226.59 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,699.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 63.20 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,813.40 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

यूपी में दस सालों में केले के निर्यात में दस गुना की बढोत्तरी

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। केले से होगी उत्तर प्रदेश किसानों को और कमाई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी इसके निर्यात के आंकड़े और आगे की संभावना तो यही बताते हैं। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक क्षेत्र के किसानों को इससे अच्छा खासा लाभ होगा। योगी सरकार की मंशा भी यही है। इस बाबत सरकार लगातार पहल भी कर रही है। केले को कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन उत्पाद (ओडीओपी) घोषित करना इसकी मिसाल है।

उल्लेखनीय है कि दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। केंद्र ने अगले दो तीन वर्षों में इसे एक अरब रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। बढ़ते निर्यात और इसे और बढ़ाने की योजना का यूपी के किसानों को होगा सर्वाधिक लाभ होगा। केले की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उसे कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट भी घोषित कर रखा। साथ ही किसान बाजार की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण केले की खेती करें, इसके लिए सरकारबतौर प्रोत्साहन अनुदान भी दे रही है। इसके नतीजे भी दिख रहे

हैं। यूपी के प्रमुख केला उत्पादक जिले

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे कई जिलों में केले की खेती की जा रही है। पिछले डेढ़ दशक से केले के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही बेहतर प्रजातियों और खेती के उन्नत तौर तरीकों से उपज और गुणवत्ता भी सुधरी है। इससे यूपी के केले की देश के महानगरों सहित नेपाल, बिहार, पंजाब, दिल्ली, जम्मू आदि में भी यहां के केले की खासी मांग है।

केले की खेती को पहले से ही प्रोत्साहन दे रही योगी सरकार

योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेसवे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपये का अनुदान दे रही है। जगह-जगह केले को प्रसंस्कृत कर उसके फल, रेशे एवं तने के जूस से अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग भी योगी सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही है। केले को प्रसंस्कृत कर अन्य उत्पाद बनाने वाले किसानों को एक्सपोजर भी दिया जा रहा है। नोएडा में कुछ माह पूर्व आयोजित ट्रेड शो में कुशीनगर के भी कुछ किसान गए थे।

वर्ष 2023-24 में 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हुआ केले का निर्यात

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। 2013 में भारत से कुल 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर केले का निर्यात हुआ था। वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। जिस तरह से वैश्विक स्तर पर हेल्दी फूड की मांग बढ़ी है उसके मद्देनजर अभी इसके और बढ़ने की संभावना है। इन संभावनाओं को भारत के केला उत्पादक किसानों को अधिकतम लाभ मिले इसके लिए मोदी सरकार भी प्रयासरत है। इसी बाबत मुंबई में पहली बार केले को को केंद्र में रखकर सेलर-बायर मीट भी प्रस्तावित है। यही नहीं केंद्र सरकार समुद्री रास्ते से दो दर्जन फलों के किफायती निर्यात के लिए पायलट प्रोजेक्ट बना रही है। उसमें बेहतर संभावनाओं के नाते केला भी शामिल है। स्वाभाविक है कि इन सबका लाभ उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को मिलेगा।

दो-तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य केंद्र के खाद्य उत्पाद निर्यात प्रसंस्कृत प्राधिकरण (एपीडा) ने अगले दो से तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है।

भारत सबसे बड़ा उत्पादक, पर निर्यात में सिर्फ एक फीसद हिस्सेदारी

एपीडा के आंकड़ों के मुताबिक भारत विश्व का सबसे बड़ा केला उत्पादक है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारत में लगभग 3.5 करोड़ मीट्रिक टन के उत्पादन के साथ लगभग 9,61,000 हेक्टेयर भूमि में इसकी खेती की जाती है। एपीडा के अनुसार वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है। पर, करीब 16 अरब के वैश्विक निर्यात में भारत की भागीदारी हिस्सेदारी सिर्फ एक फीसद है।

वनप्लस फोन पर जबरदस्त फीचर के साथ कंपनी दे रही तीन हजार की छूट

ग्राहक फोन को 6 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर भी खरीद सकते हैं

नई दिल्ली। आप अगर वनप्लस फोन लेना चाहते हैं, तो कंपनी की वेबसाइट पर डील लाइव हैं। आप इन डील में वनप्लस नार्ड 4 और वनप्लस 12आर को धांसू ऑफर्स के साथ खरीद सकते हैं। कंपनी इन फोन पर तीन हजार रुपए तक का डिस्काउंट दे रही है। ऑफर में फोन खरीदने जियो प्लस पोस्टपेड यूजर्स को 2250 रुपए की कीमत के बेनिफिट्स भी मिलेगी। इसके अलावा आप इन फोन को आकर्षक नो-कॉस्ट ईएमआई पर भी खरीद सकते हैं। वनप्लस 12आर फोन के 8जीबी रैम और 256जीबी के इंटरनल स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत 38,999 रुपए है। ऑफर में इस फोन को तीन हजार रुपए तक के इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ खरीद सकते हैं। यह ऑफर आईसीआईसीआई और आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड के ऊपर दिया जा रहा है। फोन खरीदने वाले जियो प्लस पोस्टपेड प्लान्स के यूजर्स को 2250 रुपए के बेनिफिट मिलेंगे। इस फोन को 6 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर भी खरीद सकते हैं। अगर हम इस फोन के फीचर्स की बात करें तो इसमें 6.78 इंच का एमोलेड प्रोएक्सडीआर एलटीपीओ 4.0 डिस्प्ले लगा हुआ, जो 120हार्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 50 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। फोन की बैटरी 5500 मेगाहार्स की है, जो 100 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है।

वनप्लस नॉर्ड 4 फोन (8जीबी+128जीबी) ऑफिशियल ई-स्टोर पर 27,999 रुपए का है। कंपनी इस पर ऑफर में दो हजार रुपए की छूट दे रही है। यह ऑफर आईसीआईसीआई और आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर्स के लिए है। इस फोन के साथ ही कंपनी जियो प्लस पोस्टपेड यूजर्स को 2250 रुपए के बेनिफिट दे रही है। यह फोन 6 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर ले सकते हैं। इस फोन में 120हार्ज के रिफ्रेश रेट के साथ 6.74 इंच का एमोलेड डिस्प्ले मिलेगा। वनप्लस का यह फोन स्नैपड्रैगन 7 प्लस जेन 3 प्रोसेसर पर काम करता है। इसका मेन कैमरा 50 मेगापिक्सल का है। फोन को पावर देने के लिए इसमें 5500मेगाहार्स की बैटरी लगी है, जो 100 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है।

अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 5 प्रतिशत उछला, अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी

मुंबई। अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। दोपहर करीब 12:07 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 2,553 रुपये पर था। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3,743 रुपये प्रति शेयर और न्यूनतम स्तर 2,030 रुपये प्रति शेयर है। अदाणी एंटरप्राइजेज के मौजूदा बाजार मूल्य ने अपने दो अहम रुकवट स्तरों को पार कर लिया है। मौजूदा बाजार मूल्य ने सबसे पहले 2,444.93 रुपये के रुकावट स्तर को पार किया, जिसके बाद यह 2,473.37 रुपये की रुकावट को पार करने में सफल रहा। सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में अदाणी पोर्ट्स ने अपनी जगह बनाए रखी। सुबह करीब 12 बजे अदाणी पोर्ट्स का शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,239.75 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अग्रणी ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों के लिए 3,801 रुपये का बाजार मूल्य लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रोकरेज ने अपने लेटेस्ट नोट में कहा कि बुल केस सिनेरियो, लक्ष्य मूल्य बढ़कर 5,748 रुपये हो सकता है, जो मौजूदा भाव से 138.6 प्रतिशत अधिक है। वेंचुरा के नोट के अनुसार, अदाणी एंटरप्राइजेज मजबूत विकास पथ पर है। कंपनी का समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक अगले तीन वर्षों में 17.5 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

नोट के अनुसार, यह वृद्धि कंपनी के हवाई अड्डे, सौर और पवन टरबाइन व्यवसायों के विस्तार के साथ-साथ तांबे के व्यवसाय से राजस्व योगदान से प्रेरित होगी। वेंचुरा के अनुसार, अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अगले दशक में 6.5-7 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बना रही है, जिसमें मुख्य रूप से हवाई अड्डों, डेटा केंद्रों, तांबे और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

कैरारो इंडिया का शेयर निर्गम मूल्य से 7.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली । कैरारो इंडिया लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 704 रुपये से 7.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 660 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 6.25 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बाद में यह 10 प्रतिशत फिसलकर 633.30 रुपये पर आ गया। एनएसई पर शेयर 7.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 651 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,679.15 करोड़ रुपये रहा। कैरारो इंडिया लिमिटेड के 1,250 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 1.12 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 668-704 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। कैरारो इंडिया लिमिटेड ऑफ-हाइवे वाहनों तथा कृषि व विनिर्माण उपकरणों के लिए ह्यट्रांसमिशन सिस्टमह्न बनाती है। आईपीओ पूरी तरह से कैरारो इंटरनेशनल एस ई द्वारा 1,250 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) था। इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं था।

सरकार ने वियतनाम से आयातित रसायन पर शुल्क लगाने को लेकर जांच शुरू की

नयी दिल्ली। भारत ने वियतनाम से प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाले रसायनङ्क कैल्शियम काबोर्नेट फिलर मास्टरबैचङ्क के बढ़े हुए आयात पर प्रतिपूरक यानी आयात शुल्क लगाने को लेकर जांच शुरू की है। घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद यह कदम उठाया गया है। इस कदम का उद्देश्य घरेलू विनिमार्ताओं को वियतनाम से सब्सिडी वाले आयात में हो रही वृद्धि से बचाना है। जांच वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने शुरू की है। कंपाउंड्स एंड मास्टरबैच मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और मास्टरबैच मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने वियतनाम से भारत में निर्यात किए गए रसायन की जांच शुरू करने के लिए महानिदेशालय के समक्ष याचिका दायर की थी। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, आवेदकों ने आरोप लगाया है कि सस्ती दर पर उल्लेखनीय मात्रा में उत्पाद वियतनाम से भारत में आयात किया जा रहा है। इससे घरेलू कंपनियों के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। आवेदकों ने इन आयात पर प्रतिपूरक शुल्क लगाने का आग्रह किया है। प्रतिपूरक शुल्क एक देश-विशेष के उत्पादों पर लगाया जाने वाला शुल्क है। यह निर्यातक देशों में स्थानीय सरकारों की अनुचित व्यापार सब्सिडी के खिलाफ घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए लगाया जाता है।अधिसूचना के , सस्ती दर पर आयात को लेकर घरेलू उद्योग के आवेदन और उपलब्ध कराये गये साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच शुरू की जा रही है। डीजीटीआर जांच में उत्पाद के संबंध में कथित सब्सिडी की मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करेगा और शुल्क की मात्रा की सिफारिश करेगा। आवेदकों के अनुसार, उत्पादकों/निर्यातकों को वियतनाम सरकार की विभिन्न स्तर पर प्रदान की जाने वाली सब्सिडी से लाभ हुआ है। भारत ने घरेलू कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए चीन जैसे देशों से विभिन्न प्रकार के स्टील पर पहले से ही प्रतिपूरक शुल्क के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क भी लगाया है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार के बाद बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता दिख रहा है। यूरोपियन बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। वहीं, एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,970.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 302.27 अंक यानी 1.51 प्रतिशत टूट कर 19,718.09 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 109.24 अंक यानी 0.25 प्रतिशत फिसल कर 42,882.97 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,149.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.99 प्रतिशत उछल कर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 135.55 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,984.32 अंक के स्तर पर बंद हुआएशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,783.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.45 प्रतिशत उछल कर 2,415.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,406.78 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 102.50 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,860 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.43 प्रतिशत फिसल कर 20,004.57 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 403.19 अंक यानी 1 प्रतिशत टूट कर 39,877.97 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,260.10 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,024.11 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.09 प्रतिशत लुढ़क कर 3,397.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

टेलीकॉम कंपनियों के लिए सरकार की बैंक गारंटी माफी 4जी और 5जी नेटवर्क को देगी बढ़ावा : वोडाफोन आइडिया

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। टेलीकॉम सेक्टर की प्रमुख कंपनी वोडाफोन आइडिया के अनुसार, टेलीकॉम इंडस्ट्री के लिए बैंक गारंटी माफ करने का सरकार का फैसला एक बड़ी राहत के रूप में सामने आया है और सरकार के इस कदम के साथ 4जी और 5जी निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

कर्ज में डूबे वोडाफोन आइडिया ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि उसे दूरसंचार विभाग से बैंक गारंटी माफ करने के बारे में एक लेटर मिला है। यह कदम कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आया है। वोडाफोन आइडिया ने एक नोट में कहा, यह माफी टेलीकॉम इंडस्ट्री को सरकार द्वारा निरंतर सपोर्ट किए जाने का संकेत है। सरकार के इस फैसले से सुनिश्चित होगा कि बैंकिंग सिस्टम के एक्सपोजर का उपयोग दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा भारत में 4जी और 5जी नेटवर्क के आगे प्रसार के लिए किया जाए। दूरसंचार विभाग ने

27 दिसंबर, 2024 को जारी एक संचार में, 2012, 2014, 2015, 2016 और 2021 में आयोजित नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए फाइनेंशियल बैंक गारंटी जमा करने की जरूरत को कुछ नियमों और शर्तों के अधीन खत्म कर दिया है।

कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि इस सुधार से पहले, प्रत्येक स्पेक्ट्रम किस्त के लिए वीआई द्वारा लगभग 24,800 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी प्रदान की जानी थी।

भारती एयरटेल जैसी अन्य प्रमुख कंपनियों को भी इस निर्णय से लाभ मिलने की उम्मीद है। 2012, 2014, 2016 और 2021 के लिए ऑपरेटर द्वारा कोई बैंक गारंटी प्रदान करने की जरूरत नहीं होगी।

वोडाफोन आइडिया ने एक बयान में कहा कि 2015 की नीलामी के लिए केवल एक बार वन टाइम पार्शियल शॉर्टफॉल होगा, जहां किए गए सभी भुगतानों का शुद्ध वर्तमान मूल्य इस्तेमाल किए गए स्पेक्ट्रम के आनुपातिक मूल्य से कम होगा।

वोडाफोन आइडिया ने कहा, हम 2015 की नीलामी के लिए इस आंशिक कमी की अंतिम राशि निर्धारित करने के लिए दूरसंचार विभाग के साथ चर्चा कर रहे हैं।

वीआई के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया पर रोक अगले साल अक्टूबर में समाप्त हो रही है और अगले देय भुगतान से 13 महीने पहले बैंक गारंटी जमा करनी थी। वीआई से 2022 से पहले विभिन्न स्पेक्ट्रम नीलामियों के लिए किस्तों में बैंक गारंटी जमा करने की उम्मीद थी। हालांकि, कंपनी ने सितंबर और इस महीने में निर्धारित किस्तों में से कोई भी जमा नहीं की।

रुपया शुरूआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.53 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.53 प्रति डॉलर पर आ गया। आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसका दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुक्रवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया तथा सोमवार को दिसंबर मुद्रा वायदा की समाप्ति तथा बकाया वायदा में परिपक्वता से जुड़ी डॉलर की भारी मांग के बीच रुपये में कमजोरी देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.53 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.48 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.00 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.22 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,323.29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व पांचवीं बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तक एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यीक्षता में यह बैठक आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में आयोजित की गई, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने वित्तप मंत्री को कई सुझाव दिए। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्टम में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री सीतामरण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक की अध्यिक्षता करते हुए वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। इन सुझावों से आगामी केंद्रीय बजट में प्रमुख आर्थिक प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय चुनौतियों को सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में वित्त सचिव और, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने ब

डिफेंडर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को चैंपियन का ताज दिलाया

बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे प्रयास में मिला खिताबी जीत का स्वाद

प्रात : किरण,/ एजेसी

पुणे,। अपने डिफेंडर्स के शानदार 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के सबसे अधिक 6 अंक लिए। दूसरी हुए बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे लेकिन अयान और देवांक की नाकामी दिए। इसके बाद अयान ने भी अपने अंक ले रहे थे। हरियाणा 12-9 से बैकहोल्ड कर लिया।पटना के लिए अब

प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी। इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वचर्स्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा। पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने ओर, हरियाणा के लिए शिवम पटारे (9) औ मोहम्मदरेजा शादलू (7) ने दोनों विभागों में अपना कमाल दिखाया और राहुल सेतपाल (3) तथा जयदीप (2) के साथ मिलकर पटना के रेडरों की नकेल कसते प्रयास में पहला खिताब दिलाया। बहरहाल, पहले खिताब की आस में हरियाणा ने मनमाफिक आगाज के साथ शुरूआती 10 मिनट में 7-5 की बना ली थी। इस दौरान दोनों टीमें डिफेंस में 3-3 से बराबरी पर रहीं के कारण पटना रेडिंग में 4 के मुकाबले सिर्फ दो अंक ले सके। साथ ही शिवम पटारे पर लगाम नहीं लगा पाना भी उसे भारी पड़ता दिख रहा था। ब्रेक के बाद हालांकि देवांक ने शादलू की छुट्टी कर वापसी के संकेत हाथ खोले और मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अगली रेड पर शिवम ने अयान को सुपर टैकल कर हरियाणा को लीड दिला दी। शिवम डिफेंस में लगातार आगे हो गए थे। इसके बाद अंकित ने विनय को लपका तो जयदीप ने देवांक को लपक इसका जवाब दिया। फिर नवीन ने डू ओर डाई रेड पर अंकित का शिकार कर लीड 4 कर दी। इसके बाद राहुल ने अयान को सुपर टैकल आन था। गुरदीप ने इसका पूरा लाभ लिया और शिवम को सुपर टैकल कर हाफटाइम तक स्कोर 12-15 कर दिया। हाफटाइम के बाद सुधारकर ने नवीन को आउट कर देवांक को रिवाइव करा लिया।

फिर नाकाम रहे रोहित और विराट, भारत चौथा टेस्ट 184 रन से हारा

प्रात : किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। कप्तान पैट कमिंस एवं स्कॉट बोलैंड की शानदार गेंदबाजी (तीन-तीन) विकेटों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन सोमवार को 184 रनों से हराकर श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (02) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रुप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई

संख्या में पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (नौ) और केएल राहुल (शून्य) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा दो, आकाश दीप सात, कप्तान जसप्रीत बुमराह शून्य, मोहम्मद शिराज शून्य पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर पांच रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नेथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले आज सुबह के सत्र में दूसरे ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने नेथन लायन (41) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का समापन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 234 रन पर सिमट गई। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

चौथी बार एटलेटिको मिनेरो के मुख्य कोच बने अनुभवी मैनेजर कूका

रियो डी जेनेरियो, । अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को यह जानकारी दी। 61 वर्षीय खिलाड़ी अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में आपसी सहमति से क्लब से नाता तोड़ लिया था। एटलेटिको ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है। कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई। उनके साथ सहायक कुक्विन्हा और डैनियल सेकेर्रा भी शामिल होंगे। कूका ने 2011 से 2013 तक और 2021 और 2022 में अलग-अलग अवधियों के दौरान क्लब का प्रबंधन भी किया। बेलो होरिजोंटे क्लब के साथ उनकी ट्रॉफियों की सूची में 2013 कोपा लिबटाडोरेस और 2021 ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब शामिल हैं। एटलेटिको 2024 ब्राजीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर रहा और इस साल के कोपा लिबटाडोरेस में बोटाफोगो के बाद उपविजेता रहा।

जायसवाल को आउट दिए जाने के बाद गावस्कर भड़के

प्रात : किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर ने आउट का फैसला दिया। इस फैसले के बाद काफी बवाल मचा हुआ है। पूर्व भारतीय क्रिकेट सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने कॉमेंट्री के दौरान इस मामले पर आपत्ति जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एक तरफ गावस्कर ने इस फैसले को पूरी तरह से गलत बताया, वहीं दूसरे तरफ रवि शास्त्री ने स्निको को ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज बोल दिया। भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था लेकिन गेंद उनके बल्ले के काफी करीब से निकली और कीपर ने पीछे कैच किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपील की लेकिन फील्ड अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया और फैसला तीसरे अंपायर बांग्लादेश के शर्फुद्दौला के पास चला गया। तीसरे अंपायर ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था। लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के करीब से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया। इसके बाद कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने कहा, यह

फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को सबूत चाहिए और तीसरे अंपायर को उसी हिसाब से निर्णय देना होगा। अगर फील्ड अंपायर ने कोई फैसला दिया है तो उसको बदलने के लिए पर्याप्त सबूत चाहिए होते हैं, जो इस केस में नहीं था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। वीडियो में जो दिख रहा है, वह ऑप्टिकल इल्यूजन भी हो सकता है। वहीं शास्त्री ने कहा, बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप फील्ड अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट का फैसला लेते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा बोलर है। यशस्वी का यह फैसला मैच के नतीजे के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण था। उन्होंने अपनी पारी में कुल 208 गेंदों को सामना किया और 82 रन बनाए। वह ऑस्ट्रेलिया और जीत के बीच में एक दीवार की तरह खड़े थे, लेकिन उनके आउट होने के बाद भारतीय टीम भरभरा कर आउट हो गई। 184 रनों से यह मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है। हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस विवाद का पटाक्षेप करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस पर क्या बोलूं क्योंकि तकनीक (स्निकोमीटर) तो कुछ नहीं दिखा रहा था, लेकिन खुली आंखों से लगा कि गेंद कुछ तो छूकर गया है। मुझे नहीं पता कि अंपायर तकनीक का कैसे उपयोग करना चाहते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो जायसवाल ने गेंद को छुआ था। हालांकि कोई भी तकनीक 100 प्रतिशत सही नहीं होती और ऐसा हुआ है कि हम दुर्भाग्यशाली रहे हैं और यहां नहीं भारत में भी ऐसे कई फैसले हमारे खिलाफ गए हैं।

श्री अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी को कहा अलविदा

प्रात : किरण,/ एजेसी

शिमला,। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान पद्मश्री अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी से संन्यास ले लिया। रविवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में पीकेएल रेड इवेंट में ऑल टाइम मेवेरिक टीम की क प्तानी करते हुए जीत दर्ज करने के बाद अजय ठाकुर ने संन्यास की घोषणा की। हालांकि यह घोषणा कबड्डी प्रेमियों के लिए बड़ा झटका है, लेकिन अजय के अद्वितीय करियर और उपलब्धियों को देखते हुए यह फैसला समझने योग्य है। अजय ठाकुर ने हिमाचल के एक छोटे से गांव से निकलकर कबड्डी का इंटरनेशनल स्टार बनकर शोहरत की बुलंदियों को छुआ। अजय बीते डेढ़ दशक से से भारतीय कबड्डी से जुड़े हैं। प्रो कबड्डी और भारतीय कबड्डी टीम में उनके प्रदर्शन ने उन्हें भारत में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले खिलाडि में से एक बना दिया। नालागढ़ के दभोटा गांव के निवासी अजय ठाकुर मौजूदा समय में ऊना में डीएसपी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। अजय ठाकुर ने अपने खेल से कई युवा प्लेयर्स को प्रेरित किया है। कई युवा खिलाड़ी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए अजय के पिता छोटू राम अपने समय के नामी पहलवान रह चुके हैं। अजय ठाकुर ने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि वह अब काफी कबड्डी खेल चुके हैं। देश में अब युवा खिलाड़ी शानदार प्रर्दशन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

हार बहुत निराशाजनक है : रोहित शर्मा

प्रात : किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में सोमवार को मिली 184 रन की शर्मनाक हार के बाद इसे निराशाजनक बताया। रोहित ने मैच के बाद कहा, ह्यह बहुत निराशाजनक है। ऐसा नहीं है कि हम हार मानने के इरादे से ही मैदान में उतरे थे। हम अंत तक लड़ना चाहते थे और दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। सिर्फ.पिछले दो सत्रों का आकलन करना मुश्किल होगा। अगर आप पूरे टेस्ट मैच को देखें, तो हमारे पास मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए जैसे ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट 90 रन पर गिर गए थे। भारतीय कप्तान ने कहा, हम जानते हैं कि हमारे लिए अब हालात मुश्किल हैं, लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में मुश्किल क्रिकेट खेलना चाहते हैं। मैं सिर्फ.एक परिस्थिति पर गौर नहीं करना चाहता। हम इस मैच में बेहतर नहीं थे। उन्होंने हमें कड़ी टक्कर दी, खासकर दूसरी पारी में उनकी आखिरी विकेट की साझेदारी, जिसकी वजह से शायद हम यह मैच हार गए। उन्होंने कहा, ह्यहम जानते थे कि 340 रन बनाना आसान नहीं होगा। हमने आखिरी दो सत्रों में एक प्लेटफॉर्म सेट करके विकेट बचाए रखने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। हम लक्ष्य हासिल करना चाहते थे, लेकिन हम अपनी तरफ से प्लेटफॉर्म सेट नहीं कर पाए। गेम जीतने के कई तरीके होते हैं, लेकिन हम ऐसा करने में असफल रहें।

पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने की कबड्डी पर पीकेएल के प्रभाव की सराहना

पुणे,। पैरालंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने खेल पर प्रो कबड्डी लीग के परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रशंसा की है, और बताया है कि कैसे पेशेवर लीग ने पारंपरिक कबड्डी में क्रांति ला दी है। सिंह ने महत्वपूर्ण पीकेएल 11 फाइनल से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पीकेएल के प्रवेश के बाद से, खेल का स्तर काफी बढ़ गया है। खेल विज्ञान ने भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मेरा मानना है कि पीकेएल खेल के विकास में लगभग 19% योगदान देता है। अपने स्कूल के दिनों में डिफेंडर के रूप में खेलने वाले सिंह ने खेल की गहन शारीरिक मांगों के बारे में बात की। आधुनिक खेल में उचित फिटनेस और कंडीशनिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया, कबड्डी में चोट लगने का खतरा अधिक होता है क्योंकि जब एक रेडर अंदर जाता है, तो तीन या चार खिलाड़ी एक साथ बल लगा सकते हैं।

इसलिए स्कीइंग नहीं करते रोनाल्डो

प्रात : किरण,/ एजेसी

हेलसिंकी,। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आजकल अपने परिवार के साथ यूरोपीय देश फिनलैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। रोनाल्डो ने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कड़ाके की सर्दी के बीच ही शॉट्स पहने ही पूल के सामने दिख रहे हैं। रोनाल्डो ने इस दौरान केवल स्कीइंग नहीं की क्योंकि इमें चोटिल होने का खतरा है। रोनाल्डो ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया में साझा किया है। रोनाल्डो ने अपने परिवार के साथ यहां जमकर मस्ती की। आम तौर पर फुटबॉलरों को स्कीइंग नहीं करने की सलाह दी जाती है। इसका कारण है कि इसमें चोटिल होने का काफी खतरा रहता है। आजकल वह साउदी अरब के क्लब अल-नास्सर एफसी से खेलते हैं। अल-नास्सर एफसी के लिए अनुबंध करने के बाद से ही रोनाल्डो सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस पुर्तगाली फुटबॉलर ने 2024 की शुरूआत जोरदार अंदाज में की, क्योंकि उन्होंने फरवरी में एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में अल-फायहा एफसी पर अल-नासर की 1-0 की जीत में एकमात्र गोल किया था।

साल 2024 में आईपीएल फ्रैंचाइजियों का राजस्व दोगुना हुआ

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फ्रैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13

फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है। टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढीं। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था। वहीं मुंबई इंडियंस 737 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स का राजस्व भी 322 करोड़ से दोगुना होकर 698 करोड़ हो गया है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स वित्त वर्ष 2013 में 292 करोड़ की तुलना में 676 करोड़ पर पहुंच गयी है।

इस सीरीज के बाद समाप्त हो सकता है रोहित का टेस्ट करियर

पांच पारियां में बनाये हैं केवल 31 रन

मेलबर्न, । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट करियर खतरे में नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में रोहित एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट में सभी उम्मीद कर रे थे कि वह दूसरी बारी में रन बनाकर टीम को हार से बचाएंगे पर ऐसा नहीं हुआ और वह 9 रनों पर ही आउट हो गये। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज उनकी अंतिम टेस्ट सीरीज भी हो सकती है। माना जा रहा है कि इस सीरीज के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित के भविष्य पर गंभीरता से विचार कर सकता है। मेलबर्न टेस्ट के अंतिम दिन उनके पास बड़ी पारी खेलकर अपनी जगह बचाने का अवसर था पर वह उसमें विफल रहे। पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया की

टीम अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर आउट हुई। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए रोहित 40 गेंद खेलकर केवल 9 रन बना पाये। वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर मिचेल मार्श के हाथों कैच हुए। इस सीरीज में जब भी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की गयी उन्होंने निराश किया। रोहित बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में भी 3 रन ही बना पाये थे। पिछली 9 पारियों में वह 20 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंचे हैं। पिछली 15 पारियों में वह केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। इस सीरीज में उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाये हैं। इस दौरे पर 5 पारी में रोहित शर्मा केवल 31 रन ही बना पाए हैं।

जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे कार्लसन

न्यूयॉर्क,। फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था। पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद 200 डॉलर का जुमार्ना लगाया गया था। टूनार्मेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूनार्मेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अकार्डी वोरवोविच ने कहा, ह्यह्यमैंने पोशाक की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है।ह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यनियम सरल है कि आधिकारिक ड्रेस कोड का अभी भी पालन करना होगा लेकिन थोड़े से बदलाव (जैकेट के साथ जींस) की अनुमति दी गई है। बयान में कहा गया, ह्यह्यफिडे को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मैग्नस कार्लसन फिडे विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।ह्ल कार्लसन ने रविवार को टूनार्मेंट के दौरान फिडे उपाध्यक्ष और भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से मुलाकात की। बयान में कहा गया, ह्यह्यफिडे कार्लसन और विश्व शतरंज समुदाय के साथ मिलकर फिडे प्रतिस्पधाओं में खिलाड़ियों और प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने की दिशा में काम करता रहेगा।ह्ल कार्लसन ने अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यह्यमैं न्यूयॉर्क में कम से कम एक दिन और खेल रहा हूं। अच्छा खेला तो अगले दिन भी। हमने कल इस बारे में बात की और फिडे अध्यक्ष से हमारे अच्छे संबंध हैं।ह्ल आनंद ने कहा था कि फिडे के पास कार्लसन को अयोग्य करार देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था क्योंकि उन्होंने नियम को मानने से इनकार कर दिया था।

मेलबर्न में भारत पर जीत मेरे खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है : कमिंस

मेलबर्न,। ऑस्ट्रेलिया द्वारा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त लेने के बाद, कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत पर 184 रनों की जीत उनके द्वारा खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है। कमिंस को मैच में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जॉनी मुलाघ मेडल से सम्मानित किया गया, जिसका नाम 1868 में इंग्लैंड के आदिवासी दौरे पर आए स्टार खिलाड़ी के नाम पर रखा गया। कमिंस ने बल्ले से 49 और 41 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जबकि गेंद से 3-89 और 3-28 के आंकड़े हासिल करके ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाई। उन्होंने मैच के बाद की

प्रस्तुति समारोह में कहा, यह एक बेहतरीन टेस्ट मैच था, मुझे लगता है कि यह उन सबसे बेहतरीन मैचों में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। पूरे हफ़्ते दर्शकों की भीड़ कमाल की रही और इसका हिस्सा बनना शानदार रहा। मार्नस ने दूसरी पारी में मेरी बहुत मदद की, योगदान देकर खुश हूं। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे पहली पारी के बड़े स्कोर और निचले क्रम के योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में निर्णायक क्षणों को भुनाने में मदद की। स्टीव की शानदार पारी, टॉस जीतना, पहले दिन आसान नहीं था, 400 के पार पहुंचना शानदार था। हमने अपने निचले क्रम की बल्लेबाजी पर बहुत काम किया, हम इस बात पर बहुत काम करते हैं कि विपक्षी बल्लेबाजों को सबसे पहले कैसे गेंदबाजी करनी है, लेकिन साथ ही हम बल्ले से कैसे योगदान दे सकते हैं। कमिंस ने यह भी खुलासा किया कि रातों-रात पारी घोषित न करने का फैसला भारत की जीत की संभावनाओं को कम करने के लिए था। हम भारत की जीत को समीकरण से बाहर करना चाहते थे (घोषित न करके)। हमारे पास खेलने के लिए बहुत सारे रन थे, और बल्ले के चारों ओर जितने संभव हो सके उतने हेलमेट थे। हम ओवर रेट में थोड़े पीछे थे, इसलिए हमने सोचा कि ट्रैव को इसमें शामिल किया जाए, इससे हमें मदद मिल सकती है। पंत को गेंदबाजी करना कोचिंग स्टाफ का विचार था।

संक्षिप्त खबरें

पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत

नई दिल्ली । पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश जारी रहने के कारण पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिल्ली-एनसीआर में दो दिनों की बारिश और कोहरे के बाद तापमान में भारी गिरावट देखी गई है।आईएमडी ने उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने कहा है कि आने वाले दिनों में स्थिति और खराब होने की उम्मीद है।

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। पिछले दो दिनों में हुई भारी बारिश ने प्रदेश के निवासियों और पर्यटकों के सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें बंद होने के बाद भारी बर्फबारी के बीच फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। 28 दिसंबर को एक दिन के लिए बंद किए गए जम्मू हाईवे पर यातायात फिर से शुरू हो गया है। आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक भीषण शीत लहर चलेगी। इन इलाकों में तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस कम रहने वाला है, साथ ही नए साल के दिन ठंड और बढ़ जाएगी। 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

सोमवार की सुबह 8:00 बजे दिल्ली का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था। दिन के पूवार्नुमान के अनुसार आसमान साफ रहेगा और कुछ इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 11.05 डिग्री सेल्सियस और 21.07 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 31 दिसंबर को दिल्ली में न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 13.66 डिग्री सेल्सियस और 21.52 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में बीते दो दिनों से हल्की बारिश के बाद प्रदूषण में भई कमी आई है। दिल्ली में कुछ जगहों पर एक्यूआई 150 के आस-पास पहुंच गया है।

मनमोहन के घर परिजनों से मिलने गई सोनिया-प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के सदस्यों से मिलने उनके आवास पर गयीं और पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि परिजनों से बातचीत के दौरान श्रीमती गांधी और श्रीमती वाड्रा ने महसूस किया की डॉ सिंह के अंतिम संस्कार के समय परिवार से जुड़े कई सदस्य चिता स्थल तक नहीं पहुंच सके जिसके कारण उन्हें काफी कष्ट हुआ। स्थिति को देखते हुए परिजनों को डॉ सिंह के फूल चुनने और अस्थि विसर्जन के लिए निजात के साथ काम करने का अवसर दिया गया।

उन्होंने कहा,परिवार की निजता का सम्मान करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियों को चुनने और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गए। हमारे प्रिय दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार के बाद श्रीमती सोनिया गांधी जी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने उनके निवास पर परिवार से मुलाकात की। श्री खेड़ा ने कहा, उनसे चर्चा करने के बाद, यह महसूस किया गया कि चूंकि अंतिम संस्कार के समय परिवार को कोई निजता नहीं मिली और परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर नहीं पहुंच पाए, इसलिए उन्हें फूल चुनना और अस्थियों के विसर्जन के लिए कुछ निजता देना उचित होगा, जो कि करीबी परिवार के सदस्यों के लिए भावनात्मक रूप से पीड़ादायक और कठिन वक़्त होता है।

एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू, 2361 कैडेट ले रहे हैं हिस्सा

नई दिल्ली। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का शिविर सोमवार को सर्व धर्म पूजा के साथ यहां दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ और इसमें 2361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने तक चलने वाले शिविर में भाग ले रहे हैं। कैडेटों में 917 लड़कियां भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन कैडेटों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 114 कैडेट और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 178 कैडेट शामिल हैं, जो मिनी इंडिया की झलक पेश कर रहे हैं।

पनामा पर ट्रम्प की टिप्पणी पर अमेरिकी सीनेटर ने जतायी चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पनामा नहर को अमेरिकी स्वामित्व में वापस करने की मांग को लेकर तीसरे देशों को चीन और रूस के साथ मेल-मिलाप के लिए प्रेरित कर सकता है। अमेरिकी सीनेटर बेन कार्डिन ने कहा कि श्री ट्रम्प ने 22 दिसंबर को कहा है कि वे पनामा नहर को अमेरिकी स्वामित्व में तुरंत वापस करने की मांग करेंगे क्योंकि यहां से आवागमन के लिये भारी शुल्क देना पड़ता है। उन्होंने पनामा नहर अमेरिकी व्यापार के साथ-साथ अटलांटिक और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना बलों की तैनाती पर भी जोर दिश है।

डेमोक्रेटिक सीनेटर ने एबीसी न्यूज को बताया, मुझे नहीं पता कि श्री ट्रम्प इस बारे में क्या कह रहे हैं कि वे कितने ईमानदार हैं लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि इससे वैश्विक स्तर पर सवाल उठते हैं कि क्या हम एक विश्वसनीय भागीदार हैं और यह वास्तव में रूस तथा चीन की अन्य देशों से अपील को बढ़ावा देता है। क्या उन्हें रूस और चीन के साथ गठबंधन करने की आवश्यकता है, क्या अमेरिका वैश्विक स्तर पर उनके लिए मौजूद रहेगा।

उन्होंने कहा कि अपने पिछले कार्यकाल के दौरान श्री ट्रम्प ने अमेरिका को नाटो से वापस लेने की धमकी दी थी जिससे भागीदार देशों में इस बात को लेकर संदेह पैदा हुआ कि क्या वाशिंगटन पर भरोसा किया जा सकता है।

पनामा के राष्ट्रपति ने पहले श्री ट्रम्प की टिप्पणियों की निंदा की थी। उन्होंने कहा कि 1977 की संधि के आधार पर पनामा नहर पूरी तरह से प्रांत के स्वामित्व में है और देश की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने याद दिलाया कि 1977 की टोरिजोस-कार्टर संधि के आधार पर इस पर पूर्ण हस्तांतरण 31 दिसंबर 1999 को पूरा हुआ

था। इसमें विशेष रूप से इस क्षेत्र के विघटन, पनामा की संप्रभुता की मान्यता और नहर का पूर्ण हस्तांतरण शामिल था।

विश्व नेताओं ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर किया शोक व्यक्त

वाशिंगटन, एजेंसी

वाशिंगटन। विश्व के कई नेताओं ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वर्ष 1977 से 1981 तक सेवा देने वाले 39वें अमेरिकी राष्ट्रपति कार्टर का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और अब तक सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति रहे।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, ह्लअपने पूरे जीवन में जिमी कार्टर सबसे कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए एक दृढ़ वकील रहे हैं और उन्होंने शांति के लिए अथक संघर्ष किया है। फ्रांस उनके परिवार और अमेरिकी लोगों के प्रति अपने हार्दिक संवेदना भेजता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने कार्टर को लोकतंत्र और शांति का रक्षक बताया।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह सिसी ने मिस्र और इजरायल के बीच संघर्ष को सुलझाने में कार्टर की भूमिका का उल्लेख किया। 1979 में, मिस्र और इजराइल ने अमेरिकी तत्वावधान में एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए। इस प्रक्रिया को कैंप डेविड समझौते कहा गया। उनकी बदौलत मिस्र ने 1967 में इजराइल के कब्जे वाले सिनाई प्रायद्वीप को फिर से हासिल कर लिया।

श्री सिसी ने कहा मिस्र और इजरायल के बीच शांति समझौते को हासिल करने में उनकी उत्कृष्ट भूमिका इतिहास के इतिहास में बनी रहेगी और उनका मानवीय कार्य प्रेम, शांति और भाईचारे का सर्वोच्च उदाहरण है।

कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने श्री कार्टर को एक अटूट मानवतावादी कहा।

श्री ट्रूडो ने कहा, ह्यजिमी कार्टर की विरासत करुणा, दयालुता, सहानुभूति और कड़ी मेहनत में से एक है। उन्होंने अपने पूरे जीवन में घर और दुनिया भर में दूसरों की सेवा की - और उन्हें ऐसा करना पसंद था। वह हमेशा विचारशील और मुझे सलाह देने में उदार थे।

वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने अपने टेलीग्राम चैनल में श्री कार्टर को कहा, यह देखते हुए कि वैश्विक नेतृत्व के संकट के बीच उनकी स्मृति महत्वपूर्ण है ।वेनेजुएला के लिए कठिन समय में लोकतंत्र के प्रति उनकी दृष्टि और प्रतिबद्धता ने (देश को) अस्थिर करने के प्रयासों और सुदूर दक्षिणपंथी असहिष्णुता को रोकने में मदद की।

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज ने कहा कि क्यूबा के लोग (क्यूबा-अमेरिका) संबंधों को बेहतर बनाने के लिए (कार्टर के) प्रयासों और उनकी क्यूबा यात्रा को कृतज्ञतापूर्वक याद रखेंगे।

ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि कार्टर के राष्ट्रपति पद को ऐतिहासिक कैंप डेविड समझौते में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाएगा, उन्होंने पद छोड़ने के बाद उनकी सक्रियता का भी हवाला दिया।

श्री स्टार्मर ने कहा, राष्ट्रपति कार्टर ने देश और विदेश में सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के प्रति उल्लेखनीय प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्रपति पद को फिर से परिभाषित किया।

हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा कि श्री कार्टर ने हंगरी के राजाओं का ताज, सेंट स्टीफंस क्राउन, देश को लौटाकर हंगरीवासियों को आशा दी है।

राहुल-प्रियंका ने देवास मामले पर सरकार को घेरा

भोपाल/नई दिल्ली। मध्यप्रदेश के देवास जिले में कथित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में एक युवक की मौत को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

श्री गांधी ने इस संबंध में एक्स पोस्ट में कहा, ह्यएक तरफ मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनो घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं - सरकार की शह के बिना ये संभव नहीं है। देश के बहुजनों के साथ ऐसी बर्बरता किसी भी क ीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम उनके साथ हैं, उनके संवैधानिक अधिकारों के लिए और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान और कमजोर वर्गों पर अत्याचार ही भाजपा के शासन का मूलमंत्र है। देवास, मध्य प्रदेश में पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत का मामला अत्यंत गंभीर है। परिवार का आरोप है कि पुलिस क्रूरता की वजह से युवक की जान चली गई। इसके पहले महाराष्ट्र के परभणी से दलित परिवारों पर अत्याचार व पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मृत्यु की खबर आई थी। लगता है भाजपा राज में दलितों, आदिवासियों और वंचितों पर पुलिस को कमजोर वर्गों पर अत्याचार की खुली छूट मिली हुई है।

कांग्रेस नेताओं के इस बयान पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संवेदनशील घटना में जाति और धर्म ढूंढने वाले राहुल गांधी का यह गैर-जिम्मेदाराना बयान कोई नई बात नहीं है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है जो सख्त और संवेदनशील दोनों है। देवास घटना का संज्ञान आते ही सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है। घटनाक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के पालन में प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जाँच हेतु जेएमएफसी कन्नौद को जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया। कलेक्टर देवास द्वारा पीएम हेतु तीन डॉक्टर का पैनल गठित किया गया। घटना स्थल को सुरक्षित सीलबंद किया गया। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक आशीष राजपूत को एसपी देवास द्वारा निलंबित किया गया।

देवास जिले के सतवास थाने में कथित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में प्रताड़ना के चलते शनिवार को एक व्यक्ति की मृत्यु का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी युवक के परिजन से मुलाकात करने पहुंचे और धरने पर बैठे। मृत व्यक्ति की पहचान मालगांव निवासी मुकेश के रूप में हुयी है। परिजन और ग्रामीण शनिवार देर शाम थाने के पास धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताते हुए कहा कि उसकी प्रताड़ना के कारण ही मुकेश की मृत्यु हुयी है।

पाकिस्तान सीमा पर झड़प के दौरान अफगानिस्तान के आठ लोग मारे गये

इस्लामाबाद, एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हाल ही में हुई झड़पों में अफगान पक्ष में आठ लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गये।

डॉन की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान के पूर्वी पाकटिका प्रांत में गत मंगलवार को प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कथित शिविरों पर पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की ओर से बमबारी किए जाने के बाद से दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी जारी है। सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान की ओर से आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तान में घुसपैठ करने की विफल कोशिश के बाद शुरू हुई, ताजा झड़पों में फ्रंटियर कोर का एक सैनिक मारा गया, जबकि 11 अन्य घायल हो गये। आतंकवादियों ने शुक्रवार रात सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया।

पिछले सप्ताह, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान सरकार से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा और कहा कि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान पर हमले देश के लिए रेड लाइन हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद इस मुद्दे पर काबुल के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत और हमले ह्यएक साथ नहीं चल सकतेह्ल।

सूत्रों के अनुसार अफगान तालिबान सीमा के अपने हिस्से में स्थित टीटीपी आतंकवादियों को लगातार समर्थन दे रहा है। हमले मंगलवार को उस समय हुए, जब विशेष प्रतिनिधि मुहम्मद सादिक के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने एक साल के अंतराल के बाद राजनयिक वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए काबुल में अंतरिम आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी और विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी से मुलाकात की। रिपोर्टों के अनुसार, अफगानिस्तान सरकार ने हवाई हमलों को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया और दावा किया कि 46 लोग, इनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे थे, मारे गये। पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के माकेन में एक चौकी पर आतंकवादी हमले के बाद हमले किये, जिसमें 16 सैनिक मारे गये।

बांग्लादेश ने की शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग, भारत ने दिया ध्यान

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत से अनुरोध किया है, लेकिन भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अगस्त 2024 में भारी विरोध के बाद शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था और वह बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। बांग्लादेश ने 23 दिसंबर को भारत को नोट वर्बेल भेजकर प्रत्यर्पण की मांग की है जो दोनों देशों के बीच 2013 में हस्ताक्षरित और 2016 में संशोधित प्रत्यर्पण संधि के तहत की गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार महफूज आलम ने मीडिया से कहा कि भारत का रुख इस मामले में राजनीतिक प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि भारत उन्हें वापस भेजने के पक्ष में नहीं है। हालांकि हमें यथार्थवादी बने रहना होगा और जल्दबाजी में कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। बांग्लादेश की ओर से संकेत दिया गया है कि यदि भारत से जल्द जवाब नहीं मिलता है, तो इस मुद्दे पर एक औपचारिक रिमाइंडर भेजा जाएगा। वहीं, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने कहा कि संधि में कोई समय सीमा का उल्लेख नहीं है, इसलिए सरकार भारत के जवाब का इंतजार करेंगे। बता दें 2013 में हस्ताक्षरित और 2016 में संशोधित प्रत्यर्पण संधि के तहत दोनों देशों ने भगोड़े अपराधियों को सौंपने की प्रक्रिया को तेज करने का प्रावधान किया था। बांग्लादेश ने इस संधि का हवाला देते हुए दावा किया है कि शेख हसीना पर हत्या, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध समेत 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

मोजाम्बिक ने सामूहिक जेल ब्रेक की जांच के लिए आयोग बनाया

मापुटो। मोजाम्बिक सरकार ने राजधानी मापुटो में अपनी दो जेलों से कैदियों के एक साथ भागने की घटना की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने राज्य समाचार एजेंसी एआईएम के हवाले से बताया कि सेंट्रल जेल और मचावा की मैक्सिमम सिक्योरिटी जेल (जिसे बी.ओ. के नाम से जाना जाता है) से 1,534 कैदी भागे। इस दौरान राष्ट्रीय कारागार सेवा के कर्मचारियों के साथ झड़प हुई, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में उप न्याय मंत्री और संवैधानिक मामलों के मंत्री फिलिमाओ सुएज के हवाले से कहा गया है कि आयोग का उद्देश्य पलायन की स्थिति को समझना, संभावित आंतरिक या बाहरी गलतियों की पहचान करना और यह पता लगाना है कि क्या सुरक्षा जिम्मेदार लोगों की ओर से कोई लापरवाही हुई थी।

सुएज ने कहा कि जांच आयोग भगोड़ों की तलाश और उन्हें पकड़ने के लिए चल रही कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की भी जांच करेगा।

उप मंत्री के अनुसार, परिवारों के सहयोग और आस-पड़ोस में भागने की जानकारी मिलने के बाद अब तक लगभग 280 कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया है, जिनमें से 100 से ज्यादा कैदी शुक्रवार को वापस लाए गए।

सुएज ने कहा कि कई भगोड़े स्वेच्छा से लौट आए या उन्हें उनके रिश्तेदारों ने सौंप दिया, जिन्होंने भागने के बाद अनियमितताएं देखी और इसकी जानकारी दी।

उप मंत्री ने उन आरोपों को भी नकारा, जिसमें कहा गया था कि कैदियों की भागने की कोई पूर्व-निर्धारित योजनी थी, जैसा कि सोशल मीडिया पर कुछ जानकारी में बताया गया था। उन्होंने साफ किया कि भगोड़ों, जिनमें से कुछ को आतंकवादी माना जाता है, उनकी निगरानी की जा रही है और पुलिस उन्हें फिर से पकड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सुएज ने जनता से अपील की कि वह भागे हुए कैदियों को ढूंढने में अधिकारियों के साथ सहयोग जारी रखें और चेतावनी दी कि इस घटना ने मापुटो के कई हिस्सों में दहशत फैला दी है।

आयोग ने अपनी रिपोर्ट पूरी करने के लिए कोई समय सीमा नहीं तय की है, लेकिन उप मंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जांच में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

रूसी गैस अस्वीकार करने पर यूनान को अधिक भुगतान करना होगा: रूसी राजदूत

एथेंस, एजेंसी

एथेंस। यूनान में रूसी राजदूत एंड्री मास्लोव ने स्पुतनिक के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अगर यूनान राजनीतिक कारणों से रूसी गैस को अस्वीकार करता है तो उसे अधिक भुगतान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका ने यूरोप को 2027 तक रूसी ऊर्जा संसाधनों को छोड़ने का कार्य सौंपा है। इस उद्देश्य के लिए अलेक्जेंड्रोपोली में एक एलएनजी टर्मिनल बनाया गया था और तीन महीने पहले इसे परिचालन में लाया गया था। श्री मास्लोव ने कहा यूनान सरकार लगातार सार्वजनिक रूप से रूसी गैस को छोड़ने के कार्य पर जोर देती है। मैं यह अनुमान नहीं लगा सकता कि यह कितना संभव है। एथेंस ने रूसी आपूर्ति को अन्य देशों से अधिक महंगी एलएनजी के साथ बदलने की कोशिश की, लेकिन इसके परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतों में विस्फोटक वृद्धि हुई। ग्रीक नागरिकों को गैस और बिजली के लिए अत्यधिक बिलों का भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया। राजदूत ने यूनान गैस वितरण कंपनी डीईएसएफए के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2024 में ग्रीस के ऊर्जा संतुलन में रूसी गैस की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत है।

श्री मास्लोव ने कहा, ह्यजैसा कि आप देख सकते हैं, अलेक्जेंड्रोपोली शहर में टर्मिनल के चालू होने से समग्र स्थिति पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा। इसके लॉन्च के बाद से, यूनान पक्ष ने टर्मिनल का उपयोग नहीं किया है। केवल बुलगेरियन ऑपरेटर बुल्गारगाज ने इसके माध्यम से एलएनजी खरीदी है।

राजनयिक के अनुसा सैद्धांतिक रूप से यूनान द्वारा रूसी ऊर्जा संसाधनों को अस्वीकार करना संभव है

रूसी राजदूत ने कहा, जहां तक 2027 तक हमारे ऊर्जा संसाधनों का इस्तेमाल करने से इनकार का सवाल है, तो सैद्धांतिक रूप से सब कुछ संभव है लेकिन सवाल यह है कि यूनान पक्ष मात्र राजनीतिक कारणों से क्यों इतना अधिक भुगतान करने के लिए तैयार होगा। राजनीति तो राजनीति है लेकिन कुछ मामलों में, प्राथमिक समझ अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

जानकारी वह इस पद पर 1977 से 1981 तक रहे। हालांकि, कार्टर से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि जब वह राष्ट्रपति थे

बतौर राष्ट्रपति वाहवाही नहीं बटोर पाए जिमी, बाद में मिला नोबेल; विदेश नीति में प्रतिष्ठा भी बढ़ी

वाशिंगटन, एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति थे। वह इस पद पर 1977 से 1981 तक रहे। हालांकि, कार्टर से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि जब वह राष्ट्रपति थे, तब उनके कदमों को कभी ज्यादा नहीं सराहा गया। मगर बाद में उन्हें मानवीय कार्यों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिला। इतना ही नहीं, उन्हें इस्राइल और मिस्र के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय भी दिया गया। आइए जानते हैं सबकुछ

क्या मानना था कार्टर का?

दिसंबर 1978 में कार्टर ने इस बात पर विश्वास जाहिर किया था कि अमेरिकी रणनीतिक निर्णयों को विदेश नीति में मानवाधिकारों के पालन के आधार पर आकार देना चाहिए। उन्होंने कहा था, मानवाधिकार हमारी विदेश नीति की आत्मा है क्योंकि मानवाधिकार हमारी राष्ट्रीय पहचान की आत्मा है।

विदेश मामलों में रहे शानदार योगदान

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के विदेशी मामलों में कुछ उल्लेखनीय योगदान रहे। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि 1978 के कैंप डेविड समझौते के रूप में सामने आई। इस समझौते में कार्टर, इस्राइली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन और मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात ने हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत बेगिन ने 1967 के छह दिन युद्ध में इस्राइल द्वारा कब्जा किए गए सिनाई प्रायद्वीप को मिस्र को सौंपने का वादा किया था, जिसके बदले में मिस्र ने शांति और पूर्ण कूटनीतिक रिश्ते स्थापित किए।

25 साल बाद मिला सम्मान

यह समझौता कार्टर के इस विश्वास को दिखाता है कि अमेरिकी कूटनीति से शांति स्थापित की जा सकती है और राष्ट्रपति को संघर्ष समाधान के लिए साहसिक कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रपति कार्यकाल के बाद उनका विदेश नीति में योगदान और मानवाधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बढ़ी। आखिरकार 25 साल बाद उनकी मेहनत रंगव लाई। साल 2002 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जहां उनकी कोशिशों को सराहा गया। नोबेल समिति ने कहा, ह्यकार्टर को शांति वाताओं, मानवाधिकारों के प्रचार और सामाजिक कल्याण के लिए उनके प्रयासों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

क्यों की थी कार्टर सेंटर की स्थापना?

जनवरी 1981 में पद छोड़ने के बाद कार्टर ने पूर्व राष्ट्रपति के रूप में उन मुद्दों पर काम किया जो उनके लिए सबसे अहम थे। उन्होंने व्यक्तिगत कूटनीति के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्टर सेंटर की स्थापना की। 1982 में शुरू हुए इस केंद्र ने 39 देशों में 110 से अधिक चुनावों की निगरानी की है। उन्होंने उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों के साथ कूटनीतिक प्रयास किए और 1994 में उत्तर कोरिया के नेता किम इल-सुंग से मुलाकात की, जिससे अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु समझौता हुआ।

मानवाधिकारों और वैश्विक शांति के प्रति समर्पण

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने अपने कार्यकाल के बाद से वैश्विक शांति, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। वह ह्यद एल्डर्सह्ल नामक एक स्वतंत्र समूह के सदस्य रहे, जिसका उद्देश्य शांति प्रचार, सामाजिक न्याय, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक मानवाधिकारों को बढ़ावा देना था। इस समूह के साथ अपने सक्रिय सदस्यता के दौरान, कार्टर ने इस्राइल-फलस्तीनी संघर्ष पर विशेष ध्यान दिया और कई बार उस क्षेत्र का दौरा किया।

परमाणु हथियारों की बढ़ती तनावपूर्ण स्थिति...

1990 के दशक के शुरूआत में, कार्टर ने अमेरिकी राज्य विभाग और कुछ देशों जैसे उत्तर कोरिया और लीबिया के बीच मध्यस्थता की। 1994 में, उन्होंने उत्तर कोरियाई नेता किम इल सुंग के साथ परमाणु हथियारों की बढ़ती तनावपूर्ण स्थिति को हल करने के लिए अमेरिकी सरकार के कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन किया। कार्टर ने जून 1994 में किम से मुलाकात की, जो देश का दौरा करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए। इस यात्रा ने उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच एक अंतिम द्विपक्षीय समझौते की नींव रखी। इस समझौते में उत्तर कोरिया ने अपने प्लूटोनियम हथियार कार्यक्रम को रोकने का वादा किया, जबकि अमेरिका ने सहायता देने पर सहमति व्यक्त की। कार्टर की विदेश नीति की दृष्टि और उनके कार्य आज भी वैश्विक चर्चा का विषय बने हुए हैं, और उनका मानवीय दृष्टिकोण एक प्रेरणा बन गया है। उनका जीवन यह दशार्ता है कि कैसे एक राष्ट्राध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वह वैश्विक कूटनीति और मानवाधिकारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129